खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, रविवार 7 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 156 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अशोक सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी पेज 2



पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा खेल टाइम्स



भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन: जिनपिंग पेज 11



फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा बॉलीवुड

# ताजमहल तक पहुंचा यमुना का पानी, खतरे का निशान हुआ पार

आगरा, वार्ता

■ हथिनीकुंड बैराज से ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ा

**आगरा में** ताजमहल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया था। इससे बाइक-कार डूब गईं। भारी बारिश के बीच हथिनीकुंड बैराज से शुक्रवार को ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ दिया गया।

यही नहीं, गोकुल बैराज से शुक्रवार शाम सात बजे 1.22 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना में बाढ़ के हालात बन गए हैं। चेतावनी बिंदु के 3.3 फीट ऊपर (498.3 फीट) बह रही यमुना शनिवार को बाढ़ के स्तर 499 फीट के आंकड़े को पार कर सकती है। बाढ़ के हालात के बीच जिला प्रशासन ने सदर तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले ठार आश्रम के मेहरा नाहरगंज के 40 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। जलस्तर और बढ़ने पर



पांच हजार परिवार चपेट में आ सकते हैं। सिंचाई विभाग के अनुसार यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में झोपड़ी-खेत खलिहान डूब चुके हैं। शहर का नगला बूढ़ी, अमर विहार दयालबाग, मोतीमहल, कटरा वजीर खां, रामबाग बस्ती का क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ सकता है। वहीं, ग्राम तनौरा, नूरपुर, मेहरा नाहगंज, विसारना, कैलाश, स्वामी बाग, फतेहाबाद तहसील में ग्राम-भरापुर, बमरौली, इंदौन, मडायना, मेलीकला, गुडा, मेवली खुर्द, हिमायूपुर, बुर्ज, नगला छीतर सिंह, मेहरा नाहरगंज, महल बादशाही, नगला तल्फी, नगल पैमा, तहसील फतेहाबाद में शाहिदपुर, वीरपुरा, बेहड़, पारौली सिकरवार, बिचौला, गिदौन, तहसील एत्मादपुर में नगला धीमर, बढ़नुपरा, रहनकलां, नगला कटा प्रभावित हो सकते हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में नाले बैक मार रहे हैं। टैपिंग की वजह से भी नालों का पानी पीछे आ रहा है। ऐसे में बारिश के बाद अब उफनाई यमुना की दोहरी मार से शहर के लोगों की परेशानी बढ़ना तय माना जा रहा है।

# राशिद इंजीनियर पर तिहाड़ में हमला



■ पुलिस ने बताया किन्नरों से झड़प हुई, पार्टी ने कहा- हत्या की साजिश

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सांसद राशिद इंजीनियर पर दिल्ली की तिहाड़ जेल में हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन पर एक ट्रांसजेंडर ने हमला तब किया जब वे अपनी बैरक में थे।

जेल अधिकारियों ने बताया कि राशिद को मामूली चोटें आईं। वे सुरक्षित हैं। उधर, राशिद की पार्टी अवामी इत्तेहाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये राशिद को जेल के अंदर मारने की साजिश है। एक पैटर्न के तहत जेल के अंदर कश्मीरी कैदियों पर हमला हो रहा है। इससे पहले भी कई कश्मीरियों पर जेल के अंदर हमला हुआ।

### मोदी ब्रिक्स के वर्चुअल समिट में शामिल नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की ओर से बुलाए गए 8 सितम्बर को ब्रिक्स नेताओं के वर्चुअल समिट में भारत का प्रतिनिधित्व पीएम मोदी की जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से इसमें विदेश मंत्री भाग लेंगे। यह सम्मेलन अमेरिका के लगाए गए टैरिफ से निपटने के तरीकों और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा करेगा। ब्राजील इसे अमेरिका विरोधी शिखर सम्मेलन के रूप में पेश नहीं कर रहा है। हालांकि, एक्सपर्ट्स के मुताबिक मोदी का न शामिल होना यह दिखाता है कि भारत 2026 ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता से पहले सावधानी बरत रहा है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितम्बर को पीएम आवास पर होने वाला एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर बीजेपी सांसदों का डिनर कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। यह फैसला पंजाब सहित अन्य राज्यों में आई बाढ़ के चलते लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे और रिव्यू मीटिंग लेंगे। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात में बाढ़ के चलते काफी नुकसान हुआ है।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पश्चिमी रेंज-1की टीम द्वारा चलाए गए अभियान में एक अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल छह तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 5.737 किलो गांजा (जिसमें उच्च गुणवत्ता वाला अंतर्राष्ट्रीय ओजी गांजा शामिल है), तीन कारें और दो पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। यह नेटवर्क थाईलैंड से दिल्ली-एनसीआर तक सक्रिय था।

### एक करोड़ का सोने-रत्नों से सजा कलश चोरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक लालकिले के पीछे चल रहे एक कार्यक्रम में रखा गया करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का सोने और कीमती रत्नों से सजा कलश चोरी हो गया। यह कलश एक जैन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गायब हुआ, जिससे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### हैदराबाद बालापुर गणेश लड्डू 35 लाख रुपये में नीलाम

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में मशहूर 'बालापुर गणेश लड्डू' की नीलामी पिछले 31 सालों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 35 लाख रुपये में हुई है।

# मोदी मैजिक: 12 घंटे में ट्रम्प पलटे 'महान दोस्त' कहकर चौंकाया

## बोले- भारत के साथ रिश्ते अहम, रूस से तेल खरीदने पर नाराजगी भी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों में चल रही तनातनी के बीच पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ संबंधों को विशेष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अच्छा दोस्त बताए जाने वाले बयान और उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सकारात्मक जवाब के बाद इस मुद्दे के समाधान की उम्मीद बढ़ गई है।

श्री ट्रम्प ने शुक्रवार को अपने पहले दिए गए बयान से बारह घंटे में ही पलटते हुए व्हाइट हाउस में भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए कहा था कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वह महान प्रधानमंत्री हैं। दोनों देशों के संबंधों के बारे में श्री ट्रम्प ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छी बनती हैं। अमेरिकी



■ मोदी की बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया
■ कहा: वह ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं

राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा कि लेकिन उन्हें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं। श्री मोदी ने शनिवार को इसके जवाब पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि वह श्री ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

## मोदी ने की फ्रांस के राष्ट्रपति से बात

■ द्विपक्षीय सहयोग से यूक्रेन जंग तक कई मुद्दों पर मंथन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की है। दोनों नेताओं ने वार्ता में भरोसेमंद और बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने पर जोर दिया।

दोनों नेताओं ने रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, शिक्षा, अंतरिक्ष और क्षेत्रीय- वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके बीच विशेष तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। दोनों ने युद्ध खत्म कर शांति स्थापित करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा और सकारात्मक मूल्यांकन किया। यूक्रेन में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के प्रयासों सहित अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# उत्तराखंड में फिर फटा बादल

## उत्तरकाशी में उफान पर नाला, घरों व दुकानों में घुसा पानी

शाह टाइम्स ब्यूरो



लोगों ने खाली किए घर

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद के नौगांव बाजार के स्योरी फल पटी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है।

एक आवासीय भवन गदेरे के मलबे में दब गया। आधा दर्जन से भी अधिक भवनों में पानी भर गया है। देवलसारी गदेरे में एक मिक्चर मशीन और कुछ दुपहिया वाहनों के बहने की भी सूचना है। एक कार भी मलबे में दब गई है। खतरे को देखते हुए कई लोगों ने अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। इससे पहले खबर आ रही थी कि नौगांव के बीच बहने वाला नाला अतिवृष्टि के कारण उफान पर आया है। जिसके कारण कई दुकानों और घरों में पानी घुस गया। वहीं सड़क पर खड़े कई दोपहिया वाहन बह गए। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली के कई इलाकों में भरा पानी

■ यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही, मथुरा में कालोनियां डूबीं
■ पांच दिन से बंद चारधाम यात्रा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितम्बर के बीच यात्रा रोक दी थी। शनिवार से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है। पंजाब के 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की -शेष पृष्ठ दो पर

## गुजरात के पावागढ़ शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, छह की मौत

■ मरने वालों में लिफ्ट ऑपरेटर व मजदूर शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन में गिर गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। वहीं, मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल कर एक पोस्ट कर जानकारी साझा की।

## इंडिगो की अबू धाबी फ्लाइट में आई खराबी, वापस लौटी

**कोच्चि/नई दिल्ली।** इंडिगो का कोच्चि से अबू धाबी जा रहा विमान तकनीकी खराबी के कारण वापस कोच्चि लौट आया।

इंडिगो ने एक बयान में बताया कि उड़ान संख्या 6ई 1403 ने छह सितम्बर को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अबू धाबी के लिए उड़ान भरी थी। रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए विमान को वापस कोच्चि की तरफ मोड़ दिया। कोच्चि हवाई अड्डे पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान को जरूरी जांच के लिए उड़ान भरने से रोक दिया गया है। यात्रियों को दूसरे विमान से अबू धाबी भेजा गया। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताया है और सुरक्षा के प्रति एयरलाइंस की प्रतिबद्धता दर्शाई है।


## मिरगी

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।


# उपलब्धि: केरल ने शिशु मृत्यु दर में अमेरिका को पछाड़ा

तिरुवनंतपुरम, वार्ता

■ अमेरिका के 5-6 के मुकाबले 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई

**केरल ने शिशु** मृत्यु दर (आईएमआर) को अमेरिका से भी नीचे लाकर इतिहास रच दिया है और बाल स्वास्थ्य के मामले में विकसित देशों के मानकों को हासिल किया है।

नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार आईएमआर 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई, जबकि भारत का राष्ट्रीय औसत 25 है। वहीं, अमेरिका में वर्तमान आईएमआर प्रति 1000 शिशुओं पर मृत्यु 5-6 है। इसके साथ ही केरल भारत का पहला राज्य बन गया है, जिसने किसी विकसित देश की तुलना में कम आईएमआर दर्ज किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इस उपलब्धि का श्रेय डाक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सहायक कर्मचारियों के अथक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि केरल की नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) भी प्रति हजार पर चार से नीचे आ गई है, जबकि इसका राष्ट्रीय औसत 18 है। उन्होंने कहा कि 2021 में, केरल की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) छह थी, जो अब मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित पहलों के माध्यम से घटकर पांच हो गई है। यह केरल की मज़बूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक और मील का पत्थर है। विज्ञप्ति के अनुसार राज्य ने प्रसव अस्पतालों में सुविधाओं को उन्नत करके मातृ एवं शिशु देखभाल को प्राथमिकता दी है। सोलह अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन प्राप्त हुआ है और छह अन्य ने मुस्कान मान्यता प्राप्त की है।



## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को आश्वा. सन दिया है कि संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है और राहत एवं पुनर्वास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी, मंत्री सकीना इत्तु, मंत्री जावेद राणा, मुख्यमंत्री सलाहकार नासिर सोगामी और जिले के विधायक भी मौजूद रहे। सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार शनिवार को झेलम और राज्य की अन्य नदियां खतरें के निशान से नीचे बह रही हैं। अनंतनाग में संगम के पास सुबह 11 बजे झेलम खतरे के निशान से काफी नीचे 11.50 फीट के स्तर पर बह रही है, जबकि श्रीनगर में राम मुंशी बाग में 16.20 फीट के स्तर पर बह रही है, जो खतरे के निशान से नीचे है। वहीं अशाम में झेलम का स्तर 12.55 के स्तर पर था।

### जीएसटी स्कीम के कारण बेहतरीन होगी दिल्ली की दीवाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्कीम और दिल्ली सरकार की सहायता के कारण इस साल दिल्ली में दिवाली बेहतरीन होगी। गुप्ता ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि रामलीला दिल्ली की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है इसलिए इसे और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# राहत शिविरों में नाश्ते जैसी जरूरी चीजों के लिए तरस रहे लोग: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 12:30 बजे तक नाश्ता तक नहीं मिल रहा

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि कि घरों में यमुना का पानी भरने बाद राहत शिविरों में रहने को मजबूर लोग नाश्ता-पानी जैसी बेहद जरूरी चीजों के लिए तरस रहे हैं।

आप विधायक संजीव झा ने बुराड़ी के प्रधान एन्क्लेव बाढ़ राहत शिविर का शनिवार को दौरा किया, तो वहां लोगों ने बताया कि उन्हें दोपहर बाद 12:30 बजे तक नाश्ता तक नहीं मिला है। झा ने कहा कि उन्होंने एसडीएम से बात की तो उन्होंने बताया कि खाना तो पहुंच गया है, उनके पास फोटो भी आ गयी है। अगर खाना पहुंच गया है और लोगों को नहीं मिला तो खाना कहां गया? इसकी जांच होनी चाहिए। झा ने कहा कि इन राहत शिविरों में मौजूद ज्यादातर छोटे किसान हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार जब थी, तो हर साल बाढ़ में राहत शिविर खत्म होने से पहले ही फसलों के नुकसान का मुआवजा किसानों को दे दिया जाता था, लेकिन इस बार तो अब तक पंजीकरण तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार से अपील है कि बंद कमरों में बैठकर मीटिंग करने से कुछ नहीं होगा। मंत्री और अधिकारी खुद इन राहत कैम्पों का दौरा करें पीड़ितों की समस्याएं सुनें और तुरंत फसलों के नुकसान का मुआवजा देने का ऐलान करें। आप नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार के इस राहत शि. विर में वे लोग हैं, जो खेती करते थे, या यमुना के उस पार रहते थे। उनके लिए हर बार राहत शिविर लगाया जाता है। लगातार लोगों से शिकायतें आ रही थीं कि खाने का उचित इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने आकर पूछा तो लोगों ने बताया कि दोपहर बाद 12:15 बज गए, लेकिन अभी तक नाश्ता भी नहीं मिला। भाजपा सरकार बघी-बघी बातें करती है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि पिछले साल इंतजाम बहुत अच्छे थे, इस बार बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि केवल बंद कमरों में बड़ी-बड़ी बातें करने से कुछ नहीं होगा।

### आकाश के ससुर की क्षमा याचना पर पसीजी बसपा प्रमुख

# सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पूर्व सांसद अशोक ने मायावती से माफी मांगी, मायावती की नसीहत: आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आई है। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने मायावती से माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखते हुए क्षमा याचना की है।

फर्रुखाबाद निवासी बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी। इसमें सबसे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को चरण स्पर्श लिखा। इसके बाद लिखा कि पार्टी का कार्य करने के दौरान 'जाने-अनजाने' तथा गलत लोगों के बहकावे में आकर मुझसे जो भी गलतियां हुई हैं। उसके लिए बसपा सुप्रीमो से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। आगे उन्होंने हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि मायावती उन्हें माफ कर दें। फिर कभी ऐसी गलती नहीं करने की बात भी लिखी। साथ ही हमेशा पार्टी अनुशासन में रहकर कार्य करने की बात कही। सबसे प्रमुख बात यह कि उन्होंने लिखा कि रिश्तेदारी का कभी कोई नाजायज फायदा नहीं उठाऊंगा। पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा कि बीएसपी के महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप ताजने व फिरोजाबाद निवासी हेमंत प्रताप या फिर यूपी के जिन भी गलत लोगों को पार्टी से निकाला गया है, उनको वापस लेने के लिए कभी सिफारिश नहीं करूंगा। आखिर में उन्होंने मायावती से खुद को दोबारा पार्टी में लेने का आग्रह किया। सोशल मीडिया एक्स पर माफीनामा पोस्ट करने के कुछ देर बाद बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया। साथ ही उनके पार्टी में वापसी का ऐलान किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए मायावती ने लिखा कि कई वर्षों तक पार्टी में कार्यरत रहे और पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कुछ महीने पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अब उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिये सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती की माफी मांगी है। आगे से वफादर रहकर काम करने पर बल दिया है। इसको ध्यान में रखते हुए उनके निष्कासन का फैसला तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। उन्हें पार्टी में वापस ले लिया गया है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि उम्मीद है कि आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करेंगे।

### 75-80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी बसें

# ग्रामीण रोडवेज बसों का किराया 20 फीसद घटेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी, प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित परिवहन विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे। इस मंच से उन्होंने प्रदेश को ग्रामीण जनता सेवा का तोहफा दिया। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी।

प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी। ये बसें 75.80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी। इसका किराया 20 प्रतिशत तक कम होगा। सीएम आरटीओ कार्यालय से जुड़े 48 कामों के आवेदन के लिए डेढ़ लाख जन सुविधा केंद्रों सहित कई श्रेणियों में बसों की भी सौगात दी। इस मौके पर सीएम ने परिवहन मंत्री की चुटकी लेते हुए कहा कि आज मंत्री जी जल्दी आ गए, हम तो सोचे थे कि 12 बजे तक आएंगे। लेकिन आज पहले आ गए। यह प्रमाण है कि परिवहन बदल रहा है। परिवहन विभाग चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार है। फाइल लटकाने की आदत

#### मुख्यमंत्री योगी ने किया परिवहन सेवा केंद्रों का शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को परिवहन विभाग के सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया। इस दौरान आईआईटी खड़गपुर और परिवहन विभाग के बीच समझौता भी हुआ। योगी ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को लेकर कहा कि ये जनता के हित में है और लोगों को इसके प्रति जागरुक होना चाहिए।

जन सेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाओं के शुभारंभ एवं बस स्टेशनों एवं कार्यशालाओं के डिजिटल लोकार्पण और शिलान्यास और प्रमाण व नियुक्ति-पत्र वितरण हेतु लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए कहा लखनऊ विकास प्राधिकरण को यहां होने वाले कार्यकर्मों से काफी राजस्व मिला है। उत्तर प्रदेश के लिए सामाजिक कार्यक्रमों यह प्रतिष्ठान रीढ़ की तरह है। योगी ने कहा कि परिवहन विभाग का यह पहला कार्यक्रम है, जो जुपिटर हाल के नवीनीकरण के बाद हुआ है।

खत्म करनी होगी। समय की प्रतिबद्धता तय करनी होगी।। कुंभ और कोरोना के दौरान परिवहन विभाग ने करके दिखाया है। उस वक्त यूपी वासियों को उनके गांव तक पहुंचाया। उत्तराखंड के प्रवासी को भी पहुंचाया। चालक-परिचालकों ने सफलता पूर्वक पहुंचाया। महाकुंभ में भी परिवहन विभाग ने 45 दिन में तमाम लोगों की सेवा की। उन्हें पुण्य कमाने में मदद की।

रेलवे स्टेशन से लोगों को बाहर पहुंचने में मदद की। परिवहन विभाग हमेशा प्रदेश के अंदर समय का साथी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। आज कई नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। कामन सर्विस सेंटर पर लोग परिवहन की सेवा ले सकेंगे। आईआईटी, खड़गपुर के साथ एमओयू होना तकनीकी रूप से समृद्ध करेगा। 149 यात्री के लिए अहम है। यह मददगार साबित होगा।

# जीएसटी दरों में छूट का लाभ आम लोगों को मिले: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करके आम लोगों को फायदा पहुंचाने का प्रयास हुआ है, लेकिन अब यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस पहल से खास लोग ही नहीं बल्कि जन सामान्य लाभान्वित हों।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सरकार को इस बात पर भी नजर रखनी है कि क्या जीएसटी दरों में कटौती से सामान्य उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में कमी आ रही है। इस पर नजर रखने के लिए उसे फिर से राष्ट्रीय मुनाफाखोरी निरोधक प्राधिकरण-एनएए को सक्रिय करना पड़ेगा। इस प्राधिकरण को एक अधिसूचना के माध्यम से सरकार ने ही लगभग निष्क्रिय कर दिया था और अब उम्मीद की जानी चाहिए कि जीएसटी की नयी दरें लागू होने के बाद एनएए को फिर से सक्रिय कर दिया जाएगा। रमेश ने कहा कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधि. नियम, 2017 की धारा 171 के तहत एनएए की स्थापना इस बात पर नज़र रखने के लिए की गई थी कि क्या जीएसटी दरों में कटौती से कीमतों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि दिक्कत यह है कि एनएए को निष्क्रिय कर दिया गया है।



सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधारों पर सीतारमण ने राज्यों का जताया आभार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कहा: जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए।

3 सितम्बर को जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी सुधार के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। इस पैनल की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रति. निधि शामिल थे। पैनल को केंद्र द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 3 सितम्बर से दो दिनों के लिए बैठक करनी थी, लेकिन एक दिन की मैराथन बैठक के बाद पहले ही दिन इसे मंजूरी दे दी गई। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितम्बर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि कल मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है। सीता. रमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। इसके खिलफ खड़े होने का कोई मतलब नहीं है, आखिरकार सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहु. चने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे अपील भी की थी कि भारत के लोगों के हित में, कृपया ऐसा करें। यह सिर्फ राज्य नहीं हैं। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 694.23 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में कुल भंडार 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया था।। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.686 अरब डॉलर बढ़कर 583.937 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.766 अरब डॉलर बढ़कर 86.769 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्राइंग राइट्स द्धएसडीआरत्र 40 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.775 अरब डॉलर हो गए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्धआईएमएफत्र में भारत की आरक्षित स्थिति भी 18 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.749 अरब डॉलर हो गई।

# चावल मजबूत, गेहूं-चीनी नरम, दाल खाद्य तेलों में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों, दालों और चीनी के दाम भी टूट गए।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 26 रुपये बढ़कर 3,776.83 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं पांच रुपये सस्ता हुआ और 2,848.96 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 14 रुपये टूटकर 3,312.11 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। तेलों में आज मंदी का रुख रहा। सरसों तेल औसतन 65 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 328 रुपये और सोया तेल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गयी। सूरजमुखी तेल 41 रुपये और वनस्पति 163 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल भी 89 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में भी नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 110 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। चना दाल 37 रुपये और मसूर दाल 60 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। मूंग दाल की कीमत में 45 रुपये और उड़द दाल में 41 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में भी मंदी रही।

गुड़ की औसत कीमत 52 रुपये प्रति क्विंटल और चीनी की 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.92 रुपये, मसूर काली 8092.38 रुपये, मूंग दाल 10051.69 रुपये, उड़द दाल 10404.63 रुपये, अरहर दाल 10560.87 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपये और चावल 3776.83 रुपये प्रति क्विंटल।

## नए बाजार तलाशेंगे आईआईटी और आईआईएम

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने राज्य के निर्यात क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। निर्यात नीति 2025-30 के तहत पहली बार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में मार्केट रिसर्च चेयर स्थापित की जाएगी। इसके लिए विशेष रूप से पांच करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

इन रिसर्च चेयर का मकसद राज्य के निर्यातकों को एक्शन योग्य मार्केट इंटेलिजेंस उपलब्ध कराना है, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बन सकें। साथ ही निर्यातकों की मदद के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन किया गया है। इसके लिए 10 करोड़ का बजट रखा गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड...** से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है जो दो अगस्त को ही अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। आईआईटी रुड़की के अक्षत वशिष्ठ, शिवानी जोशी और श्रीकृष्ण सिवा सुब्रमण्यम ने यह शोध किया है। उन्होंने बताया है कि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज से बेहद संवे. दनशील है। यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि भूकंप से प्रेरित भूस्खलन भविष्य में उत्तराखंड के लिए और भी बड़े खतरे का कारण बन सकते हैं। अध्ययन में पहली बार उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों में भूकंप से होने वाले भूस्खलनों के जोखिम की जिला-स्तरीय जोनिंग की गई है। इसमें अलग-अलग भूकंपीय तीव्रता परिदृश्यों और भूकंप की वापसी अवधि के आधार पर जोखिम का विश्लेषण किया गया। रुद्रप्रयाग जिला सभी परिदृश्यों में सबसे ज्यादा संवेदनशील पाया गया है। इसके बाद पिथौरागढ़, चमोली और उत्तरकाशी जिलों में भारी भूस्खलन की आशंका जताई गई है।

**दिल्ली के...** जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के कारण जम्मू- श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बड़गाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुजरात में सूरत और वडोदरा जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नर्मदा और किम नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# दिल्ली में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से लेकर गांधी जयंती तक आयोजित किया जाएगा सेवा पखवाड़ा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत दिल्ली में आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के आयोजन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के नेतृत्व में और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा सहित सांसद, दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, जिला अध्यक्ष व पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष तक के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही हमारी सामूहिक संकल्पना है। दिल्ली में भाजपा की सरकार ने भी इस सेवा पखवाड़े में जनसेवा से जुड़े कार्यों का शुभारंभ करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।सचदेवा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान स्वास्थ्य, शिविर, खेल कूद प्रतियोगिता और चित्रकला जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी।कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के आव्हान पर और दिल्ली सरकार के सहयोग से सेवा ही संगठन के भाव से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान हेतु सेवा कार्य दिल्ली के हर वर्ग तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मित्तल ने बताया ने कहा कि अन्य कार्यक्रमों के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन के साथ ही सांसद खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। दिल्ली में 27 सालों बाद बनी भाजपा सरकार भी दिल्लीवालों को अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जुलूस-ए मुहम्मदी निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के घौण्डा विधानसभा क्षेत्र के जगजीत नगर में आज बारह रबी उल अव्वल को हुजूर पाक मुहम्मद साहब की याद में जगजीत नगर के मुस्लिम समुदाय ने नदीम अंसारी के नेतृत्व में जुलूस-ए मुहम्मदी निकाला गया जिसमें जगजीत नगर के सभी समुदाय के लोगों ने साथ दिया। नदीम अंसारी ने कहा कि उनकी कालोनी जगजीत नगर में किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं है यहां सभी वर्ग के लोग सभी त्योंहारों को मिलकर मनाते हैं। ईंद, दिवाली,होली,ईंद उल अजहा क्रिसमस आदि यानी कि त्योहार कोई सा भी हो यहां के भाई चारे में कोई कमी नहीं है।इस मौके पर मास्टर अजगर अली अंसारी , गब्बर , नसीम बिल्डर , आसिफ कैबल वाले ,हाजी गुलफाम ,शौकन , रशीद,आसिफ , हाजी नाजिम, आतिक,नदीम अंसारी ,हाजी नईम ,हाजी इरशाद आदि ने भाग लिया।



# विश्व एकता और विश्वास के लिए नई शिक्षा पर शिक्षकों का राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रह्मा कुमारी संस्था के शिक्षा प्रभाग द्वारा "विश्व एकता और विश्वास हेतु नयी शिक्षा" विषय पर स्थानीय डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित शिक्षकों का एक राष्ट्रीय महासम्मेलन आज यहां सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली एनसीआर तथा देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे लगभग 500 शिक्षाविदों ने भाग और लाभ लिया।




दो सत्रों में संचालित कॉन्फ्रेंस को देश के कुछ ऊंच स्तरीय शिक्षाविद, नीति-निर्माता, स्वास्थ विशेषज्ञ एवं आध्यात्मिक नेताओं ने संबोधित किया और आधुनिक शिक्षा प्रणाली में विज्ञान व तकनीक पाठ्यक्रम के साथ मानवीय मूल्यों, नैतिक ज्ञान तथा आध्यात्मिक प्रज्ञा के समावेश हेतु जोर दिया।

इस महा सम्मेलन के मुख्य अतिथि, दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि

ब्रह्माकुमारीज विश्व की सबसे बड़ी संस्था है जो नारी शक्ति का परिचायक है। यहां की आध्यात्मिक शिक्षा श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण करता है। उन्होंने 'राजयोग विचार प्रयोगशाला प्रदर्शिनी' का अवलोकन किया और इसे अद्‌भुत कहा। इस सम्मेलन का मुख्य आकर्षण प्रेरक वक्ता ब्रह्मा कुमारी शिवानी रही। उन्होंने सहज राजयोग शिक्षा को मानव जीवन, चरित्र एवं समाज उत्थान का आधार बताते हुए कहा : "सृष्टि का आरंभ संकल्पों से होता है,और मानव संसार उसके संस्कारों से निर्मित होता है।




नई दिल्ली के मयूर विहार में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासी एक फ्लाईओवर के नीचे शरण लेते हुए

## एक नजर

### दिल्ली राज्य शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य शिक्षक सम्मान समारोह, जो निदेशालय शिक्षा, दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया, बड़े गौरव और सम्मान के साथ त्यागराज स्टेडियम में संपन्न हुआ। सम्मानित पुरस्कृतों में से, सुश्री अनु गुप्ता को मेंटर टीचर्स की विशेष श्रेणी में श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया।

### यमुना का जलस्तर 206.47 कुछ इलाकों में पानी घटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अभी भी बाढ़ का खतरा बना हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को पुराने रेलवे ब्रिज पर यमुना नदी का जलस्तर 206.47 मीटर पर आ गया। यमुना नदी का जलस्तर कम हो रहा है, लेकिन खतरे के निशान से ऊपर है। जिससे राजधानी में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। शनिवार को यमुना नदी का जलस्तर 206.47 मीटर पर आ गया। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर मयूर विहार, यमुना बाजार, कश्मीरी गेट, और निगमबोध घाट जैसे क्षेत्रों में दिख रहा है।

### बादल छाए, बारिश ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में अभी मानसून सक्रिय है। पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है। जिसकी वजह से मौसम में बदलाव हुआ है। शनिवार को बारिश से मौसम पूरी तरह से बदल गया। मौसम विभाग ने पहले ही पूर्वानुमान जताया है कि अभी दिल्ली पर मौसम मेहरबान रहेगा।

राजधानी में अभी मानसून मेहरबान रहेगा। शुक्रवार को भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। दोपहर बाद तेज हवा ने मौसम को सुहावना बना दिया। इससे तापमान में गिरावट आई। अगले तीन दिन तक हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, तीन दिनों तक दिल्ली में सक्रिय मानसून की स्थिति बनी रहेगी।

सितंबर के शुरुआती पांच दिनों में अब तक 85.01 मिमी बारिश हो चुकी है। बारिश के कारण तापमान में भी बढ़ोतरी नहीं हो रही है। अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 कम 33.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री कम 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दिल्ली की सीमाओं पर ओपन टोल सिस्टम की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीमाओं पर 100 से अधिक टोल नाकों के कारण वाहनों की रफ्तार थम रही है, जिससे जाम और

प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ओपन टोल सिस्टम लागू करने की योजना बना रही है ताकि जाम से निजात मिल सके।

### इंजीनियर रशीद को मिली उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान की अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नौ सितंबर को होने जा रहे उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने की पटियाला हाउस की सत्र अदालत ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सांसद इंजीनियर रशीद को अनुमति दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत ने रशीद की मतदान की अनुमति मांगने वाली याचिका स्वीकार कर ली। इससे पहले अदालत ने रशीद को संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए 24 जुलाई से चार अगस्त के बीच हिरासत में पैरोल दी थी।

# सीआईएसएफ के खेल भर्ती में 332 एथलीट शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ ने 332 एथलीटों को शामिल किया है। यह सीआईएसएफ के इतिहास में सबसे बड़ी खेल भर्ती है। जिसमें 23 राज्यों और 6 केंद्रों के खिलाडियों में 179 महिलाएं शामिल हैं, 21 महिला खिलाडियों समेत 34 नए रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी भर्ती भर्ती पूरी कर ली है। प्रोजेक्ट बल के आदर्श दृष्टिकोण को नई खेल प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए देश के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है।

# शास्त्रीय धरोहर को समर्पित परंपरा 2025 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** परिचय फाउंडेशन ने कॉन्स्टीटूशन क्लब ऑफ इंडिया में अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम "परंपरा" का 11वाँ संस्करण आयोजित किया। यह आयोजन गुरु-शिष्य परंपरा को सम्मान देने के साथ-साथ ओडिया अस्मिता को राष्ट्रीय स्तर पर गर्व से प्रस्तुत करने का अवसर बना। कार्यक्रम का शुभारंभ कला प्रदर्शनी एवं पॉप-अप वीव्स एवं हैंडलूम प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुआ, जिसमें ओडिशा की पारंपरिक कला एवं वस्त्र-परंपरा को रीम्ली स्टूडियो द्वारा कुशलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया।




कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनेक प्रख्यात व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. महेश शर्मा (लोकसभा एवं पूर्व केंद्रीय संस्कृति मंत्री), श्री प्रदीप पाणिग्राही (लोकसभा, ब्रह्मपुर), श्री हीरा नंद (निदेशक वित्त, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड), पद्मश्री गुरु गीता चंद्रन (भरतनाट्यम नृत्यांगना), श्री कृपाशंकर दीक्षित (राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया नेशनल प्रेस ऑर्गनाइजेशन एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा), पंडित मुरलीधर पाठक (राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य), गुरु शैरन लोवेन (ओडिसी नृत्यांगना), पद्मश्री गुरु अरुणा मोहंती (ओडिसी नृत्यांगना), पं. अभय रुस्तम सोपोरी ( संतूर वादक), श्री राजीव गोयल, श्री प्रियदर्शी मिश्रा (भाजपा नेता एवं 'प्रयास' के संस्थापक), सुश्री अभिलाषा मिश्रा (कार्यकारी सदस्य, परिचय फाउंडेशन) एवं डॉ. रोसलिन पटसानी मिश्रा (संस्थापक-अध्यक्ष, परिचय फाउंडेशन शामिल थे।

# थाईलैंड का ओजी गांजा की दिल्ली में सप्लाई, दुबई में होता था पैसा जमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** थाईलैंड से ओजी गांजा मंगवाकर करवाकर दिल्ली में सप्लाई करने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय सिंडिकेट के आधा दर्जन सप्लायरों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 5.737 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। दुबई में रकम कई बैंक खातों में भेजी जाती थी। पुलिस आरोपियों के बाकी नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेड कांस्टेबल दिनेश की जानकारी पर एसीपी सतेन्द्र मोहन की देखरेख में इंस्पेक्टर अखिलेश बाजपेयी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गोल्डन मेंशन होटल, केशोपुर मंडी के पास से प्रताप सिंह और मेहराज खान को गिरफ्तार करके दो कारों से 3.708 किलोग्राम ओजी गांजा बरामद किया। पता चला कि अनिल कुमार सिंह थाईलैंड से प्रतिबंधित पदार्थ मंगवा रहा था, उसे हैदराबाद में उसे पकड़ा। आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) स्थित उसके पैतृक गांव में एक कार से 2.029 किलोग्राम गांजा (ओजी) बरामद किया। जबकि हरप्रीत सिंह, राजवंत सिंह और सुरजीत सिंह को चंदर विहार से गिरफ्तार किया, जिन्होंने ईशान के निर्देशों और प्रताप सिंह की मिलीभगत से थाईलैंड से प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी में अपनी सक्रिय भूमिका का खुलासा किया।

# अधर में लटकी बाईपास रोड परियोजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाईपास लिंक रोड का काम पिछले 15 सालों से अटका पड़ा है। प्रेस एन्क्लेव से स्वामी नगर तक होने वाले इस काम के अटकने का खामियाजा खिड़की गांव और खिड़की एक्सटेंशन में रहने वाले निवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी हर दिन जाम और प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे हैं। न तो वे इलाके की मुख्य सड़क से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर अपने वाहन पार्क कर सकते हैं और न ही उनके बच्चे घर के बाहर खेल पा रहे हैं। जबकि पीड़ित निवासियों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर संबंधित अधिकारियों तक कई बार बाईपास निर्माण की मांग की है, लेकिन आज तक उनकी समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। बीआरटी के निर्माण के बाद वर्ष 2009 में जन कल्याण मोर्चा के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने प्रेस एन्क्लेव से स्वामी नगर तक चिराग दिल्ली नाले के साथ बाईपास रोड के निर्माण की मांग की थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने इस परियोजना पर सहमति जताते हुए इसे मंजूरी दे दी थी।

वर्ष 2010 में दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड (डीआईएमटीएसएल) ने बाईपास रोड का निर्माण शुरू किया था। बाईपास रोड के लिए कई पिलरों की नींव तैयार की गई थी, लेकिन बाद में सड़क के बीच में आने वाली डीडीए की जमीन पर निर्माण के लिए एनओसी न मिलने के कारण काम रुक गया था।

हालांकि, वर्ष 2015 में नई दिल्ली से भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी के प्रयासों से डीडीए से एनओसी भी मिल गई थी।

# लग्जरी कारों को चोरी करने वाले एक्सपर्टों की भारत में दुबई से भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में कौशल और अनुभवी वाहन चोरी की आवश्यकता है। सुनने में अजीब लगेगा,मगर ऐसा हो रहा है। इस नौकरी में अत्याधुनिक कारों को चोरी करने वाले शामिल भी हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि इस कंपनी का मालिक आमिर पाशा दुबई में बैठा है। जिसके निर्देश पर चोरी की लग्जरी कारों को ठिकाने लगाया जा रहा है। अपराध शाखा ने चांद बाग इलाके से इस कंपनी के सदस्य रिजवान को गिरफ्तार किया है। जो अपने सौतेले पिता व रिश्तेदार के साथ वारदातों को अंजाम दिया करता है। उसका सौतेला पिता अभी जेल में बंद हैं। रिजवान के कब्जे से दिल्ली से चुराए गए दो महंगे वाहन, डुप्लीकेट रिमोट चाबियां और डुप्लीकेट चाबियां बनाने में इस्तेमाल होने वाला एक ओबीडी स्कैनर बरामद किया है। पुलिस रिजवान से पूछताछ करके उसके बाकी नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल अगस्त महीने में अपराध शाखा ने एक मामला दर्ज किया था। जिसमें वाहनों में छेड़छाड़ किए गए चेसिस नंबर और नकली पंजीकरण प्लेटें सामने आई थी। जांच करने पर आमिर पाशा के बारे में पता चला था,जो दुबई से एक अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट चला रहा है, जो चोरी के वाहनों का कारोबार करता है।

# मिट्टी का कटाव घटा, भूजल स्तर में बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर की मिट्टी में वैज्ञानिक तकनीकों से नई जान पड़ रही है । आईसीएआर-इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सॉइल एंड वॉटर कंजर्वे शन (आईआईएसडब्ल्यूसी) की रिपोर्ट बताती है कि अरावली हिल्स से लेकर यमुना बेसिन तक लागू किए गए संरक्षण प्रोजेक्ट्स से मिट्टी का कटाव 40 प्रतिशत तक घटा है और भूजल स्तर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मॉडल यदि बड़े पैमाने पर अपनाया जाए तो एनसीआर की जमीन और पानी दोनों की सेहत में स्थायी सुधार संभव है। रिपोर्ट के अनुसार गुरुग्राम, फरीदाबाद और दक्षिण दिल्ली के अरावली क्षेत्र में तेजी से फैलते शहरीकरण और खनन गतिविधियों ने मिट्टी क्षरण की स्थिति गंभीर कर दी थी। आईआईएसडब्ल्यूसी ने यहां अरावली हिल्स मृदा संरक्षण प्रोजेक्ट के तहत कंटूर ट्रेंचेस, गली प्लगिंग और ग्रास टर्फिंग जैसी तकनीकें अपनाईं। परिणामस्वरूप मिट्टी का कटाव 40 से 45% तक घटा और स्थानीय स्तर पर वर्षा जल पुनर्भरण में सुधार दर्ज किया गया। यह प्रोजेक्ट अरावली को स्थिर करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। दिल्ली और नोएडा के यमुना किनारे अतिक्रमण और अपशिष्ट ने भूमि और जल गुणवत्ता दोनों को प्रभावित किया।

आईआईएसडब्ल्यूसी ने यहां रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, छोटे चेक डैम और बायो-इंजीनियरिंग मॉडल लागू किए। अध्ययन में पाया गया कि भूजल स्तर में 0.6 से 0.9 मीटर तक सुधार आया और यमुना की बाढ़भूमि में मिट्टी की नमी बनी रही। द्वारका, एनएच-48 कॉरिडोर और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे बढ़ते प्रदूषण ने जमीन की गुणवत्ता पर असर डाला। इसे सुधारने के लिए आईआईएसडब्ल्यूसी ने स्थानीय घास और झाड़ी आधारित पौधारोपण और फाइटो- रिमेडिएशन तकनीक अपनाई। परिणामस्वरूप, प्रदूषित मिट्टी में जिंक और लेड की मात्रा 25 से 30% तक कम हुई। गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में तेजी से हुए कंक्रीटीकरण ने भूजल रिचार्ज को प्रभावित किया। यहां आईआईएसडब्ल्यूसी ने परकलेशन टैंक, ड्यूल परपज रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और आर्टिफिशियल रीचार्ज वेल्स लगाए। नतीजे बताते हैं कि वर्षा जल का 22 से 28% तक पुनर्भरण संभव हुआ और मिट्टी की जल धारण क्षमता में औसतन 15% सुधार हुआ।

# सिविल लाइन बाथरूम में बलात्कार टीवी एक्टर का पोटेंसी टेस्ट एम्स में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिविल लाइन इलाके में स्थित हाउस पार्टी के बीच बाथरूम में एक महिला से बलात्कार हुआ था। पुलिस ने पुणे से टीवी एक्टर आरोपी अभिनेता आशीष कपूर को गिरफ्तार किया। जिसको रिमांड पर लेकर उसका एम्स में पोटेंसी टेस्ट कराया। जिसकी रिपोर्ट कथित रेप मामले में महत्वपूर्ण सबूत के रूप में काम करेगी। पुलिस इस मामले में सह-आरोपी एयर इंडिया के वरिष्ठ कैप्टन और उनकी पत्नी का भी बयान दर्ज करेगी। उस पार्टी की मोबाइल फोन की रिकॉर्डिंग व फोटो व वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी लेने की कोशिश कर रही है। साथ ही अगर उस सोसाइटी में कोई सिक्योरिटी गार्ड था तो उसके बयान और आने जाने वालों का रिकॉर्ड रखने के लिये रजिस्टर को भी जब्त करने की कोशिश करेगी। इसके अलावा फ्लैट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। उस वक्त के डंप डाटा यानि सीडीआर को भी खंगाला जा रहा है।

दिल्ली पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीडिघ्ता और आशीष कपूर की दोस्ती सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम से हुई थी। दोनों के सोशल मीडिया अकाउंट को भी खंगाला जा रहा है। फिलहाल जांच टीम अभी पीडिघ्ता का मोबाइल फोन बरामद करने की कोशिश की रही है,जिसको कपूर और उसके साथियों ने छीन लिया था। जिसको बरामद करना काफी अहम हैं। संभावना है कि उसने सामूहिक बलात्कार की पूरी वारदात रिकार्ड की थी। ऐस पीडिघ्ता ने भी संभावना व्यक्त की थी। वारदात कथित तौर पर बीते 10 अगस्त की रात एयर इंडिया में कार्यरत अधिकारी की जन्मदिन पार्टी में हुआ। पार्टी का आयोजन उसकी पत्नी ने किया था। पीडिघ्ता ने आरोप लगाया था कि उसे पेय पदार्थ दिए गए और फिर उसे बाथरूम में ले जाया गया, जहाँ चार लोगों ने उसके साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# कांग्रेस ने प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों को सुविधाओं की मांग को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर ने मोदीनगर तहसील क्षेत्र में संचालित समस्त निजी स्कूलों में कार्यरत शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का शोषण रोकने उन्हें नियम अनुसार सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को नियमावली शासन आदेशों और इस विषय पर माननीय न्यायालय द्वारा दिए गए जजमेंट आदि के आलोक में ईएसआई पीएफ सहित समस्त सुविधाओ का लाभ दिलाने हेतु धरना कर प्रदर्शन एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहस. ीलदार को ज्ञापन सोपा।



इस अवसर पर धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सुनील शर्मा ने कहा कि सभी निजी स्कूलों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ई एस आई और पीएफ पंजीकरण का अनिवार्य रूप से लागू होना न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत कर्मचारियों को निर्धारित समय से निर्धारित वेतन व अन्य सुविधाएं जैसे वेतन अवकाश ग्रैजुएटिंग बोनस आदि प्रदान करना कर्मचारियों के शोषण अनुचित बर्खास्त की अनावश्यक कार्य का दबाव असमान वेतन को रोकना नियमित निरीक्षण एवं शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करना सभी निजी स्कूलों को अपने कर्मचारियों को लिखित नियुक्ति पत्र वेतन पर्ची और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रदान करना के लिए एक विशेष निगरानी समिति का गठन करना जिसमे श्रम विभाग शिक्षा विभाग और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो हमारी यह मांगे हैं एसडीएम साहब को तुरंत इन पर कार्रवाई करनी होगी।

अन्यथा शहर कांग्रेस कमेटी एक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी निजी स्कूलों में हो रहे शिक्षकों और कार्यरत कर्मचारियों के शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस अवसर पर सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल के द्वारा किया गया गणपति विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के विधानसभा उपाध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा गणपति जी का पूजन और आरती उपरांत गणपति विसर्जन बड़े ही धूमधाम और ढोल बाजे के साथ के किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के एक हफ्ते बाद ही डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताने तथा भारत और चीन के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने भगवान गणेश की कृपा का परिणाम बताया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा ना जाने का फैसला करने के लिए ट्रंप को और नसीहत मिलने वाला कदम बताया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष और भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय, वरिष्ठ समाजसेवी प्रवीण बत्रा, आनंद प्रकाश वर्मा,राजेश वर्मा, रश्मि वर्मा, तनिष्क वर्मा, सार्थक वर्मा, वाग. ीश शर्मा, अमित कुमार वर्मा, योगेश गुरु, नरेश वर्मा, प्रियंका गर्ग, यामिनी गर्ग सहित कई बार करने लोग उपस्थित रहे।



# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा किया गया एवं जिले के वरिष्ठ कांग्रेस के लोग धरातल की वास्तविक स्थिति जानी मंडल में जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के अध्यक्ष, सतीश शर्मा सहित प्रति. निधि मंडल के साथ में जिला कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवदत्त त्यागी किसान नेट रुपेश त्यागी जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी जिला महासचिव तरुण शर्मा एडवोकेट जिला सचिव विवेक त्यागी तथा चांद सिंह प्रधान साथ थे मुरादनगर ब्लॉक के गांव बदीपुर, काकड़ा, खुर्मपुर, खिमावती, ढिंडार, बाढ़ पवार क्षेत्र मैं किसाने की डूबी हुई फसलों का अंकल आकलन जायजा लिया, जिसकी मुआवजा राशि की मांग, व नालों की सफाई, पानी की निकासी को लेकर, गाजियाबाद जिला प्रशासन के द्वारा किसनो की मांग को जल्दी नहीं सुना गया उनको जल्दी से जल्दी मुआवजा राशि दी जानी चाहिए जिससे कि वह आगे की फसल की तैयारी कर सके अगर प्रशासन ने जल्द ही किसने की मांगों को पूरा नहीं किया जिला मुख्यालय पर किसानों के साथ जिला कांग्रेस पार्टी का धरना प्रदर्शन गाजियाबाद जिला मुख्यालय पर किया जाएगा।



# संतोष ऐकेडेमिया टैलेंट एग्जामिनेशन का आयोजन 26 सितम्बर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संतोष ऐकेडेमिया आगामी 26 सितंबर को जिला स्तरीय 'संतोष ऐकेडेमिया टैलेंट एग्जामिनेशन' का आयोजन करने जा रहा है। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। इस इसकी परीक्षा के विवरण: -परीक्षा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगी। परीक्षा 1 घंटे की होगी, जिसमें कुल 30 प्रश्न पूछे जाएंगे।

प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। प्रश्नपत्र में गणित, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान और मानसिक क्षमता से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (एमसीक्यू) होंगे और उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर भरने होंगे। पुरस्कार और छात्रवृत्ति: प्रथम पुरस्कार - 50,000 रुपये द्वितीय पुरस्कार - 40,000 रुपये तृतीय पुरस्कार - 30,000 रुपये विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर 100% तक की छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कुल छात्रवृत्ति राशि लगभग 50 लाख रुपये तक रहेगी।

परीक्षा की तिथियां: पंजीकरण की अंतिम तिथि: 25 सितंबर परीक्षा की तिथि: 26 सितंबर परिणाम की घोषणा: 20 अक्टूबर संतोष ऐकेडेमिया के मुख्य परिचालन अधिकारी विक्की माहेश्वरी ने बताया कि यह परीक्षा शहर के सभी प्रमुख विद्यालयों और आरडीसी स्थित संतोष ऐकेडेमिया सेंटर पर आयोजित होगी। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।इस कार्यक्रम को डॉ श्वेता चौधरी जीएम मार्केटिंग ने आयोजित किया और ज़्यादा से ज़्यादा छात्रों को इसमें भाग लेने का अनुरोध किया।




# छूटे विद्यार्थी 15 सितम्बर से देंगे परीक्षा

**साहिबाबाद।** वसुंधरा स्थित सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल में फीस विवाद को लेकर जिन बच्चों की परीक्षा छूट गई थी, वे 15 सितंबर से परीक्षा दे सकेंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए स्कूल प्रबंधन ने परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। स्कूल के कुछ बच्चों पर जिला शुल्क नियामक समिति (डीएफआरसी) के मानकों के विपरीत शुल्क लगाने को लेकर अभिभावकों ने विरोध कर दिया था। वहीं स्कूल ने बकाया भुगतान के बाद बच्चों को स्कूल में प्रवेश देने की बात कही थी। इस कारण बच्चे पीरियोडिक टेस्ट नहीं दे पाए थे। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि हाईकोर्ट के आद. ेश के बाद छूटे हुए बच्चों के अभिभावकों ने बकाया शुल्क का भुगतान कर दिया था।

# संदीप सिंघल बने करणी सेना के राष्ट्रीय महामंत्री, संगठन विस्तार पर जोर

**गाजियाबाद।** करणी सेना की कोर कमेटी की अहम बैठक सो. हना स्थित राष्ट्रीय कार्यालय स्मार्ट व्यू रिसोर्ट में आयोजित की गई। इस बैठक में सामाजिक उत्थान कार्यों और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए बड़े फेरबदल भी किए गए। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू ने इस अवसर पर गाजियाबाद के लोहा कारोबा. री संदीप सिंघल पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री करणी सेना नियुक्त किया। बैठक के दौरान संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियाँ की गईं। दिल्ली निवासी कारोबारी मोहित अग्रवाल को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस बदलाव का उद्देश्य संगठन के कार्यक्षेत्र को और विस्तारित करना तथा सामाजिक उत्थान कार्यों को गति देना बताया गया। शीर्ष नेतृत्व ने विश्वास जताया कि नई टीम अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण और निष्ठा से करेगी।

राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर संदीप सिंघल को संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई दी। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक रामकुमार तोमर ने इस अवसर पर कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी दी है, वह न केवल संगठन को मजबूती देगा बल्कि समाज सेवा की दिशा में भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, "हम सभी आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और विश्वास है कि आपके नेतृत्व में संगठन नई ऊँचाइयाँ हासिल करेगा।" बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने भी संकल्प लिया कि करणी सेना समाजहित और संगठन विस्तार की दिशा में और अधिक प्रभावी तरीके से कार्य करेगी। इस नियुक्ति के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# वेदांत क्रिकेट एकेडमी की 75 रन से जीत

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित जीएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे शिव हरि प्रसाद अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को वेदांत क्रिकेट एकेडमी ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 75 रन से राजनगर एक्सटेंशन क्रिकेट एकेडमी को शिकस्त दी। मैन ऑफ द मैच आदविक ने 26 रन बनाने के साथ दो विकेट भी लिए। जीएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर शनिवार को खेले गए क्रिकेट मैच में वेदांत क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद खेलते हुए टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए।

# विधायक ने जलभराव का निरीक्षण कर दिये समाधान के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत निवाड़ी में आयोजित बैठक में हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण उत्पन्न जलभराव की समस्या पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र समाधान हेतु ठोस कार्यवाही की जाए। बैठक के उपरांत नगर पंचायत पतला, खिंड़ौदा सहित आसपास के गावों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है, वहां तत्काल निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



इस अवसर पर निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, योगेंद्र पतला, एसडीएम अजित कुमार सिंह, तहसीलदार रजत सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।




**मोदीनगर। के. एन. मोदी कॉम्प्लेक्स के बाहर बच्ची आयरा के जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण कराती पहल की अध्यक्ष डॉ. सरिता त्यागी व अन्य सदस्य।**

# 28 सितम्बर को मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती: मुन्नू अग्रवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविन्दपुरी स्थित कार्यालय पर मुन्नु अग्रवाल जी की अध्यक्षता में वैश्य समाज कल्याण समिति की ओर से 5149वीं महाराजा अग्रसैन जी की जयन्ती के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई व धूमधाम से जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। मुन्नू अग्रवाल ने बताया कि आगामी 28 सितंबर दिन रविवार को महारा. जा अग्रसैन पार्क गोविन्दपुरी, मोदीनगर पर महाराजा अग्रसैन जी का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डा० प्रेमचन्द अग्रवाल जी पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उत्तराखण्ड एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान में विधायक ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) रहेंगें। कार्यक्रम में प्रात: 10 बजे हवन तत्पश्चात भजन संख्या व उसके बाद अतिथि सत्कार एवं सम्बोधन का कार्यक्रम रहेगा। मिटिंग में दिनेश सिंघल, अजय गुप्ता, संजय गुप्ता, नीरज गुप्ता, अरविन्द गर्ग, दिनेश जिन्दल, प्रतीक मोदी, नरेश गोयल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# वरदान मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने 10वां स्थापना दिवस मनाया

**गाजियाबाद।** वरदान सेवा संस्था द्वारा संचालित वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपने 10वें स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित किया। इस अवसर पर भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों और स्थानीय लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में नि:शुल्क ओपीडी, हड्डियों की जांच, सिटी स्कैन, पैथोलॉजी एवं एक्स-रे पर विशेष छूट, नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी तथा नि:शुल्क जनरल सर्जरी कैम्प का आयोजन हुआ। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान 447 मरीजों का पंजीकरण कर जांच की गई। विशेष रूप से नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन और हड्डियों की जांच को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। शिविर में 5 मरीजों का नि:शुल्क दूरबीन द्वारा पथरी का ऑपरेशन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय महावर रहे। उन्होंने कहा कि वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बीते एक दशक से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का स्तंभ बना है। गरीब और जरूरतमंद मरीजों को यहां नि:स्वार्थ भाव से चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर वरदान सेवा संस्थान और हॉस्पिटल प्रबंधन के कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। हॉस्पिटल प्रबंधन ने कहा कि यह स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि सेवा का संकल्प है।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, घायल

**लोनी।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के गेट नंबर एक के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को पीछे से टक्कर मार दी। व्यक्ति फैक्टरी से नौकरी कर घर लौट रहा था। राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। राजधानी एनक्लेव पावी सादकपुर निवासी संजय पोद्दार ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में प्राइवेट नौकरी करते है। उनकी पत्नी रीना ने बताया कि तीन सितंबर शाम करीब छह बजे पति संजय ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे थे। जब वह ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित गेट नंबर एक के पास ईदगाह के सामने पहुंचे तो पीछे से तेज गति में आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित के परिजनों को सूचना देकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। घायल का उपचार के अस्पताल में जारी है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़िता की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# इंडीपेंडेंट स्कूल्स फैडरेशन ने किया शिक्षक सम्मान व अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर इंडीपेन्डेन्ट स्कूल्स फैडरेशन जिला गाजियाबाद एवं को-स्पॉन्सर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा संयुक्त रूप से 'शिक्षक सम्मान एवं अभिनन्दन समारोह' का भव्य आयोजन जानकी सभागार, रामलीला ग्राउन्ड, कविनगर, गाजियाबाद में किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री द्वारा फैडरेशन के 52 सदस्य स्कूल्स के मैनेजमेन्ट सदस्यों, प्रिन्सिपल्स एवं शिक्षको को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमें ज्ञान देने के साथ-साथ सही रास्ता भी दिखाते हैं और जीवन के हर मोड़ पर हमारा मार्गदर्शन करते हैं। शिक्षक हमें एक अच्छा इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का हम सम्मान करते है।

मुख्य अतिथि भाग्यश्री एवं डा० सुभाष जैन, आई.एस.एफ. आई. जिला गाजियाबाद के प्रैसीडेन्ट ने इंडीपेन्डेन्ट स्कूल्स फैडरेशन ऑफ इण्डिया के नेशनल प्रैसीडेन्ट राम अवतार जिन्दल एवं गुलशन कुमार भाम्बरी, जनरल सक्रेटरी का स्वागत करते हुए उनको बधाई एवं प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया और सभी स्कूल सदस्यों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दी। माता-पिता तो केवल जन्म देते हैं, किन्तु शिक्षक जीवन जीने का सही तरीका सिखाते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके द्वारा की जा रही निस्वार्थ सेवा एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की।

इस अवसर पर फैडरेशन से डा० सुभाष जैन, प्रैसीडेन्ट, गुलशन कुमार भाम्बरी, आलोक गर्ग, जोगेन्दर सिंह, अजय जैन, बबीता जैन, निशा गर्ग, रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की प्रैसीडेन्ट भारती गर्ग, आशीष गर्ग, योगेश कुमार गोयल, दीपक कुमार अग्रवाल, विकास गुप्ता, मीनू गुप्ता, अधीर गर्ग, डा० अरूणा सिंघल, डा० स्वाति अग्रवाल एवं सभी स्कूलों से मैनेजमेन्ट सदस्य, स्कूल चेयरमैन, डायरेक्टर्स, प्रिन्सिपल्स एवं शिक्षकगण, दैनिक जागरण टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## संबंध विच्छेद

मैं किशन पाल पुत्र स्व. तारा. चंद निवासी- 126, कल्लुपुरा अंबेडकर भवन निकट मालीवाड़ा चौक जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र संदीप व पुत्रवधु नेहा भारती को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# ताबड़तोड़ गोलियां चला कर दो दोस्तों की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला कर दो दोस्तों की हत्या कर दी, ओर मौके से फरार हो गए। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब दोनों युवक शुक्रवार शाम पार्किंग में बैठे थे तभी कुछ बदमाशों ने उनके ऊपर गोलियां बरसा दी। गोलियों की आवाज सुनकर उनके परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में दोनों को लेकर जीटीबी अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने मामला दर्ज कर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर और साक्ष्य जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दोनों मृतकों की पहचान सुधीर उर्फ बंटी (35) और राधे प्रजापति (30) के रूप में हुई है। दोनों अच्छे दोस्त थे और ज्यादातर समय साथ रहते थे। बंटी ने सी-104, प्रताप नगर में ई-रिक्शा और बाइक की पार्किंग खोल रखी थी, दोनों दोस्त इसी पार्किंग रहते भी थे। शुक्रवार शाम को करीब 7 बजे दोनों दोस्त पार्किंग में कुर्सियों पर बैठे थे तभी कुछ बदमाश वहां बाइक से पहुंचे और अचानक उनके ऊपर गोलियां चलानी शुरू कर दी, गोली लगने के बाद राधे वही कुर्सी के पास गिर पड़ा, जबकि सुधीर ने भागकर पार्किंग हॉल में बने पिलर के पीछे छिपकर गोलियों से बचने प्रयास किया, पर बदमाशों ने उसे भी गोलियों से छलनी कर दिया। बंटी के भाई कुलदीप ने बताया की गोलियों की आवाज सुनकर परिवार वाले और पडोसी वहां पहुंचे तब तक बदमाश भाग चुके थे। सुधीर को स्कूटी से और राधे को रिक्शा से लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे थे जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 8 से 10 राउंड फायरिंग की गयी थी द्य इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया शुक्रवार शाम करीब 7.15 पर हर्ष विहार थानांतर्गत दो युवको को गोली मारने की सुचना मिली थी, सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को पता लगा सुधीर और बंटी को गोली मारी गयी है और परिजन दोनों को अस्पताल ले गए है,पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की 103/(1),3(5)और 25/27/54/59 के तहत आर्म्स एक्ट और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू है।

## अनधिकृत कॉलोनियों के विकास कार्यों में अब आएगी तेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अनधिकृत कॉलोनियों में नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने के काम में अब तेजी लाई जाएगी। इसी सिलसिले में इन कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए एक साथ 39 टेंडर जारी किए गए हैं। इनके तहत इन कॉलोनियों में सड़कें, गलियां, नालियां और सीवर बनाने का काम किया जाना है।

दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि काम के साथ-साथ गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। भाजपा सत्ता में वापसी के लिए अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों के योगदान को भी अहम मान रही है। इन कॉलोनियों में मुस्तफाबाद, करावल नगर, शिव विहार, गांधी नगर, बादली समेत कई अन्य कॉलोनियां शामिल हैं।

दिल्ली में 1700 से ज्यादा अनधिकृत कॉलोनियां हैं, जहां लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें पेयजल, सीवर लाइन और सड़कों व गलियों का निर्माण शामिल है। ऐसी कई कॉलोनियों में गंदे पानी की निकासी एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

कई कॉलोनियों में तो अभी तक मुख्य नालियां भी नहीं बनी हैं। गलियों और नालियों का भी भारी अभाव है। दिल्ली के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में करावल नगर, मुस्तफाबाद, नजफगढ़, पालम, किराड़ी और छतरपुर शामिल हैं, जहाँ अनधिकृत कॉलोनियाँ ज्यादा हैं। करावल नगर और मुस्तफाबाद में एक भी स्वीकृत कॉलोनी नहीं है। नजफगढ़ में 172 अनधिकृत कॉलोनियाँ हैं।

## बालाजी रामलीला का भूमि पूजन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में बालाजी रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित होने वाले भव्य रामलीला महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में भूमि पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रामनिवास गोयल,विधायक संजय गोयल,भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता अनिल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भूमि पूजन का शुभ कार्य पुजारी ब्रिज तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। इस दौरान भगवान श्री बालाजी का भव्य ध्वज भी फहराया गया, जिसे माहौल भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में कमेटी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रधान यतेंदर गुप्ता, महामंत्री अनिल मित्तल, सीए दिनेश गुप्ता, अशोक अग्रवाल, कुशाल गुप्ता और मीडिया प्रभारी राजकुमार भाटी शामिल थे। सभी पदाधिकारियों ने आगामी रामलीला महोत्सव को सफल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

रामलीला का मंचन 22 सितंबर से आरंभ होगा, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से खास महत्व रखता है। इस अवसर पर न केवल भगवान राम के जीवन प्रसंगों का मंचन होगा, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी।

## संदीप्ता सेन ने जीनत अमान से मुलाकात को बताया यादगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस, जो दमदार और इमोशनल कहानियों के लिए जाना जाता है, अब टीवी दर्शकों के लिए एक और दिलचस्प शो श्संपूर्णाश लेकर आ रहा है। यह एक फिक्शन ड्रामा है। जिससे जुड़ी सबसे खास बात यह है कि इस शो का ट्रेलर और कोई नहीं बल्कि बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने लॉन्च किया है।

ऐसे में अब 'सम्पूर्णा' में मिट्टी का किरदार निभा रही संदीप्ता सेन, ने अपने आने वाले शो के एक्सक्लूसिव सेगमेंट का अनुभव शेयर करते हुए, बताया कि उनका दिग्गज अदाकारा जीनत अमान के साथ सवाल करने का मौका मिलने पर कैसा लगा। संदीप्ता कहती हैं, "जीनत अमान जी से मिलकर मैं सच में बेहद इमोशनल हो गई। वह इतनी बड़ी बॉलीवुड स्टार हैं, और उनके साथ बातचीत करने का मौका मिलना मेरे लिए बहुत खास था। उन्होंने मेरे साथ न सिर्फ अपने अनुभव शेयर किए बल्कि मुझे खास टिप्स और गाइडेंस भी दिए।

## बाढ़ से दिल्ली के छह जिले प्रभावित गोताखोरों व नाविकों ने कई जिंदगियां बचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बाढ़ से छह जिले प्रभावित हुए हैं। एनडीआरएफ, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन राहत शिविरों में भोजन, पानी, और चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं दे रहे हैं। यमुना का जलस्तर 206 मीटर पार करने से उत्तर, उत्तर-पूर्वी, शाहदरा, पूर्वी, केंद्रीय और दक्षिण-पूर्वी जिले बाढ़ की चपेट में हैं। पूर्वी दिल्ली में 7,200, उत्तर-पूर्वी में 5,200, दक्षिण-पूर्वी में 4,200, उत्तर दिल्ली में 1,350 और शाहदरा में 30 लोग प्रभावित हैं। इस तरह कुल 17980 लोग पीड़ित हैं। इनके लिए 35 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं जहां भोजन, पानी, शौचालय और चिकित्सा सुविधाएं 24 घंटे दी जा रही हैं। एनडीआरएफ की टीमें निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाल रही हैं। पूर्वी दिल्ली में डीएम के नेतृत्व में बोट क्लब ने यमुना खादर से 5,000 से अधिक लोगों और सैकड़ों मवेशियों, बकरियों, भैंसों व कुत्तों को बचाया है। गोताखोरों व नाविकों ने बहादुरी से कई जिंदगियां बचाई। पशुपालन विभाग मवेशियों की चिकित्सा और चारे की व्यवस्था कर रहा है। दिल्ली जल बोर्ड, नगर निगम और ड्यूसिब मिलकर राहत शिविरों में सफाई, फॉगिंग और पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। सिविल डिफेंस और आपदा मित्र टीमें 24 घंटे सक्रिय हैं। राहत शिविरों में भोजन, पानी, दवाइयां और शौचालय की व्यवस्था है। किसानों के मवेशियों के लिए चारा भी मुहैया कराया जा रहा है। पशुपालन विभाग मंत्री कपिल मिश्रा ने देर रात पुराने रेलवे पुल के पास बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ के कारण पिछले दो-तीन दिन से गोशाला में फंसी गायों की स्थिति जानी।

## कालेजियम व्यवस्था के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति के लिए बनी सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था के खिलाफ लोक समाज पार्टी (अधिवक्ता सभा) के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री भारत सरकार,सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा विधि मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन दिया गया।इस मौके पर लोकसभा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बचन सिंह कतौतिया,दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सतबीर सिंह करोटिया, युवा बैंक के अध्यक्ष आर एस बाजवा (एडवोकेट) मजदूर सभा के अध्यक्ष नरेश कुमार सेन, पार्टी के कोषाध्यक्ष शाहनवाज अली,परिवहन सभा के अध्यक्ष




सुनील सक्सेना के साथ ऋतु अंकुर शर्मा वीर बंधु, ऋतु राज शर्मा, राम गोपाल चौहान, पवन कुमार शर्मा, कांता शर्मा, देवेंद्र चौहान, चेतन, सुनीता देवी, संजीव मंगल,हर प्रकाश सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर लोक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा (एडवोकेट) लोगों को संबोधित करते हुए कहा सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था भाई भतीजावाद की जड़ है और यह संविधान के खिलाफ है।

## कलश चोरी मामले में संदिग्ध की हुई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली के लाल किले परिसर से कीमती कलश चोरी को लेकर दिल्ली पुलिस का बयान सामने आया है। सीसीटीवी के जरिए आरोपी की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि लाल किला परिसर में आयोजित एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान लाल किला परिसर से एक बड़ी झारी, सोना, नारियल और लगभग 760 ग्राम सोना, हीरे, माणिक और पन्ना जड़ी एक छोटी झारी चोरी हो गई। पुलिस ने आगे कहा कि व्यवसायी सुधीर जैन प्रतिदिन पूजा के लिए कलश लाते थे।

## सीएम रेखा गुप्ता ने किया नरेश कुमार को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा विभाग,नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (NDMC) द्वारा संचालित "नवयुग विद्यालय लोधी रोड़" में प्रवक्ता "सङ्गणक विज्ञान"(ब्वउचनजमत बपमदबम) पद पर कार्यरत श्री नरेश कुमार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया ! दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एनडीएमसी स्कूलों में नए पाठ्यक्रम का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा दिए गए संस्कार भारत के भविष्य को आकार देंगे। और



नए पाठ्यक्रम का उद्देश्य विकास के साथ विरासत को जोड़ना है जो विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान के साथ भारतीय संस्कृति से भी जोड़ेगा। जिसका उद्देश्य विश्व भर में शिक्षण के क्षेत्र में नवाचार और संरचनात्मकता की पहचान करना तथा शिक्षण - क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वाले

**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता-शिक्षकों द्वारा दिए गए संस्कार भारत के भविष्य को आकार देंगे।**

अध्यापकों को विश्व-स्तरीय शिक्षा के क्षेत्र में ईनोवेटिव और उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र और सम्मान प्रदान करना हैं। प्रस्तुत क्षेत्र में नरेश कुमार को अपनी लगन और परिश्रम से कार्य करने तथा विभिन्न क्रियेटिव नवाचार के लिए अन्य पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है, जिसका श्रेय नरेश कुमार अपने शिक्षक, परिवार और सहयोगियों को देते हैं।

## आईजीआई एयरपोर्ट से नोएडा-ग्रेनो को शुरू होगी लग्जरी इंटरसिटी बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंत. रराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट की प्रबंधन एजेंसी डायल जल्द ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आईजीआई एयरपोर्ट के बीच लग्जरी इंटरसिटी बस सेवा शुरू करने जा रही है। एजेंसी फ्लिक्सबस के साथ मिलकर बस सेवा शुरू करने की घोषणा की है। सातों दिन चलने वाली बस सेवा 24 घंटे लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी।

बस में रियल-टाइम ट्रैकिंग, प्रशिक्षित कर्मचारी, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट, सीसीटीवी कैमरे, सामान रखने के पर्याप्त जगह और आरामदायक सीटें उपलब्ध होगी। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने बताया कि बस सेवा नोएडा सेक्टर 16, बॉटनिकल गार्डन, गोल्फ कोर्स रोड, गौर सिटी, जेपी विश टाउन और परी चौक जैसे प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी। उन्होंने बताया कि यातायात के आधार पर यात्रा न्यूनतम 130 मिनट से अधिकतम 180 मिनट में तय होगी। डायल प्रबंधन का कहना है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर आने वाले 20 फीसदी यात्री सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते हैं। फ्लिक्सबस के साथ यह नई सेवा यात्रियों को नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लिए एक विश्वसनीय और शानदार विकल्प प्रदान करेंगी। आईजीआई एयरपोर्ट सलाना 10 करोड़ से अधिक यात्रियों को सेवा देने की क्षमता रखता है। यह सेवा कुछ दिनों में शुरू होगी और यह यात्रियों को केवल 199 रुपये में प्रीमियम यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी।

डायल का दावा है कि इस सेवा के शुरू होने पर आईजीआई एयरपोर्ट हीथ्रो, चार्ल्स दे गाल, बर्लिन ब्रैंडेनबर्ग, वियना और एम्स्टर्डम शिपहोल जैसे प्रमुख वैश्विक एयरपोर्ट श्रेणी में शामिल हो गया है।

## इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर की बढ़ेगी सैलरी, पुलिस आयुक्त ने दिए संकेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर व सब-इंस्पेक्टर (एसआई) का ग्रेड बढ़वाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने कवायाद शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त सचिवालय की ओर से दिल्ली सरकार के पत्र लिखा गया है जिसमें इंस्पेक्टर व एसआई को सी ग्रेड से बी ग्रेड में करने का निवेदन किया गया है। ग्रेड बढ़ने से दिल्ली पुलिस के इन रैंक के अधिकारियों की तनख्वाह में बढ़ोतरी होगी।

दिल्ली पुलिस सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को अपने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक की। उसमें दिल्ली पुलिस मुख्यालय व एचआरडी से जुड़े ज्यादातर अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान इंस्पेक्टर व एसआई स्तर के अधिकारियों के ग्रेड बढ़ाने और पिछले दो पे कमीशन के अनुसार सैलरी दिलवाने की कवायद को तेज करना तय हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के एसआई व इंस्पेक्टर सी ग्रेड में आते हैं। उनका पे स्केल 4600 रुपये बताया जा रहा है। सी ग्रेड में पी स्केल होने के कारण 10 साल में 4800 का स्केल मिलना शुरू होता है। अगर ये अधिकारी बी ग्रेड में होते तो चार साल बाद ही 5400 का पे स्केल मिलना शुरू हो जाता है।

बताया कि देश की ज्यादातर पुलिस व अर्द्धसैनिक बल, सीबीआई व दिल्ली सरकार के इस स्तर के अधिकारियों को ज्यादा सैलरी मिलती है। साथ ही इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी राजपत्रित अधिकारी की श्रेणी में आते हैं। दिल्ली पुलिस के एसआई व इंस्पेक्टर को कम सैलरी मिलती है। साथ ही उन्हें दो पे कमीशन के हिसाब से भी सैलरी नहीं मिलती।

## प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के पुनर्गठन की घोषणा करते हुए प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने अपनी प्रतिज्ञा को दोहराया कि प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी मसीह-उल-मुल्क हकीम अजमल खान के पदचिन्हों पर चलते हुए हम यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए हर प्रकार से अपनी कोशिश जारी रखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज को दो भागों में बाँटने और इसके स्वामित्व पर अतिक्रमण करने की विगत वर्षों में की गई हर साजिश को नाकाम बनाया जाएगा क्योंकि मसीह-उल-मुल्क हकीम अजमल खान ने आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज को एक ही छत के नीचे दो पैथियों (आयुर्वेद एवं यूनानी) को एक ही प्रधानाचार्य के माध्यम से स्थापित करके देश और दुनिया को जो एकता और प्रेम का संदेश दिया, उसे कायम रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।



ज्ञात हो कि प्रोफेसर मुश्ताक अहमद को चौथी बार सर्वसम्मति से ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है और उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की घोषणा की जिसमें डॉ. सैयद अहमद खान (खघ्लीलाबाद) को महासचिव, जबकि डॉ. एसएम हुसैन (मुंबई) वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. मुहम्मद अताउल्लाह शरीफ (हैदराबाद), प्रोफेसर गुलाम कुतुब चिश्ती (जयपुर), प्रोफेसर फजलुल्लाह कादरी (पटना), प्रोफेसर अख्तर हुसैन चौधरी (पुणे) और डॉ. गजाला जावेद (दिल्ली) को उपाध्यक्ष, डॉ. डी आर सिंह (दिल्ली) संगठन मंत्री, डॉ. एसएम याकूब (नागपुर), डॉ. सबातुल्लाह (अमरोहा), डॉ. लाइक अली खान (कासगंज), डॉ. नवाजुल हक (अजमेर), डॉ. मुहम्मद अरशद ग्यास (नूह), डॉ. मुजीब-उर-रहमान (कोलकाता) सचिव, मोहम्मद इमरान कन्नौजी (दिल्ली) प्रेस सचिव और डॉ. संजय ढींगरा (दिल्ली) को कोषाध्यक्ष चुना गया। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय संरक्षकों में डॉ. सैयद फारूक साहब (मुख्य संरक्षक), डॉ. खुर्शीद अहमद शफकत आजमी (दिल्ली), डॉ. शम्स अल-अफाक (दिल्ली), डॉ. सैयद मुहम्मद इरफान नजफ अलीमी (इलाहाबाद), डॉ. अखलाक अहमद (दिल्ली), डॉ. अब्दुल जब्बार सिद्दीकी (पिलीभीत), डॉ. खालिद सैफुल्लाह (कोलकाता) और प्रोफेसर कमर-उज-जमा (देवबंद) शामिल हैं।

## वजीरपुर फ्लाई ओवर से बस डिपो में युवक गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केश्वमपुरम इलाके में सुबह वजीरपुर फ्लाईओवर से स्कूटी चालक गिर गया। जिसको गंभीर हालत में नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस ने फ्लाईओवर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केश्वपुरम पुलिस को सुबह छह बजकर 22 मिनट पर वजीरपुर फ्लाईओवर से स्कूटी सवार के वजीरपुर बस डिपो के अंदर गिरने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची।

## 1984 दंगा: सज्जन कुमार याचिका मंजूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार की याचिका को मंजूरी दे दी, जिसमें उन्होंने दो मीडिया हाउस से 2 नवंबर से 11 नवंबर 1984 के बीच प्रकाशित कुछ समाचार रिपोर्टों की प्रमाणित प्रतियां रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश मांगा था। सज्जन कुमार जनकपुरी और विकासपुरी पुलिस स्टेशनों में दर्ज सिख विरोधी दंगा मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने आवेदन को स्वीकार करते हुए दो मीडिया हाउस को समाचार लेखों की प्रमाणिकता का प्रमाण पत्र और नई प्रिंटआउट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सज्जन कुमार की उस याचिका को भी मंजूरी दी, जिसमें उन्होंने पिछले मामले में एक गवाह के बयान को वर्तमान मामले में बचाव के साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड पर लेने की मांग की थी। ये गवाह भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी से थे और नवंबर 1984 में सज्जन कुमार द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के संदर्भ में गवाही दी थी। उक्त गवाह अब उपलब्ध नहीं है। सज्जन कुमार की ओर से एक आवेदन दायर किया गया था, जिसमें दर्शाया गया कि आरोपित ने दंगा प्रभावित क्षेत्र में शांति मार्च और रक्तदान शिविरों का आयोजन या भाग लिया था। वकील अनिल कुमार शर्मा, अपूर्व शर्मा और अनुज शर्मा ने तर्क दिया कि इन समाचार रिपोर्टों के माध्यम से आरोपित यह साबित करना चाहते हैं कि वह उस क्षेत्र के सांसद थे, जहां घटना हुई और घटनाओं के बाद भी जनता के सामने सक्रिय थे। इसलिए कई वर्षों या दशकों तक गवाहों के उन्हें पहचानने या नाम न लेने का कोई कारण नहीं था।

7 जुलाई को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार ने 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में लगाए गए आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष कहा कि वह दंगों के स्थल पर मौजूद नहीं थे और उन पर झूठा आरोप लगाया गया है। जनकपुरी मामले में 1 नवंबर 1984 को सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या से संबंधित है। दूसरा मामला विकासपुरी पुलिस स्टेशन में 2 नवंबर 1984 को गुरचरण सिंह को जलाने से जुड़ा है।

## मिजोरम छात्रों की भारत दर्शन यात्रा 2025

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत दर्शन यात्रा 2025 के समापन समारोह के तहत मिजोरम के 100 छात्रों सहित 08 शिक्षक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली स्थित परिसर में उपस्थित हुए। इस यात्रा के समापन को लेकर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के माननीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने युवा प्रतिभागियों और शिक्षकों से संवाद किया। बता दें कि 4 से 7 सितम्बर 2025 तक आयोजित इस दौरे का आयोजन भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वावधान में सीमा सुरक्षा बल द्वारा सीमावर्ती राज्य मिजोरम के छात्रों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और भारत की समृद्ध विरासत की समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था।

## ऋण दिलाने के नाम पर की थी धोखाधड़ी, दो जालसाज गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने लाखों की धोखाधड़ी का मामला सुलझाकर दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त दो मोबाइल बरामद किए है। आरोपियों ने ऋण दिलाने के नाम पर ठगी की थी।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर साइबर थाने के तहत मामला दर्ज किया गया था।शिकायतकर्ता ने बताया कि वह गाजियाबाद में डेयरी का व्यवसाय करता है। 25.फरवरी को उसे एक व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद को एक प्रतिष्ठित वित्तीय कंपनी का अधिकारी बताया और उसे ऋण देने का प्रस्ताव दिया। प्रलोभन में आकर वह ऋण लेने के लिए तैयार हो गया। जालसाजों ने ऋण कंपनी के प्रतिनिधि बनकर उससे घ्2,15,681/- की ठगी की। उन्होंने उसे झूठा आश्वासन दिया कि ऋण स्वीकृति के लिए बीमा पॉलिसी खरीदना अनिवार्य है। इसके बाद, उन्होंने उसे प्रतिष्ठित बीमा कंपनियों के नाम पर फर्जी बीमा पॉलिसियाँ जारी कीं और पॉलिसी शुल्क, बैंक शुल्क और ऋण प्रसंस्करण शुल्क के बहाने कई बैंक खातों में बड़ी रकम जमा करने के लिए प्रेरित किया। बार-बार भुगतान करने के बावजूद, कोई ऋण नहीं दिया गया और पैसे हड़पने के बाद आरोपियों ने अपने नंबर बंद कर दिए।जांच के दौरान एसीपी ऑपरेशन,मंगेश गाडेम की देखरेख में एसएचओ साइबर राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न स्रोतों से साक्ष्य एकत्र करने के बाद छापेमारी कर आरोपी रवि और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# 26 सितम्बर को होगा संतोष एकेडेमिया की छात्रवृत्ति परीक्षा

**पिलखुवा।** विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचान और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संतोष ऐकेडेमिया आगामी 26 सितम्बर को जिला स्तरीय संतोष ऐकेडेमिया टैलेंट एग्जामिनेशन SATE का आयोजन करने जा रहा है। इस संदर्भ में गाजियाबाद स्थित आरडीसी सेंटर पर एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

इस अवसर पर संतोष ऐकेडेमिया के मुख्य परिचालन अधिकारी COO विक्की माहेश्वरी ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ साथ आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक कक्षा के लिए अलग-अलग पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 40 हजार, तृतीय पुरस्कार 30 हजार इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर 100प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कुल छात्रवृत्ति राशि लगभग 50 लाख तक रहेगी। वहीं, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में सहयोग करने वाले विद्यालय शिक्षकों को भी ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। माहेश्वरी ने परीक्षा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा 1 घंटे की होगी, जिसमें कुल 30 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। प्रश्नपत्र में गणित, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान के साथ-साथ मानसिक क्षमता से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय MCQ होंगे और उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर भरने होंगे। यह परीक्षा शहर के सभी प्रमुख विद्यालयों के साथ-साथ आरडीसी स्थित संतोष




ऐकेडेमिया सेंटर पर भी आयोजित होगी। उन्होंने आगे बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 सितम्बर निर्धारित की गई है। परीक्षा का आयोजन 26 सितम्बर को होगा तथा परिणाम 20 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में माहेश्वरी ने कहा कि संतोष ऐकेडेमिया अब गाजियाबाद में ही विद्यार्थियों को मेडिकल व इंजी. नियरिंग जैसी उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारे यहां अनुभवी एवं विशेषज्ञ फैकल्टी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दे रही है। इस कारण अब गाजियाबाद और आसपास के विद्यार्थियों को कोटा या अन्य शहरों में कोचिंग के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर संतोष ऐकेडेमिया के सेंटर हेड एडमिशन सुशील कुमार शर्मा तथा अध्यापकगण सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# गंगा में दिखा विशालकाय घड़ियाल, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे एक विशालकाय घड़ियाल दिखाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक विशाल. काय घड़ियाल गंगा किनारे धूप सेकता हुआ नजर आया। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने उसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि घड़ियाल कुछ देर तक किनारे पर रहा और फिर अचानक गहरे पानी में उतर गया। इस दौरान एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिका. रियों ने बताया कि गंगा और इसके आसपास के इलाकों में घड़ियालों का दिखना असामान्य नहीं है, क्योंकि यह एक संरक्षित प्रजाति है।



उन्होंने यह भी बताया कि घड़ियाल बिना उकसावे के हमला नहीं करते। फिर भी, ग्रामीणों को सावधानी बरतने और नदी के पास जाते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहली बार इतने बड़े घड़ियाल को अपनी आंखों से देखा है, जिससे पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# जेएमएसआईटी में धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएसआईटी कॉलेज में भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कॉलेज परिसर में 11 दिनों तक स्थापित रही गणेश प्रतिमा की पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद, एक भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और कॉलेज स्टाफ शामिल हुए।

ढोल-ताशों और गणेश के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के नारों के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति को विदा किया। इस अवसर पर, कॉलेज के अध्यक्ष राकेश सिंहल ने कहा कि गणेश उत्सव एकता, अनुशासन और हमारी सांस्कृतिक परंपराओं



को बनाए रखने का संदेश देता है। वहीं, महासचिव डा. हिमांशु सिंहल ने इस पर्व को सामूहिकता और एकजुटता का प्रतीक बताया। कॉलेज के निदेशक अनिरुद्ध बिस्वास ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सांस्कृतिक चेतना की क्षमता और समाजसेवा की भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। प्राचार्य प्रवीण गुप्ता ने गणेशोत्सव को सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न अंग बताया। पूरे कार्यक्रम का संचालन गौरव शर्मा, कैंपस मैनेजर ने प्रभावी ढंग से किया। इस दौरान छात्रों ने कई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

# एनएचएआई के अवरोधकों के विरोध में लोगों का आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चंडी मंदिर के सामने बने कट पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लगाए गए अवरोधकों को स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने जोरदार विरोध के बाद बुलडोजर से हटवा दिया। इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए।

मौजूद लोगों का कहना है कि यह मंदिर दैनिक आने वाले हजारों भक्तों के लिए एक प्रमुख पूजा स्थल है। उनका तर्क है कि इस कट पर अवरोधक लगाने से आने-जाने में गंभीर असुविधा होगी और सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ेंगी। लोगों ने यह भी दावा किया कि इस मार्ग पर पहले कभी कोई दुर्घटना नहीं हुई है और प्राधिकरण की यह कार्रवाई




अनावश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसा कोई और प्रयास किया गया तो उनका आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। इस मौके पर अखिलेश मित्तल, मनीष माहेश्वरी, पवन तोमर, सुशील तोमर, यादराम, गुरमीत बंटी, पंकज, अकेला भगवान सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा की थीम कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा की थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के निर्देश पर यह कार्यक्रम नगरपालिका में स्थित कस्तूरबा विद्यालय में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित सेंटर मैनेजर ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के बारे में अध्यापकों और छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है, जिसमें अनुचित प्रस्ताव, यौन व्यवहार और काम के लिए एक शत्रुतापूर्ण माहौल बनाना शामिल है। इस उत्पीड़न को रोकने के लिए,



हर जिले में एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। कोई भी पीड़ित महिला अपनी शिकायत इस समिति में दर्ज करा सकती है। सुरक्षित वातावरण अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण कार्यस्थल बनाना है, ताकि वे बिना किसी डर के काम कर सकें। इस कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर सोनिया, परामर्शदाता रविता व रिंकी पैरामेडिकल ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

# एबीवीपी ने बाराबंकी में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में निकाली मशाल यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बाराबंकी के रामस्वरूप मेमोरियल विश्व. विद्यालय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में हापुड़ में मशाल यात्रा निकाली। यह लाठीचार्ज विश्व. विद्यालय में बिना मान्यता के चल रहे एलएलबी कोर्स को लेकर हुए विवाद के बाद हुआ था।

यह मशाल यात्रा तहसील चौराहे से शुरू होकर नगर पालिका पर समाप्त हुई। कार्यकर्ताओं ने इस घटना को छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया। उनका कहना था कि पुलिस ने निर्दोष छात्रों पर लाठियां बरसाईं, जो पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। एबीवीपी ने इस




घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। जिला संयोजक आकाश शर्मा ने कहा कि अगर छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई, तो एबीवीपी एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में सागर कौशिक, तुषार भारद्वाज, अंजली मिश्रा, अमन ठाकुर और अनुज वर्मा समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक नजर

### वरुण मिश्रा संभालेंगे हापुड़ सदर सीओ की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में कानून व्यवस्था को और बेहतर करने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में कुछ बदलाव किए हैं। यह फेरबदल प्रशासनिक दक्षता और जिले में शांति बनाए रखने के लिए किया गया है।



एसपी ने गढ़मुक्तेश्वर के सीओ को वरुण मिश्रा को अब हापुड़ शहर का नया सीओ बनाया है। तो वही स्तुति सिंह जो पहले हापुड़ शहर की सीओ थीं, उन्हें अब गढ़मुक्तेश्वर का सीओ नियुक्त किया गया है। यह बदलाव शुक्रवार देर रात को किया गया। इसी के साथ सीओ राहुल यादव को सीओ ट्रैफिक की अपनी मौजूदा जिम्मेदारी के साथ-साथ, उन्हें अब आंकिक शाखा का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। ये बदलाव दिखाते हैं कि बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन गतिशील रूप से समायोजन कर रहा है। शुरुआती बदलावों में जितेंद्र कुमार को सीओ सिटी से सीओ ऑफिस में स्थानांतरित किया गया था और स्तुति सिंह को सीओ ऑफिस से सीओ सिटी बनाया गया था। हालांकि, देर रात जारी किए गए संशोधित आदेशों ने इन नियुक्तियों को बदल दिया।

### किशोर पर हमले की घटना, पिता ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी में एक किशोर पर अज्ञात आरोपितों ने हमला कर दिया। घटना तब हुई जब पीड़ित किशोर ई-रिक्शा में कपड़ा लादकर घर लौट रहा था। रास्ते में कुछ आरोपितों ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित के पिता अलीमुद्दीन ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच शुरू की गई है। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर आरोपितों की शिनाख्त की जा रही है। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दुकान में चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने सबली गेट के पास स्थित दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी का बैटरा व अवैध चाकू बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा थाने के मुकदमा अपराध संख्या 557/25 धारा 305 बीएनएस का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को आनन्द विहार नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी का बैटरा व अवैध चाकू बरामद हुआ है। चोरों की पहचान गुफरान उर्फ हट्टी पुत्र मोहम्मद फजले निवासी मोहल्ला रफीकनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड, अंसार पुत्र हनीफ वर्तमान निवासी गली न. 3 मजीदपुरा थाना हापुड नगर जनपद हापुड और अयान पुत्र आजाद उर्फ पप्पी निवासी रफीकनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने दुकानदार में हुई चोरी का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

### जानलेवा हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव सरुरपुर निवासी गुलबहार ने बताया कि वह किसी कार्य से बाहर गई थी। तभी उसका भतीजा वहां आया और उसकी बेटी के साथ गाली गलौज करने लगा। बेटियों ने उनका विरोध किया तो आरोपी ने उनकी बेटियों के साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाली पत्नी व उसके प्रेमी को सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत, एक पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में उसकी पत्नी और उसके प्रेमी को सजा दिलाई है।

14 मार्च 2016 में हापुड़ जिले के सिंभावली थाना क्षेत्र में, राशिदा ने अपने प्रेमी दिलशाद उर्फ दिल्लू के साथ मिलकर अपने पति अलाउद्दीन को आत्महत्या के लिए उकसाया। इस घटना के संबंध में थाना सिंभावली में मुकदमा अपराध संख्या 165/2016 धारा 306 आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के तहत मामला दर्ज किया गया था। 7 अप्रैल 2016 को पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शनिवार को एडीजे प्रथम, हापुड़ के न्यायालय ने इस मामले में फैसला सुनाया। न्यायलय ने राशिदा और दिलशाद उर्फ दिल्लू को दोषी ठहराया गया। इस दौरान न्यायलय द्वारा दोनों को 5-5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक पर 10,000-10,000 रुपये का जुर्माना कुल 20,000 रुपये भी लगाया गया। इस मामले में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान का महत्वपूर्ण प्रभाव देखा गया, जिसका उद्देश्य अपराधियों को कम से कम समय में सजा दिलाना है। हापुड़ पुलिस की गुणवत्तापूर्ण जांच और अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के कारण यह सजा संभव हो पाई।

# हापुड़ पुलिस ने बचाई दो छात्राओं की परीक्षा, बनीं देवदूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में शनिवार को आयोजित पीईटी यानी प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा के दौरान एक दिल छू लेने वाली घटना सामने आई। बुलंदशहर से हापुड़ के एलएन पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र जा रही दो छात्राओं, शबनम और आशा, की स्कूटी अचानक खराब हो गई, जिससे वे संकट में फंस गईं। लेकिन, हापुड़ पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता ने न केवल उनकी परीक्षा बचाई, बल्कि एक नेक काम की मिसाल भी पेश की।

जब शबनम और आशा समय पर परीक्षा केंद्र पहुँचने की कोशिश कर रही थीं, तभी हाईवे पर उनकी स्कूटी खराब हो गई। परीक्षा का समय नजदीक था और वे असहाय महसूस कर रही थीं। इसी दौरान, थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। उन्होंने छात्राओं को परेशान देखकर तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और उनकी समस्या जानी। बिना समय गंवाए, उन्होंने दोनों छात्राओं को अपनी पुलिस गाड़ी में बैठाया और तेजी से परीक्षा केंद्र की ओर रवाना हो गए। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की वजह से शबनम और आशा समय रहते परीक्षा केंद्र पहुँच गईं और परीक्षा हॉल में प्रवेश कर सकीं। परीक्षा के बाद, पुलिस ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई और उनकी खराब स्कूटी को ठीक कराकर उन्हें वापस भेजा। परीक्षा के बाद, शबनम और आशा ने भावुक होकर पुलिस का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, जब हमारी स्कूटी खराब हुई, तो हमें लगा कि हमारी सारी मेहनत बेकार



हो जाएगी। लेकिन, पुलिस हमारे लिए देवदूत बनकर आई। आज हमें एहसास हुआ कि वर्दी में सिर्फ सख्ती नहीं, बल्कि संवेदनशीलता भी होती है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस का कर्तव्य सिर्फ अपराध रोकना नहीं, बल्कि लोगों की मदद करना भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के लिए परीक्षा जैसे अवसर बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, और उन्हें गर्व है कि उनकी टीम ने छात्राओं की मदद की। हापुड़ पुलिस हमेशा जरूरतम. दों के साथ खड़ी है।

# आतिशबाजी व ढ़ोल-नगाड़ों के साथ हुआ गणपति विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा एवं ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आर्यनगर स्थित लालपार्क वाली गली में आयोजित 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान गणपति बप्पा के भव्य विसर्जन के साथ हुआ।

माँ काली रूप के मनमोहक झाँकी दर्शन, ढ़ोल-नगाड़ों की गूंज और रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच श्रद्धालु बप्पा के जयकारों में झूम उठे। गुलाल के रंगों से सराबोर भक्तजनों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ विसर्जन यात्रा में भाग लिया। विसर्जन से पूर्व भगवान गणेश का विशेष पूजन एवं आरती परामर्श मंडल विद्वान पंडित आशुतोष शुक्ला के आचार्यत्व में



भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष पंडित के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले', कार्यक्रम संयोजक पंडित मोक्ष शर्मा व पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

शोभायात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए फल, मिष्ठान, लस्सी और शरबत का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पाण्डेय के साथ महामंत्री अनिशा सोनी पाण्डेय, कोषाध्यक्ष मित्र प्रसाद काफले, संरक्षक डा. वासुदेव शर्मा, मंत्री डा. करुण शर्मा, आचार्य देवी प्रसाद तिवारी, सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल रहे।

# स्वदेशी अपनाने से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था : विभू बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहे स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत शनिवार को जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि स्वदेशी को अपनाना समय की मांग है। भारतीय उत्पादों के प्रयोग से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा। महामंत्री अमित टांक ने कहा स्वदेशी सामान प्रत्येक भारतीय की पहचान है। इस पहचान को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नगरवासियों से विदेशी सामान छोड़कर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का आहवान



किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता, जिला सहसंयोजक विपुल अग्रवाल, नगर संयोजक अंकित गोयल, विश्व प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री ललित मोदी, नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, उपाध्यक्ष नितेश तोमर, सभासद शिवकुमार, हिमांशु अग्रवाल, कमल कंसल और अखिलेश मित्तल उपस्थित रहे।

# 1.8 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

## 10 करोड़ की फर्जी इनवॉयस बनाकर किया था जीएसटी क्लेम, जांच में मिली थी गड़बड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने फर्जी इनवॉईस बनाकर 1.8 करोड रूपये का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित आरोपी को आज गिरफ्तार किया है।आरोपी ने निजी कंपनी के जीएसटी पोर्टल की आईडी और पासवर्ड हैक कर लगभग 10 करोड़ की फर्जी इनवॉइस तैयार कर इनपुट टैक्स क्रेडिट के जरिए 1.80 करोड़ का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी की थी।

साइबर थाना पुलिस ने अभिनव त्यागी पुत्र सत्यवीर त्यागी को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के थाना बिसरख क्षेत्र के एक सोसायटी से गिरफ्तार किया है। एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा साइबर शैव्या गोयल ने बताया ने बताया कि अभिनव त्यागी ने कंपनी के अकाउंट सेक्शन में इनकम टैक्स रिटर्न, जीएसटी पोर्टल पर कार्य करते हुये लगभग 10 करोड रूपये के फर्जी इनवॉईस बनाकर 1.8 करोड रूपये का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी की थी।



कंपनी प्रबंधन को इस फर्जीवाड़े की भनक तब लगी जब जीएसटी पोर्टल पर 1.80 करोड़ की बकाया देनदारी दिखने लगी। कंपनी का कहना है कि ऐसी कोई वस्तु न खरीदी गई और न ही बेची गई है। जांच में सामने आया कि यह इनवॉइस पूरी तरह से कूटरचित और मनगढ़ंत है। पूर्व कर्मचारी अभिवन त्यागी ने पोर्टल हैक कर अवैध रूप से इनवाइस जनरेट की। कंपनी के ओर से थाना साइबर क्राइम में बीएनएस धाराओ और 66 सी आईटी एक्ट का दर्ज कराया गया था।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने मोटी रकम हड़पने के बाद चुपचाप इस्तीफा देकर फरार हो गया था । पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आज उसे एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से 4 मोबाइल फोन, 8 सिम कार्ड फर्जी रेन्ट एग्रीमेन्ट और अन्य जीएसटी दस्तावेज, लैपटॉप, एक मारुति कार आदि बरामद किया गया है।

### बैठक में एओए अध्यक्ष को हटाने पर सहमति बनी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सेवियर ग्रीन आर्ट सोसाइटी में शुक्रवार को एओए सदस्य और अन्य लोगों ने बैठक की। इसमें एओए अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए सहमति जताई गई। अब इसकी शिकायत डिप्टी रजिस्ट्रार से शिकायत की जाएगी। एओए सदस्य निमित्त ने बताया कि अध्यक्ष पवन कुमार चौधरी अपने पद का दुरुपयोग करते हैं। सोसाइटी के कार्यों में उदासीनता दिखाते हैं और नियमों के खिलाफ कार्य कराते हैं। इतना ही नहीं सोसाइटी के लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। इसको लेकर शुक्रवार को सोसाइटी में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एओए के 10 सदस्यों में से सात सदस्यों ने अध्यक्ष को हटाने पर सहमति जताते हुए और प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। बैठक में मौजूद सोसाइटी के अन्य लोगों ने भी अध्यक्ष को हटाने पर सहमति जताई। अब उनकी ओर से सोमवार को डिप्टी रजिस्ट्रार से इस मामले की शिकायत कर अध्यक्ष को हटाने की मांग की जाएगी।

# सपनों का घर बना सिरदर्द, बिल्डर के खिलाफ लोगों ने खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन माईवुड्स सोसाइटी के फ्लैट खरीदारों और निवासियों ने बिल्डर की लापरवाही से परेशान होकर शनिवार को सोसाइटी परिसर में हंगामा किया। खरीदारों का आरोप है कि बिल्डर ने पूरे पैसे लेने के बावजूद अभी तक घर नहीं दिए हैं। कुछ लोगों ने जबरन घर तो ले लिए हैं, लेकिन अब तक कई टॉवर की ओसी, सीसी बिल्डर ने अभी तक नहीं ली, क्योंकि टावर का काम अभी अधूरा है।

निवासी कृष्णा नंद ने बताया कि बिल्डर ने फ्लैट खरीदारों से पैसा लेकर उसे अपनी निजी संपत्तियों में डायवर्ट कर दिया है। पूरा पैसा बिल्डर को दे चुके बायर्स के फ्लैट्स की रजिस्ट्री तक नहीं हो पाई है। जबकि खरीदारों ने सरकारी फीस, स्टांप ड्यूटी तक जमा कर दी है। सबवेंशन स्कीम के बायर्स को तो जो किस्तें बिल्डर ने बैंक को अदा करनी थी वह किस्तें भी खुद चुकानी पड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को यहां फ्लैट मिल चुके हैं। उन्हें लिफ्ट का रख रखाव ठीक से न होने के कारण जान जोखिम में डालकर लिफ्ट का प्रयोग करना पड़ता है। हर टॉवर की कोई न कोई लिफ्ट अक्सर खराब पड़ी रहती हैं।

**सफाई व्यवस्था बेहद खराब:** निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में हाउसकीपिंग और सफाई व्यवस्था बेहद खराब है। सोसाइटी के बेसमेंट और ग्राउंडफ्लोर पर लावारिस कुत्तों के झुंड के कारण लोग दहशत में बने रहते हैं। फेज तीन के जिन टावर्स में लोग रह रहे हैं। उन अधूरे टावर में प्लास्टर, पेंट, फिनिशिंग, लाइटिंग, फायर फाइटिंग का काम अभी अधूरा पड़ा है। बेसमेंट की मैकेनिकल पार्किंग का कोई आता पता नहीं है। विंग 8 के निवासियों से कॉमन एरिया मेंटेनेंस चार्ज पूरा वसूला जा रहा है,लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां ठेंगा दिखाया जा रहा है।

**बिजली मीटर अभी तक इंस्टॉल नहीं:** कई फ्लैट्स में बिजली मीटर अभी तक इंस्टॉल नहीं हो पाए हैं। प्राधिकरण और बिल्डर के सामने कई बार अपनी मांगे उठाने के बावजूद इन समस्याओं के निराकरण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। निवासियों को प्रतिदिन केवल समस्याओं के दलदल में फंसना पड़ रहा है।

हर दिन निवासी कोई नई समस्या में जूझते रहते हैं। इस मौके पर जॉनी, सुमित गुप्ता, रवि पांडे, अनामिक पांडे, सुनीता, गौरव, रोहिन जीत, मो. निका जैन, नमिता, गुंजन झा, रवि शंकर आदि उपस्थित रहे।

# टैरिफ बढ़ने से जिले में निर्यात घटा

- **महीने भर में 40 प्रतिशत कम हो गया निर्यात, अब ओर गिरने का सता रहा डर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अमेरिका की ओर से कपड़ा निर्यात समेत अन्य उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से निर्यात का ग्राफ लगातार गिरने लगा है। पहले टैरिफ की घोषणा से बीते महीनेभर में ही 40 प्रतिशत तक निर्यात घट गया है। जिले के उद्यमियों को अभी और निर्यात घटने का डर सता रहा है। हालांकि, निर्यातक नुकसान की भरपाई के लिए दूसरे देशों का भी रुख कर रहे हैं। उद्यमियों के अनुसार, जिले से अमेरिका समेत विश्व के अन्य देशों में 92 हजार करोड़ रुपये का निर्यात किया जाता है। इसमें कपड़ा निर्यात, ऑटो पार्ट्स, लेदर, हस्तशिल्प, हथकरघा समेत अन्य सेक्टर से उत्पाद शामिल हैं।

शहर के उद्यमियों के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार है। अकेले अमेरिका से ही सालाना करीब 30 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होता था। अगस्त महीने में ही 25-25 प्रतिशत दो बार टैरिफ बढ़ने के बाद उद्यमियों की चिंता काफी बढ़ गई है। उद्यमियों का कहना है कि अमेरिका के साथ जिस तरह की स्थिति बनी हुई, जल्द मामला सुलझता हुआ भी नजर नहीं आ रहा। ऐसे में उन्होंने यूरोप, ब्राजील, दक्षिण अमेरिका आदि देशों के खरीदारों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। हालांकि, अभी तक नए देशों में ऑर्डर नहीं मिले हैं। टैरिफ बढ़ने से पैदा हुई उतार-चढाव की स्थिति से बीते महीने भर में 40 प्रतिशत निर्यात कम हो चुका है। निर्यातक अभिषेक मिश्रा ने बताया कि जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो आने वालों महीनों में स्थिति ओर बिगड़ जाएगी। उन्होंने बताया कि उनका अमेरिका को हर महीने दो से तीन हजार करोड़ रुपये का औसतन निर्यात होता था। अब महीने भर में निर्यात घटकर एक हजार से 15 सौ करोड़ रुपये रह गया है।

इस स्थिति से उभर पाना उद्यमियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। निर्यातक अंकुर गोयल ने बताया कि उम्मीद है कि नवंबर 2025 तक अमेरिका के साथ रिश्ते सामान्य हो जाएंगे, लेकिन अभी के हो रहे नुकसान की भविष्य में आसनी से भरपाई भी नहीं हो पाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 में अमेरिका के साथ कारोबार करने वाले निर्यातकों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहेंगे। ऐसे में लाभ कम होता नजर आ रहा है। इस स्थिति से उभारने के लिए सरकार को कुछ राहत देनी चाहिए। 'ईएमआई में भी राहत दी जाए हथकरघा और हस्तशिल्प निर्यातक कल्याण संघ के अध्यक्ष सीपी शर्मा ने बताया कि अधिकांश उद्यमियों ने बैंकों से ऋण ले रखा है। ऐसे में अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव की वजह से कारोबार डगमगाने लगा है। ऐसे में कोरोना काल के दौरान ईएमआई में भी छूट दी गई थी, उसी तरह अब भी छूट दी जाए, ताकि उद्यमियों को कुछ राहत मिल सके। निर्यात प्रोत्साहन राशि एक प्रकार की सब्सिडी निर्यात प्रोत्साहन राशि केंद्र सरकार की ओर से निर्यातकों को दी जाने वाली एक तरह की सब्सिडी होती है। इसका उद्देश्य देश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाना और निर्यात को बढ़ावा देना होता है। विदेश राजस्व को बढ़ाना होता है। अभी अमेरिका के साथ निर्यात में गिरावट आई है। शहर के उद्यमियों को उम्मीद नहीं थी कि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हो जाएगा।

# यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण बोर्ड बैठक में किसानों को फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 86वीं बोर्ड बैठक शनिवार को प्राधिकरण सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव (औद्योगिक विकास विभाग) एवं प्राधिकरण अध्यक्ष आलोक कुमार ने की। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राकेश कुमार सिंह ने विभिन्न एजेंडा बिंदु रखे, जिन पर गहन विचार-विमर्श के बाद कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इन निर्णयों से क्षेत्र के किसानों, उद्योगों और शहरी विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

प्राधिकरण की 86वीं बोर्ड बैठक ने एक साथ कई मोर्चों पर विकास का खाका पेश किया है। किसानों के हित में उठाए गए कदम, स्मार्ट विलेज और अर्बन सेंटर जैसी योजनाएं ग्रामीण व शहरी जीवन में बड़ा बदलाव लाएँगी। वहीं, लॉजिस्टिक हब, एक्सपोर्ट क्लस्टर और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी औद्योगिक योजनाएं न केवल निवेश आकर्षित करेंगी बल्कि हजारों रोजगार भी उपलब्ध कराएंगी। कुल मिलाकर यह बैठक यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र को उत्तर भारत का सबसे तेजी से विकसित होने वाला औद्योगिक और शहरी केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

**हजारों किसानों को सीधा आर्थिक लाभ:** बैठक में प्रस्तुत वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 अगस्त तक प्राधिकरण की कुल प्राप्तियां 1314.10 करोड़ रहीं। दूसरी ओर, इस अवधि में 2063.41 करोड़ का भुगतान किया गया। यह दर्शाता है कि विकास कार्यों पर प्राधिकरण का खर्च आय से कहीं अधिक है, जिससे बड़े पैमाने पर





बुनियादी ढांचा खड़ा करने की मंशा स्पष्ट होती है। भूमि अधिग्रहण प्रभावित किसानों को अब तक 2835.03 करोड़ का 64.7% अतिरिक्त प्रतिकर (नो लिटिगेशन इंसेंटिव) दिया जा चुका है। इस कदम से हजारों किसानों को सीधा आर्थिक लाभ हुआ है और विवादित भूमि मामलों के निपटारे में तेजी आने की संभावना है।

**7% आबादी भूखंड योजना:** 29 ग्रामों के पात्र किसानों को अब तक 6260 आरक्षण पत्र जारी किए गए। इनमें से 4171 किसानों को भूखंड आवंटित हो चुके हैं। यह योजना किसानों को स्थायी आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रही है।

**29 गांवों को स्मार्ट विलेज में विकसित करने की योजना:** मास्टर प्लान 2041 के तहत 29 गांवों को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें से 9 गांवों का काम पूरा हो चुका है, 10 गांवों में कार्य प्रगति पर है और शेष 10 गांवों में कार्य प्रस्तावित है। दिसंबर 2026 तक घ125 करोड़ की लागत से सभी गांव आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिए जाएंगे। इसमें सड़क, नाली, सीवर, जलापूर्ति और सामुदायिक ढांचे पर खास जोर रहेगा।

**गौशाला सुविधा पर होंगे करोड़ों खर्च:** आगरा के धीरऊ गौशाला तक पहुंच मार्ग बनाने का निर्णय लिया गया। 2.2 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर 2.15 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसके बन जाने से गौशाला तक पशु आहार और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति आसान होगी।

**आधुनिक प्राधिकरण कार्यालय भवन:** सेक्टर-18 में 27,800 वर्गमीटर क्षेत्रफल में थीम आधारित, ग्रीन बिल्डिंग और भूकंपरोधी प्राधिकरण कार्यालय भवन की डिजाइन को मंजूरी मिली। इस भवन को पर्यावरण के अनुकूल तकनीक और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

**लॉजिस्टिक व वेयरहाउसिंग हब:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सेक्टर-8४ में लॉजिस्टिक हब विकसित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए विशेषज्ञ परामर्शदाता संस्था से अध्ययन कराया जाएगा। इस हब के बनने से आयात-निर्यात गतिविधियों को बल मिलेगा और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**भवन सुरक्षा नीति:** ग्रुप हाउसिंग और व्यावसायिक भवनों के लिए स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी लागू होगी। इसके तहत आईआईटी/एनआईटी जैसे तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञों को पैनल में शामिल किया जाएगा। इस निर्णय से निर्माण की गुणवत्ता पर निगरानी बढ़ेगी और भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

**हाथरस व आगरा में अर्बन सेंटर**

**हाथरस:** फेज-2 क्षेत्र में अर्बन सेंटर विकसित करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।

**आगरा:** मास्टर प्लान 2041 के तहत 14,480 हेक्टेयर भूमि पर 16.5 लाख आबादी को ध्यान में रखकर विस्तृत योजना तैयार की गई है। इसमें 75 हेक्टेयर का सोलर पार्क, जल संरक्षण व्यवस्था, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और आधुनिक सामा. जिक ढांचा शामिल होगा।

**एपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर:** एपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के अंतर्गत अब तक 81 भूखंड आवंटित किए गए हैं। 61 लीज डीड निष्पादित हो चुकी हैं और 7 आवंटियों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इससे क्षेत्र वस्त्र निर्यात के नए हब के रूप में उभर सकता है।

**मेडिकल डिवाइस पार्क:** मेडिकल डिवाइस पार्क में 89 भूखंड आवंटित किए गए हैं। इनमें से 8 आवंटियों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में नए निवेश और रोजगार की संभावना है।

**ठप पड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स:** प्राधिकरण ने 11 बिल्डरों के बकाए की गणना कर 25% नेट ड्यूज की वसूली कर ली है। इस कदम से ठप पड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स को फिर से गति मिलने की उम्मीद है।

## एक नजर

### कंपनी को 50 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-65 में इलेक्ट्रिक उत्पाद बनाने वाली एक निजी कंपनी से धोखाधड़ी कर 50 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। कंपनी प्रतिनिधि ने फेज-तीन थाने में कार्यकारी एचआर, ठेकेदार और सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी के प्रतिनिधि गौरव गौतम ने पुलिस को बताया कि वह कंपनी में एडमिन एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी इलेक्ट्रिक उपकरण तैयार करती है। उनका आरोप है कि कंपनी में एचआर एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत सुघेश सोलंकी, ठेकेदार-सुपरवाइजर हैप्पी यादव और अन्य कर्मियों ने मिलकर डाटा की चोरी कर हेराफेरी की। आरोपियों ने कंपनी की आंतरिक प्रक्रिया का दुरुपयोग किया। फर्जी दस्तावेजों और झूठे कार्य रिकॉर्ड के आधार पर लगभग 50 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया। आरोपियों ने कंपनी में नकली कर्मचारी दिखाकर वेतन का भुगतान करा दिया गया। यह गड़बड़ी दो जून को पकड़ी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कंपनी से धोखाधड़ी की आरोपी महिला को नहीं मिली राहत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने लॉजिस्टिक कंपनी के साथ धोखाधड़ी की आरोपी अन्नू कर की अग्रिम जमानत याचिका को निरस्त कर दिया। हंस ग्लोबल लॉजिस्टिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक परम त्रिपाठी ने सेक्टर-142 कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी कि सह-आरोपी अभिनय कर 22 जून 2021 से निदेशक था। आरोपी ने धोखे से कंपनी के सभी बैंक खातों को अपने नियंत्रण में लेकर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से करोड़ों रुपये निकाले। विवेचना के दौरान अन्नू कर का नाम भी सामने आया। उसके बैंक खाते का उपयोग सह-आरोपी ने किया। अन्नू कर सह-आरोपी अभिनय कर की मां है। महिला के अधिवक्ता ने कहा कि उसके खाते का उपयोग पुत्र ने किया और उसे इस लेनदेन की कोई जानकारी नहीं थी। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

### पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, मोटरसाइकिल भी तोड़ी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ईकोटेक वन थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव में रंजिश के चलते एक युवक की पिटाई कर दी गई। उसकी मोटरसाइकिल तोड़ दी गई।।पीड़ित ने गांव के ही कुछ लोगों पर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मथन सिंह अपने परिवार के साथ अमरपुर गांव में रहते हैं। वह मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। अचानक मोटरसाइकिल का ईंधन खत्म हो गया। वह मोटरसाइकिल लेकर पैदल जाने लगे, तभी गांव के ही संजीव, शिवम, नागेंद्र पुत्रगण नीरज ने रंजिश के चलते उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।मथन के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनकी मोटरसाइकिल भी तोड़ दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि उनकी मोटरसाइकिल से 40 हजार रुपये गिर गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### मोबाइल लूटने वाले को लोगों ने पकड़ा

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** मलकपुर में बाइक सवार दो बदमाशों ने शुक्रवार शाम एक युवक से मोबाइल लूट लिया। शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। ग्रामीणों ने पकड़े गए आरोपी को पुलिस को सौंप दिया है। ग्रेटर नोएडा के लखनावली गांव के रहने वाले निखिल शुक्रवार शाम गांव के बाहर घूम रहे थे। डीएम आवास के पास पहुंचे तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्टा हो गए। घटना की सूचना परिजनों को दी। इस बीच बाइक सवार बदमाश वापस घूमकर आए तो पीड़ित ने उन्हें पहचान लिया और शोर मचा दिया। इस पर ग्रामीणों ने आरोपियों को घेर लिया। इस दौरान एक आरोपी मौका पाकर भाग गया। ग्रामीणों का कहना है कि पकड़े गए आरोपी के पास से 30 से अधिक मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं, इस घटना से जुड़ी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है।

## यूपी प्रो हैंडबॉल लीग की आठ टीमों के नाम की घोषणा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन और 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के सहयोग से आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश प्रो हैंडबॉल लीग के लिए शुक्रवार को आठ टीमों की घोषणा की गई। इसमें गौतमबुद्ध नगर की नोएडा ब्लास्टर्स की टीम को जगह मिली है। साथ ही आयोजकों ने लखनऊ में ट्रॉफी का भी अनावरण किया। वहीं, इस लीग में जिले से भी करीब छह खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे।

गौतमबुद्ध नगर हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव पप्पल गोस्वामी ने बताया कि ट्रॉफी का अनावरण मुख्य अतिथि साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के महासि. चव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रानी सिंह ने किया। इस दस दिवसीय लीग का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती यानी 25 दिसंबर पर होगा। पहले संस्करण में भाग लेने के ट्रायल के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें गौतम बुद्ध नगर के करीब छह खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए दिखाई देंगे। टीमों में चयन के लिए अक्तूबर में आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन (नीलामी) होगी। इसमें चयनित खिलाड़ी नवंबर व दिसंबर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे।

**आठ टीमों के बीच होगी कड़ी स्पर्धा:** लीग में नोएडा ब्लास्टर्स के अलावा मेरठ राउडीज, अलीगढ़ वॉरियर्स, काशी रूद्रास, लखनऊ लैपइड्र्स, गाजियाबाद थंडर्स, अयोध्या रक्षक, आगरा टाइटंस के नामों की घोषणा की गई। इनके बीच ट्रॉफी को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। आठ दिन तक रोजाना चार मुकाबले खेले जाएंगे। नौवें दिन सेमीफाइनल व दसवें दिन फाइनल मुकाबले होंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो में गाड़ियों को बुक करने का मौका मिलेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो के तीसरे संस्करण में लोगों को गाड़ियों को बुक करने का मौका मिलेगा। एक ही स्थान पर गाड़ियां बुक होने से लोगों को अलग-अलग वाहन कंपनियों के डीलर्स के पास जाने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुता. बिक पूरे प्रदेश के वाहनों के लिए शो में 2000 स्क्वायर मीटर जगह निर्धारित है। इसमें गौतमबुद्ध नगर के वाहनों के लिए 500 स्क्वायर मीटर जगह बुक हो गई है। संभव है कि अभी और जगह भी यहां के वाहन डीलर्स बुक कराएं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी वाहन डीलर्स हिस्सा लेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में न सिर्फ इलेक्ट्रिक, हाईब्रिड बल्कि नई लांच होने वाली और सबसे ज्यादा मांग में रहने वाली गाड़ियां भी प्रदर्शित होंगी। प्रदर्शनी में दोपहिया वाहनों की संख्या भी बीते साल से अधिक रहेगी। शो में लोगों को ई रिक्शा भी दिखेंगे। इसके अलावा इलेक्ट्रिक ऑटो भी दिखाई दे सकते हैं। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि 22 सितंबर से नवरात्र हैं। बड़ी संख्या में लोग नवरात्र और धनतेरस पर वाहन खरीदते हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो लोगों के काफी सहायक साबित होता है। वाहन पर जीएसटी में छूट भी लागू हो जाएगी। ऐसे में वाहन खरीदने में लोगों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक और हाईब्रिड वाहनों को प्रदर्शित करना इनके प्रति लोगों को जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर प्रदेश सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। इसमें दोपहिया और चार पहिया, दोनों तरह के इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं। गाड़ी की उपलब्धता के आधार पर डिलीवरी प्राप्त कर सकेंगे डीलर्स के अनुसार लोग वाहन को खरीदने के लिए पहले बाजार में सर्वे करते हैं।

अलग-अलग वाहन निर्माता कंपनियों के डीलर्स के पास जाते हैं और वाहन संबंधी जानकारी प्राप्त करते हैं। छूट और ऑफर्स की जानक. ारी भी प्राप्त करते हैं। उत्तर प्रदेश अंत. रराष्ट्रीय व्यापार शो में यह सब एक छत के नीचे मिलेगा। लोगों को भटकने की जरूरत नहीं होगी। त्यौहारों में वाहनों पर छूट के ऑफर की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी। इसके अलावा अपनी मनचाही तारीख पर गाड़ी की उपलब्धता के आधार पर शोरूम से डिलीवरी प्राप्त कर सकेंगे।

## रोड किनारे कूड़ा डालने पर दो और ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एक लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की क्यूआरटी की तरफ से इधर-उधर कूड़ा फेंककर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को सेक्टर ज्यू वन के पास अवैध रूप से कूड़ा फेंकने पर टीम ने दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया है।

स्वास्थ्य विभाग के महाप्र. बंधक आरके भारती ने बताया कि क्यूआरटी ने सेक्टर ज्यू वन के पास सर्विस रोड पर वेस्ट डालते हुए एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़ा। उसे जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। सेक्टर ज्यू वन के पास ही क्यूआरटी ने अवैध तरीके से रोड किनारे कूड़ा गिराते हुए एक और ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा गया तथा उसको भी जब्त कर लिया गया और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। शुक्रवार देर शाम को कुल दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा गया तथा दोनों को मिलाकर एक लाख रुपया जुर्माना लगाया गया। ट्रैक्टर -ट्राली के मालिक के द्वारा भुगतान किए जाने पर ही छोड़ा जाएगा। इससे पहले भी 3 सितंबर को भी क्यूआरटी ने दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया था और एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।

प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा है कि इधर-उधर कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।ऐसे लोगों पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ग्रेटर नोएडावासियों से शहर को साफ सुथरा बनाने में सहयोग करने और इधर-उधर कूड़ा न फेंकने की अपील की है।

# यमुना में बढ़ते जल स्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

- **18 गांव के हजारों लोग त्रस्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

तहसील सदर के 12 और दादरी के 6 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इन इलाकों की लगभग 3700 की आबादी प्रभावित हुई है। इनमें से 3396 लोगों को विभिन्न शरणालयों में ठहराया गया है। शरणालयों में रह रहे लोगों के लिए सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है। यहां तीनों समय भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि किसी को भी भोजन की समस्या का सामना न करना पड़े।



**एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की तैनाती:** राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ की टीम, आपदा मित्र और होमगार्ड को तैनात किया गया है। साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में एसडीआरएफ, पीएसी और अग्निशमन विभाग की टीमें भी सक्रिय हैं।

**अलग-अलग क्षेत्रों में बचाव टीमें तैनात:** तहसील सदर सेक्टर-135 में एसडीआरएफ की टीम तैनात है, जबकि नॉलेज पार्क क्षेत्र में पीएसी 44 बटालियन की टीम काम कर रही है। तहसील दादरी सेक्टर-128 में अग्निशमन और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम मौजूद है।

**पशु शिविर में 1471 गौवंश सुरक्षित:** सेक्टर-135 ग्रीन बेल्ट पुश्ता रोड पर पशु शिविर बनाया गया है। यहां लगभग 1471 गौवंश को सुरक्षित रखा गया है।

**592 राहत किट का वितरण:** अब तक दादरी क्षेत्र में 182 और सदर क्षेत्र में 410 राहत किट वितरित की जा चुकी हैं। प्रशासन लगातार जरूरतमंदों तक राहत सामग्री पहुंचा रहा है।

**स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष व्यवस्था:** शरणालयों में रह रहे लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। विभाग की छह मेडिकल रेस्पॉन्स टीमें एंटी स्नेक वेनम समेत सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध करा रही हैं।

**24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम:** बाढ़ कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है। मदद के लिए 0120-2978231, 2978232 और 2978233 नंबर जारी किए गए हैं।

## कासना से एच्छर तक एसटीपी के शोधित पानी से हो सकेगी सिंचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में भूजल बचाने के लिए सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर प्राधिकरण ने एक और परियोजना को मूर्त रूप दे दिया है। एसीईओ प्रेरणा सिंह की देखरेख में जल- सीवर विभाग ने कासना एसटीपी से एच्छर तक ट्रीटेड वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन लाइन डाल दिया है। करीब 12 किलोमीटर लंबी इस डिस्ट्रीब्यूशन लाइन चालू होने से आसपास के पार्कों और ग्रीन बेल्ट की सिंचाई तथा औद्योगिक उत्पादनों के लिए पानी की जरूरत एसपी के ट्रीटेड वॉटर से पूरी हो सकेगी।

वरिष्ठ प्रबंधक जल राजेश कुमार ने बताया कि अभी तक कासना से लेकर एच्छर तक पार्कों और ग्रीन बेल्ट की सिंचाई के लिए भूजल का इस्तेमाल करना पड़ रहा था। इस लाइन के चालू होने से सिंचाई की जरूरत पूरी हो जाएगी। इसी लाइन से पार्कों और ग्रीन बेल्ट में सिंचाई के लिए पानी का कनेक्शन कर दिया जाएगा। साथ ही आसपास (ईकोटेक- 1 एक्सटेंशन) के उद्योगों को औद्योगिक उत्पादनों के लिए पानी की जरूरत भी इसी ट्रीटेड वाटर से आसानी से पूरी हो सकेगी। उद्योगों की डिमांड पर छोटी लाइन डालकर कनेक्शन कर दिया जाएगा। इससे भूजल की बचत होगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# गौशाला में मृत पड़ी पांच गौवंशों का वीडियो वायरल

## वारयल वीडियो ने किया बिजवाड़ा गौशाला में मृत गौवंशों और व्यवस्थाओं को उजागर, डीएम के आदेशों का नहीं कोई असर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौत तहसील क्षेत्र के बिजवाड़ा गांव की गौशाला की स्थिति चिंताजनक है। गांव में बनी गौशाला का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मृत गौवंशों और व्यवस्थाओं को उजागर किया गया है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है।

प्रशासन द्वारा एक गौशाला बिजवाडा गावं में बनाती गयी है, जिसमे पशुओं को चारा पानी की सुविधा मुहैया करायच जाती है। वही गौवशों का ख्याल रखा जाता है, लेकिन पिछले काफी समय से गौशाला बदहाल है, जिससे लेकर ग्रामीणों ने एक वीडियो बनाकर वायरल की है, जिसमे मृत गौवंश को दिखाया गया है। जहां गौशाला में डाक्टर की व्यवस्था तो है, लेकिन दवाईयों का अभाव है। वही जगह-जगह मृत गौवशों के अवशेष पड़े है। कही दम तोड़ती गौवंश है, जिससे लेकर वीडियो बना कर वायरल किया गया है। वही उच्च अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग भी की गयी है। पिछले दिनो भी बिजवाड़ा गांव में कई गौवंश मृत मिले थे, जिसके बाद प्रशासन ने गौशाला की जांच भी करायी थी। दोबारा एक फिर मृत पडे गौवंशो का वीडियों वायरल हुआ है। गौशाला में गौवंशों की देखभाल में कई समस्याएं आ रही हैं। गौशाला के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन केयरटेकर और गोवंशों के लिए

खतरा बन गई है। गौशाला में गंदगी का माहौल बना हुआ है। लोगों ने अधिकारियों से कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है। अब स्थानीय लोगों ने गौशाला के रखरखाव में सुधार और संबंतिधो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उत्तर प्रदेश सरकार और बागपत के डीएम गौवंशों की देखभाल को लेकर गंभीर हैं, लेकिन स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही चर्चा का विषय बनी हुई है। इस मामले में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि गौशाला में गहरे गढ्ढे में गिरने से गौवंशो की मौत हुई है।

## यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर और लगातार बारिश के कारण गिरे दो मकान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा गांव में यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर और लगातार बारिश के कारण दो मकान ढह गए। इस हादसे में करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मकान गिरते समय खाली होने से कोई जनहानि नहीं हुई।

पीड़ित भाई पवन और जयराम के मकानों की दीवारों में चार दिनों से लगातार पानी रिस रहा था। दीवारों में करीब 3 फीट तक पानी घुस गया था। परिवार के सदस्य मकान खाली करने की तैयारी कर ही रहे थे कि अचानक दोनों मकान भरभराकर गिर गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

## सांसद ने किया बाढ़ पीड़ित जागौस गांव का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सांसद ने शनिवार को छपरौली विकास खंड के जागौस गांव का दौरा कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। सांसद ने मौके पर ही जनसामान्य से सीधे संवाद कर बाढ़ से उपजी समस्याओं को सुना और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को प्रभावित लोगों की त्वरित सहायता के लिए कड़े निर्देश दिए।

जागौस गांव में पहुँचे सांसद ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त घरों, फसल बर्बादी, पीने के स्वच्छ जल की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं में उपजे संकट, सड़क मार्ग व आवागमन में उत्पन्न बाधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। ग्रामीणों ने दर्दभरी आवाज में समस्या गिनाई। सांगवान ने बड़ौत तहसीलदार एवं सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को तत्काल बुलाकर स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही फसल क्षति का आकलन कर प्रभावित कृषकों को उचित मुआवजा प्रदान करने की व्यवस्था तुरंत करें।

## बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर खाद्य सुरक्षा टीम ने की त्वरित कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम सुल्तानपुर हटाना में फूड प्वाइजनिग के कारण के एक ही परिवार के 05 बच्चे बीमार हो गये है। उक्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद बागपत के सचल दल मौके पर पहुंचकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, अन्तर्गत कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान ग्राम प्रधान सचिन एवं अन्य ग्राम व्यक्तियों ने बताया कि राहुल कश्यप पुत्र जगपाल एवं प्रदीप कश्यप पुत्र जगपाल के घर में खाना पकाते समय कुछ गिर जाने के कारण 05 बच्चों की स्वास्थ खराब हो गया, जिन्हे उपचार हेतु हास्पिटल में भर्ती करा दिया गया है। उक्त घटना के कृष्टिगत पीडित पक्ष के घर के खाद्य पदार्थों की जांच की गई किन्तु मौके पर लगभग 500 ग्रा. छाछ मिला जिसका जॉच के लिए नमूना लिए गए। राहुल कश्यप की माता मंजू पत्नी जगपाल ने बताया कि 04सितम्बर की सायं 07बजे जुगमन्दर पुत्र तारे, निवासी ग्राम सुलतानपुर हटाना की परचून की



दूकान से मधुसूदन ब्राण्ड के 04 पैकेट क्रय कर,गरम कर बच्चों को पिलाने से बच्चों का स्वास्थ खराब हो गया।

### एक नजर

## थेली का दूध पीने से बिगड़ी बच्चों की हालत, एक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** खेड़ा हटाना गांव में एक बड़ी घटना सामने आई है। घर में रखा दूध पीने से दो बच्चों की तबीयत बिगड़ी एक बच्चे की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जगपाल कश्यप के दोनों पुत्र डेड वर्ष 3 वर्ष कि उसे समय हालात बिगड़ गई जब फ्रिज में रखा था। थेली का दूध गर्म करके बच्चों को पिलाया गया। दूध पीते ही दोनों बच्चों की हालत बिगड़ने लगी अनन फनन में जगपाल ने अपने दोनों बच्चों को नगर के एक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती करा जिस्म एक बच्चे की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। खाद्य विभाग ने भी इसकी जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में बिक रहे थेली के दूध में केमिकल की मिलावट बताई जा रही है जिसको लेकर खाद्य विभाग में भी हड़काम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार खेड़ा हटाना गांव में चार बच्चों की हालत और खराब बताई जा रही है। पुलिस विभाग खाद्य विभाग दोनों की टीम गांव में पहुंची है और परिवार में पहुंचकर जानकारी जुटा रही है।

## नगर में धूमधाम से निकाली गई गणपति की विसर्जन यात्रा, झूमें श्रद्धालु





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जनपद में भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा डीजे, ढोल नगाड़ो के साथ धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस से पूर्व भगवान गणेश के सिद्धि विनायक स्वरूप की पूजा अर्चना की गई।

यह यात्रा नगर के गुरुद्वारा मंदिर कोर्ट रोड बड़ा बाजार आदि स्थानों से होकर गांधी बाजार पांडव रोड यमुना रोड आदि से गुजरते हुए नगर के राष्ट्रीय वंदना चौक से होते हुए निकल गई। विसर्जन यात्रा के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके अलावा जनपद में बड़ौत छपरौली अमीनगर सराय आदि स्थान पर भी भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा निकाली गई। वही दूसरी ओर जनपद के विभिन्न स्थानो पर आयोजित गणेश महोत्सव के नौवें दिवस में वैदिक मंत्रोंउचारण के साथ भगवान गणपति के सिद्धि विनायक स्वरूप की पूजा-अर्चना कराई। भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टी से यात्रा में भरी पुलिस बल भी तेनात रहा। भगवान ओम्कारेश्वर, चौदस मार्दिका, भद्र मंडल, नवग्रह देवों, को पंचामृत से स्नान करा, नैवेद्य, यज्ञोपवीत, वस्त्र, फल, अर्पित कर पुष्पों से पूजन किया गया। विर्सजन यात्रा में गणपति की पूजा सुन कर विसर्जन यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में आयोजित भजन कीर्तन में श्रद्धालुओं को गणपति के भजनों पर खूब नचाकर शमां बांध वातावरण भक्तिमय किया। गणेश महोत्सव में कुलदीप भारद्वाज, अंकित कश्यप, गौरव कश्यप, सन्नी, ललित कश्यप, ब्रजमोहन, शिवम, शेखर, राहुल, शुभम मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, परचून की दुकान से कई खाद्य पदार्थ जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उक्त बयान का संज्ञान लेते हुए जुगमन्दर की परचून की दुकान का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में भण्डारित समस्त खाद्य पदार्थों की निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि की जाँच की गई। संदेह के आधार पर उक्त दुकान से 05 नमूने मधुसुदन ब्राण्ड का दूध, माउटेन डयू कोल्ड ड्रिंक, फूटी मैगो ड्रिक, मसाला जीरा ड्रिंक, नोवा ब्राण्ड दही जॉच हेतु संग्रहित किये गये एवं शेष खाद्य पदार्थ मधुसुदन ब्राण्ड का दूध-13 पैकेट, 2-माउटेन डयू कोल्ड ड्रिक-88 बोतल, फूटी मैगो ड्रिक 11 बोतल,फेन्टा कोल्ड ड्रिंक 12 बोतल, मसाला जीरा ड्रिक-80 बोतल को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदार जुगमन्दर द्वारा बताया गया कि 04सितम्बर को मेरी दुकान से लगभग 80 पैकेट मधुसूदन ब्राण्ड का दूध विक्रय किया गया। किन्तु राहुल कश्यप के घर के अतिरिक्त उक्त दूध पीने से किसी का भी स्वास्थ खराब नही हुआ। कार्यवाही के दौरान ग्राम प्रधान सचिन एवं गांव के अन्य व्यक्ति एवं थाना अध्यक्ष बडौत मनोज कुमार चाहल, चौकी इंचार्ज अनूप कुमार मय पुलिस बल मौके उपस्थित रहें। खाद्य सुरक्षा टीम में सहायक आयुक्त खाद्य डीपी सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी यज्ञदत्त आर्य एवं अंकिता श्रीवास्तव उपस्थित रही।


## आकिल व मौशीन बने मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को राष्ट्रीय संयोजक राव अब्दुल सत्तार के आद.शानुसार जिलाध्यक्ष कुंवर नईम एडवोकेट मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षता में मौहल्ला देशराज में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे समाज गनमान्य लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान आकिल राजपुत व मौशीन राणा को मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस मौके पर उन्होने कहा कि टीम ने जो हमे जिम्मेदारी सौंपी है हम तहदिल से पुरी राजपुताना टीम का ये अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करते है। बैठक मौजूद सभी गणमान्य लोगों ने दोनो प्रभारियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

## यमुना नदी के किनारे का जलस्तर घटा, कटान जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश शबगा गांव में यमुना नदी के किनारे का जलस्तर घटा मगर कटान जारी है। यमुना नदी पर तेजी से बढ़ रहे कटान को लेकर दोनों गांव के किसान अभी भी चिंताजनक में ही है। किसानों का कहना है कि यमुना नदी पर जलस्तर तो कुछ काम हो गया है, मगर खेतों पर अभी भी कटान जारी है। तेजी से चल रहे कटान को लेकर किसानो को अभी भी चिंता सता रही है। किसान कुदरत की मार झेल रहा है, जितना नुकसान यमुना नदी ने इस बार किया है, इसी तरीके से नुकसान सन 1978 में भी किया था इसके बाद दूसरी बार अब किसानों का ऐसा नुकसान फसलों का हुआ है। इस बार यमुना मैया ने अपना जो रुद्र रूप धारण किया था। वह बहुत ही कठिन दायक रहा है। गांव में महायज्ञ कराया गया तब जाकर यमुना मैया का गुस्सा कुछ शांत हुआ है। अब गांव के लोग यमुना मैया को मनाने के लिए अपनी लगातार गुहार भी लगा रहे हैं और यमुना मैया का भंडारा करने की भी प्लान बना रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी रजनीश कुमार, अनिल कुमार निमेष विकास कुमार शर्मा लगातार गांव के दौरे पर है।

## ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली भगवान गणपति विसर्जन यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ के तत्वावधान में अर्वाचीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में श्रीगणेश महोत्सव का समापन भगवान गणपति की भव्य विसर्जन यात्रा के साथ किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि डा.सुरेंद्र धामा ने भगवान गणपति की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया। पंडित सुभाष चंद्र शर्मा ने मेट्रो चरण के साथ भगवान का भोग लगाया। श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया उसके उपरांत विसर्जन यात्रा निक.ाली गई।

यात्रा अर्वाचीन स्कूल के प्रांगण से शुरू होकर जेन कालिज रोड, पुलिस चौकी चौराहा, मेंन बाजार, पांडव की पुलिया से होते हुए तांगा स्टैंड पर समाप्त हुई। यात्रा में श्रद्धालु अमीर गुलाल उड़ाकर भगवान से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना कर रहे थे। इस अवसर पर भारी पुलिस बल के साथ कोतवाली प्रभारी यात्रा के साथ-साथ चल रहे थे। इस अवसर पर यात्रा में उमाशंकर वैद, पुनीत, अनुज, बसी, प्रदीप, तरुण, अनिल , अखिलेश चेयरमैन प्रतिनिधि, चौधरी हरेंद्र सिंह, नेतराम, राजू पांचाल,टीना, मीनाक्षी स्वामी, उमेश शर्मा धर्म संघ महामंत्री, विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं आदि ने भगवान गणपति की आमिर गुलाल उड़ाकर, पूजा- अर्चना कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

## राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं से प्रभावित परिवारों को पहुंचाई जाएगी हर संभव मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सांसद ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग को गांव में विशेष मेडिकल कैंप लगाकर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए, ताकि बाढ़ के कारण फैलने वाली बीमारियों पर नियंत्रण रखा जा सके। सांसद ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों से जल निकासी की व्यवस्था समयबद्ध तरीके से की जाए ताकि जलभराव से स्थानीय जीवन प्रभावित न हो। साथ ही आवश्यकतानुसार अस्थायी आश्रय स्थल एवं राहत शिविर स्थापित किए जाएं। सांगवान ने कहा प्राकृतिक आपदा के समय हर स्तर पर त्वरित और समन्वित कार्रवाई करना आवश्यक है। राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाई जाएगी। प्रशासन को सुनिश्चित करना होगा कि फसल नुकसान, जल संकट, स्वास्थ्य एवं आवागमन संबंधी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। इस मौके पर तहसीलदार, स्थानीय जनप्रति.निधि, पंचायत सदस्य एवं ग्रामीण समुदाय की बड़ी संख्या मौजूद रही। सांसद ने प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि उनका हर पहलू ध्यान रखा जाएगा, ताकि वे शीघ्र पुनर्वासित होकर सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। सांसद डा.सांगवान के सक्रिय कार्यवाही व सख्त निर्देश के बाद प्रशासन ने राहत वितरण एवं जल निकासी कार्यों को तेजी से आरंभ कर दिया है। इस कदम को स्थानीय जनमानस में सकारात्मक स्वरूप में देखा जा रहा है।

**सूचना**

मेरी पॉलिसी में मेरा नाम SHAAN MOHD दर्ज है जोकि गलत है। मेरे बैंक खाते व अन्य दस्तावेज में मेरे नाम SHANU ANSARI दर्ज है जोकि सही है। SHANU ANSARI व SHAAN MOHD उक्त दोनों नाम मुझ एक व्यक्ति के ही है।

SHANU ANSARI पुत्र IDDU निवासी पिचोकरा जिला बागपत।

## किसानों के नुकसान की भरपाई को लेकर सरकार से की मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** किसानों ने बताया कि किसानों का करोड़ों रुपए का नुकसान अब तक हो चुका है, जिसकी भरपाई के लिए बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा.राज.कुमार सांगवान लगातार ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगातार अवगत करा रहे है।

लगातार छपरौली क्षेत्र में बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा.राजकुमार सांगवान दौरा कर रहे है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल एसडीएम बड़ौत भावना सिंह राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा भी अपने पैतृक गांव में लगातार निगरानी रख रहे हैं। पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री को फैक्स भेज कर किसानों के मुआवजा की मांग की है।

वही छपरौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा.अजय कुमार ने यमुना नदी पर तट बांध बनवाने लोहे के जाल की ठोकर बंधवाने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है। शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने जागौश शबगा गांव में तीसरी बार दौरा किया है।

उनके साथ सिंचाई विभाग के तमाम अधिकारी भी निरीक्षण पर शनिवार को जागौश गांव में पहुंचे अब यमुना नदी के किनारे लकड़ी की बल्ली प्लास्टिक के कट्टो में मिट्टी भरकर आसपास कटान के पास में मजदूरों को लगाकर रोकथाम कराई जा रही है।

## जिलाधिकारी ने सुनी संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बड़ौत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। तीनों तहसीलो पर संपूर्ण समाधान दिवस में 77 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 13 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कैंप लगाया जाता है, जिसमें पेंशन, दिव्यांग, राशन कार्ड, आयुष्मान, आवास आदि संबंधित विभागों के



स्टाल लगाए जाते हैं और संबंधित लाभार्थी का प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाता है। जिलाधिक.ारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिका.रियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरधना में धूमधाम से हुआ श्री गणेश का विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को नगर में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर चार स्थानों से गणेश विसर्जन यात्राएं निकाली गई। गणेश चतुर्थी पर घरों, मंदिरों और पंडालों में स्थापित की गई। गणेश प्रतिमाओं के बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों की थाप पर नगर भ्रमण कराते हुए गंगनहर में विसर्जित किया गया। दोपहर से शुरू हुआ विसर्जन कार्यक्रम देर रात तक चला। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।

ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। अनंत चतुर्दशी पर सुबह में विधि विधान से श्री गणेश का पूजन और आराधना की गई। घरों में विराजित प्रतिमाओं का विसर्जन सुबह से और पंडालों में स्थापित श्री गणेश प्रतिमा के विसर्जन का सिलसिला दोपहर एक बजे के बाद शुरू हुआ। रामलीला मैदान, मोहल्ला त्यागियान, शिवचौक में चल रहे 11 दिवसीय श्रीगणेश महोत्सव का समापन भी किया गया। समापन अवसर पर विशाल शोभा यात्रा नगर में निकाली गई। जिसका समापन गंगनहर में श्री गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जन कर किया गया। यात्रा के दौरान भक्तों ने भगवान गणेश को गुलाल लगाया और रंग, गुलाल से जमकर होली खेली। विसर्जन यात्रा आशोक की लाट, गंजबजार, कालंद चुंगी, बिनौली रोड व तहसील से होते हुए सरधना गंगनहर नहर पुल पर पहुंची। जगह-जगह यात्रा का स्वागत हुआ। जयकारों से भगवान श्रीगणेश का विसर्जन किया गया। यात्रा के दौरान शहर की सड़के रंग से सराबोर रहीं।



इस दौरान जिस जगह से यात्रा निकली वहां की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद की गई। यात्रा निकलने के बाद ही विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। इस मौके पर अनिल गुप्ता, अमन गुप्ता, आयुष गुप्ता, वैभव बंसल, शानू जैन, ललित गुप्ता, विक्की सैनी, वीरपाल सिंह भाटी, आशीष विश्वकर्मा, यश, ऋषभ जैन, चाहत सोम, मनोज, प्रमोद सक्सैना, अंकुर, राजबीर, नीशू जैन, मोहित, दिव्या प्रवीण, सागर, शुभम, सौरभ, राजू आदि लोग मौजूद थे।

## सुशांत सिटी में तीन राउंड फायरिंग से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना परतापुर क्षेत्र के सुशांत सिटी सेक्टर तीन में सामान खरीदने के दौरान फ्लेट में किराए पर रहने वाले कुछ छात्रों में आपसी विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में गाली गलौज और जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि इसके बाद कुछ छात्रों ने बाहरी दबंग युवकों को बुला लिया। दबंगों ने सुशांत सिटी में कई राउंड फायरिंग कर दी गोलियों की आवाज सुनकर पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने भी हवाई फायरिंग की जिससे कालोनी में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायरिंग करने वाले युवकों की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन किसी का कोई सुराग नहीं मिला पुलिस फ्लैट नंबर से वेरिफिकेशन कर आरोपी दबंग युवकों की तलाश में दबिश दे रही है। थाना परतापुर प्रभारी ने बताया कि दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट और फायरिंग हुई।

# किन्नर समाज ने दिखाई मानवता, बाढ़ पीड़ितों के लिए दिया 59 हजार का सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** समाज सेवा की मिसाल कायम करते हुए किन्नर समाज से जुड़ी छमिया गुरु मां गीता गुरुजी रामराज ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया।

शनिवार शाम 6 बजे रामराज गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छमिया गुरु मां ने 50 हजार रुपये और अन्य किन्नरों ने 9 हजार रुपये मिलाकर कुल 59 हजार रुपये की धनराशि गुरुद्वारे समिति को सौंपी। गुरुद्वारे के अध्यक्ष हरचंद सिंह व मैनेजर मनजीत सिंह को यह राशि दी गई। इस मौके पर गुरुद्वारे के अध्यक्ष हरचंद सिंह ने कहा कि किन्नर समाज द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है और मानवता की सच्ची मिसाल है। छमिया गुरु मां ने बताया कि वह जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। अब तक वह कई निर्धन लड़कियों की शादी करा चुकी हैं और इस समय दो लड़कों व दो लड़कियों की परवरिश कर रही हैं, जिनकी पूरी पढ़ाई और खर्चा वह स्वयं उठा रही हैं। किन्नर समाज का यह कदम न सिर्फ बाढ़ पीड़ितों के लिए सहारा है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा है कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं।



## किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के एक मोहल्ले की किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार बीते माह नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी घर से सामान लेने निकली थी। लेकिन, वापस नहीं लौटी।

परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले की जांच में दिल्ली के थाना नारायणा क्षेत्र निवासी दीपक पुत्र नत्थू लाल का नाम सामने आया। शनिवार को थाना पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दीपक किशोरी को लेकर नानू पुल पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने दबिश दी और किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जबकि किशोरी को परिजनों के सपुर्द कर दिया गया।



# दो कॉलेज एक ही भवन में संचालित होने पर एबीवीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला संभल द्वारा गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन व दयानंद सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन एक ही भवन में संचालित होने पर विद्यार्थी परिषद द्वारा कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया गया। जिसमें परिषद द्वारा कॉलेज में चल रहे अवैध वसूली जैसे प्रैक्टिकल के नाम पर छात्रों से पैसा वसूलना व किसी छात्र की अनुपस्थिति कम है तो उससे पैसे लेकर उसके पेपर कर दिए जाते हैं व एक भवन के अंदर दो-दो संस्थाएं संचालित की जा रही है। जिसमें छात्रों के साथ धोखाधड़ी की जाती है व डी फार्मा में बिना काउंसलिंग के सीधा ऐडमिशन कर लिया जाता है और छात्र से 5लाख ले लिए जाते हैं न ही कॉलेज में कोई कंप्यूटर लैब है न ही कोई प्रयोगशाला है और न ही विषय अनुसार अध्यापक हैं इसी संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया व अपने ज्ञापन में प्रशासन से चार दिन के अंदर कार्रवाई करने की मांग की है, अन्यथा विद्यार्थी परिषद कॉलेज के अंदर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेगी। जिसका जिम्मेदार प्रशासन खुद होगा। इस मौके पर प्रांत सहमंत्री लक्षित सिंघल ने कहा ऐसे कॉलेज द्वारा छात्रों का भविष्य अंधकार की तरफ किया जाता है इसी प्रकार के प्रबंधन समिति छात्रों की फीस लेकर उन्हें बिना किसी डिग्री दिए बाद में हाथ खड़ा कर लेती है। विभाग संयोजक विकास शर्मा ने कहा कॉलेज परिसर में नहीं कोई अध्यापक है न ही कोई प्राचार्य है और न ही कॉलेज में कोई सुरक्षा व्यवस्था है केवल छात्र से पैसे लिए जाते हैं और उसे ठेकेदारी पर पास कर दिया जाता है। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री दिवाकर बावरा, जिला संयोजक संभल पीयूष बिडोलिया, जिला संयोजक मीडिया शोभित मंगत, जिला संयोजक अपिल चौधरी, तहसील सह संयोजक हरित कसाना, हरमन ठाकुर, लकी पंडित, हर्ष सिद्ध, हितेश, शेखर प्रजापति, आदित्य प्रजापति, अमर प्रजापति, कुणाल, अपूर्व, अमर, हिमांशु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सैफी समाज की बैठक में समाज के लोगों ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शादी ब्याह में फिजुल खर्च पर रोक लगाने की मांग**

**मेरठ।** खिदमत ए खल्क फाउंडेशन की एक बैठक सिवाल खास विधानसभा के गांव रसूलपुर धौलडी में आयोजित की गई तथा उसमें यह तय पाया कि आने वाले समय में समाज के साथ एक बड़ा आयोजन जनपद मेरठ में किया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 14 जिलों के सैफी समाज के जिम्मेदारों को लेकर एक आम सहमति बनाई जाएगी के शिक्षा सियासत और फिजूल खर्ची पर कैसे लगाम लगे तथा आने वाले बच्चों का शिक्षा का दायरा किस तरह का होना चाहिए जिसमें समाज में जागरूकता पैदा हो तथा 6 करोड़ 78 लाख का समाज सियासी ताल्लुक से बिल्कुल वंचित हो रहा है तथा शादी ब्याह में कितना खर्च किया जा रहा है कि एक शादी में आदमी कर्जदार हो जाता है। उसका कर्ज अगले 10 साल तक पूरा नहीं उतरता साथ में उसका दूसरा बच्चा शादी के लिए तैयार हो जाता है तथा पूरा जीवन समाज के गरीब व्यक्ति का इसी तरह गुजर जाता है। इस कार्यक्रम में कुरैशी समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें कुरैशी समाज से निसार कुरैशी, भूरा कुरैशी, शहजाद कुरैशी, राशिद कुरैशी, सलीम कुरैशी, मुस्तकीम कुरैशी, इरशाद कुरैशी, आसिफ कुरैशी तथा काफी संख्या में कुरैशी समाज की भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता शकील भारती पूर्व मंत्री ने की तथा संचालन सलमान भारती ने किया।

## डीआईजी के आदेश पर कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर निवासी एक छात्र के साथ पिछले पांच साल से कुकर्म कर रहे एक युवक के खिलाफ थाना पुलिस ने उच्चअधिकारियों के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर। उसे कोर्ट में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया। ग्राम सिंहपुर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले पांच साल से उसके पुत्र के साथ गांव का ही हिमांशु पुत्र मित्रपाल योन संबंध बनाता था तथा उसकी वीडियो भी बनाकर उसे ब्लेकमेल कर अपने पास नोएडा बुलाने का दबाव बनाता था इसी से परेशान होकर पीड़ित छात्र ने 23 अगस्त को कीटनाशक पदार्थ पी लिया था तथा अपनी मां को इस बारे में सब कुछ बता दिया था परिजनो ने पीड़ित को नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां से गंभीर अवस्था में मेडिकल रैफर कर दिया था। पीड़ित पिता तभी से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काट रहा था, मगर पुलिस इस मामले को गांव की राजनीति मानकर रिपोर्ट दर्ज नही कर रही थी। शुक्रवार को पीड़ित पिता डीआईजी से मिला तब डीआईजी के आदेश के बाद पीड़ित पिता की तहरीर पर पोस्को तथा अनेक गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी हिमांशु को पकड़ कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।



# पत्रकारों को मिले निःशुल्क इलाजः ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन

**मवाना, सरधना एवं महानगर के नए अध्यक्षों की हुई घोषणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह ऐसा पहला संगठन है जिसने संगठन के सदस्यों का पांच लाख का दुर्घटना बीमा करवाया और अब संगठन ने पत्रकारों साथियों का निशुल्क इलाज का बीड़ा उठाया है। शनिवार को सर्किट हाउस में हुई बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क ने कहा कि संगठन मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ सभी पत्रकारों के लिए निशुल्क इलाज की मांग करता है। दयाचंद वर्क ने कहा इस मांग को लेकर उन्होंने लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय तक मांग पत्र पहुंचाया है।



सर्किट हाउस में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने तथा संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया। इस दौरान सभी ने एकमत होकर कहा कि ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के संविधान के पहले उद्देश्य में प्रावधान है कि संस्था पत्रकारों के हितों के लिए प्रेस क्लब की स्थापना का प्रयास करेगा और और प्रेस क्लब का संचालन करेगा। अब समय आ गया है इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करी जाए। संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत अस्थाना ने बैठक को संबोधित करते हुए इस कदम को सकारात्मक बताया। वहीं राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि संगठन पत्रकारों के निशुल्क इलाज के लिए प्रयासरत है। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार मुनेंद्र त्यागी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा और आगामी राष्ट्रीय कोर कमेटी की मीटिंग यह घोषणा कर दी जाएगी।

**यह रहे मौजूदः** इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश चौहान, राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, नरेंद्र शर्मा, विपिन हरित, मुमतियाज अली, विवेक त्यागी, सलमान भारती, वसीम खान, कादिर खान, राशिद, हैदर मेहंदी, मोहम्मद जाकिर तुर्क, आसिफ अल्वी, सुनील कुमार, रामकृष्ण रघुवंशी, संदीप चौहान, दीपक शर्मा, प्रवेश कुमार, हरविंदर सिंह भी उपस्थित रहे।

### मवाना में अजय ठाकुर व सरधना में शाहीन तहसील अध्यक्ष घोषित


बैठक में प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान के अनुमोदन पर मवाना में अजय ठाकुर व सरधना में शाहीन परवेज को तहसील अध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही साथ महानगर अध्यक्ष के लिए तैयब अली के नाम की घोषणा की गई। इस दौरान शाहवेज खान ने कहा कि महानगर से लेकर मवाना में सरधना तहसील तक संगठन अपनी जड़े मजबूत कर रहा है। आने वाले समय में पत्रकार हितों की आवाज और बुलंद होगी। इसी के साथ-साथ विशेष आमंत्रण पर उपज के जिला उपाध्यक्ष लियाकत मंसूरी भी सर्किट हाउस की बैठक में शिरकत करने पहुंचे जहां पर उन्होंने पत्रकार हितों के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने की बात करी। वहीं मेरठ से वरिष्ठ पत्रकार शाहिद खान ने भी ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन में अपनी आस्था जताई और संगठन के साथ मिलकर पत्रकार हित में काम करने की बात कही। संगठन के जिला उपाध्यक्ष जाकिर तुर्क ने संगठन की एकता की उपलब्धियां को विस्तार से बताया और पत्रकारों को क्यों संगठित होना है इसको लेकर चर्चा की।

# फलावदा में स्मार्ट मीटर का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में ठेकेदार द्वारा बिजली के पुराने मीटर उतार कर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। नए मीटर लगाने का आए दिन विरोध हो रहा है। विरोध के बावजूद कस्बे में काफी संख्या में उपभोक्ताओं की मर्जी के बगैर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगा दिए गए है। उपभोक्ताओं को ठेकेदार द्वारा विश्वास व सही जानकारी नहीं दी गई। यही वजह है कि उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को लेकर असमंजस में है। सोशल मीडिया व यूट्यूब पर दिखाई गई स्मार्ट मीटर की वीडियो ज्यादा यूनिट बनाना व बिना लोड डाले ही रीडिंग बनाना जैसी वीडियो भ्रम फैला रहे है।

सोशल मीडिया पर स्मार्ट मीटर का अधिक बिल आना व इस्तेमाल से अधिक यूनिट बनाना दिखाई जा रहा है जिसको लेकर उपभोक्ता भ्रमित है। वहीं स्मार्ट मीटर की सही जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं दिए जाने पर उपभोक्ता काफी नाराज नजर आ रहे हैं। शनिवार को मौहल्ला ऊंचा पर उपभोक्ताओं ने हंगामा किया। भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद जाकिर, फैजान कुरैशी, इकराम, दाऊद, सुहैल, कामिल, नायाब, कदम आदि का कहना है कि स्मार्ट मीटर के साथ केबल भी दिया जाना है लेकिन ठेकेदार द्वारा पुराने केबल पर ही मीटर लगाकर फर्जी तरीके से केबल का सरकार से भुगतान करवाया जाता है। उधर लोगों का कहना है कि जिन लोगों को मीटर के साथ केबल भी लगाया गया है उनसे अवैध वसूली भी की जा रही है। हालांकि वसूली को लेकर ठेकेदार ने आरोपो को बेबुनियाद बताया है। वहीं मोहल्ला उंचा पर स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया गया। उपभोक्ताओं द्वारा ठेकेदार से नए मीटर के संबंध में सवाल किए गए तो आरोप है कि ठेकेदार संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया। कस्बे में आए दिन मीटर लगाने को लेकर विरोध हो रहा है जिसको लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश है। बतादें कि जब से सरकार स्मार्ट मीटर का प्रस्ताव लाई है जब से प्रदेशभर में प्रत्येक स्तर पर इन मीटरों का विरोध हो रहा है।




## एम्पियर ने मेरठ स्थित अपने शोरूम को अपग्रेड कर नए अवतार में किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रीव्ज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के इलेक्ट्रिक दोपहिया ब्राण्ड एम्पियर ने मेरठ स्थित अपने शोरूम को नए लुक और नए अवतार में पेश किया है। शॉप नंबर 81, 82, रूड़की रोड़ स्थित गुरूकृपा ईवी द्वारा संचालित यह शोरूम उपभोक्ताओं को ईवी रीटेल का अनूठा अनुभव प्रदान कर नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए तैयार है। इस नई रीटेल पहचान के साथ एम्पियर व्यापक ईवी रीटेल यात्रा का नया चरण शुरू करने जा रहा है, जो उपभोक्ताओं के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करते हुए देश भर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के अडॉप्शन को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। एस.पी. ट्रेफिक राघवेन्द्र कुमार मिश्रा उद्घाटन किया।

# ई-रिक्शा की व्यवस्थाओं पर राजनीति चमका रहे हैं ठेकेदार!

## महानगर में दौड़ रहे हजारों अवैध ई-रिक्शा बन रहे हैं जाम का सबब

**ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान काटने पर देते हैं ठेकेदार की धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर में जाम का सबब बने ई-रिक्शाओं पर अब राजनीति शुरू हो गई है। गढ़ रोड स्थित राजहंस में ई- रिक्शाओ के ठेकेदार बने लोगों ने बैठक आयोजित की जिसमें उन्होंने ई-रिक्शा चालक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बैटरी स्मार्ट के चार्जिंग पॉइंट ऑनर्स को लेकर एक एकता सम्मेलन किया। जिसमें ई-रिक्शाओं की व्यवस्थाओं पर चर्चा तो हुई लेकिन महानगर में जाम का सबब बन रहे ई-रिक्शाओं के रूट निर्धारित पर कोई चर्चा किसी नेता ने नहीं की।



महानगर में जाम की स्थिति काफी भयानक होती जा रही है। ई-रिक्शा चालक सड़कों के बीच खड़े होकर सवारी को चढ़ाने व उतारने का काम कर रहे हैं। अगर ट्रैफिक पुलिस उनको ऐसा करने से मना करती है तो वह अपने ठेकेदारों की धौंस देते हैं। हापुड़ अड्डा चौराहा, गोलाकुआं चौराहा व घंटाघर पर इन ई-रिक्शाओं ने जाम की स्थिति पैदा की हुई है। बीते दिनों गोलाकुआ के व्यापारी वर्ग एसपी ट्रेफिक को ज्ञापन भी दे चुका है। उनका कहना था कि अगर बाजारों में ई-रिक्शाओं का आने से नहीं रोका गया तो वह आंदोलन करेंगे। इस दौरान ई रिक्शा चालक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल कौशिक, जितेंद्र कुमार, विश्वनाथ राजोरा, रवि यादव, अमित गुप्ता, सचिन शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### मीडियाकर्मियों से की गई अभद्रता

कार्यक्रम में जहां एक तरफ मीडियाकर्मियों को बुलाकर हाईलाइट करने की कोशिश हुई वहीं कार्यक्रम में मुख्य लोगों में से एक सज्जन ने इस दौरान शराब के नशे में धूत होकर इस कदर होश खोया कि कार्यक्रम की कवरेज करने पहुंचे मीडियाकर्मियों के साथ अमर्यादित भाषा शैली का प्रयोग किया गया यदि उस सज्जन को रोका गया तो वह अमादा फौजदारी होता नजर आया

# डीएम कार्यालय पर गुरु श्रेष्ठ अवॉर्ड का आयोजन

## मिशिका सोसाइटी, मेरा शहर मेरी पहल व गैलेक्सी इंफोटेक का रहा विशेष सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मिशिका सोसाइटी एवं मेरा शहर मेरी पहल द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु श्रेष्ठ अवॉर्ड 2025 का आयोजन जिलाधिकारी कार्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. वी के सिंह डीएम ने सभी चयनित गुरुओं का प्रशस्ति पत्र, साफा व पटका देकर सम्मानित किया व मेरा शहर मेरी पहल की 10 वीं वर्षगांठ पर केक काटा गया।

कार्यक्रम में डॉ. जेएस मलिक, अशोक गर्ग, संजय गोयल, संजय गैलेक्सी, अमित कुमार, डॉ. अमित नागर संस्थापक मिशिका, प्रतिश सिंह, संजय जुत्शी, डॉ. विभा नागर, धर्मेंद्र शर्मा, सोनाली गोयल, विनीता शर्मा, पीयूष गोयल, ऋषि शर्मा, ईश्वर चंद गंभीर आदि उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में प्रो. के डी शर्मा, वरिष्ठ इतिहासकार, गुरु श्रेष्ठ डॉ. अब्दुल कलाम साइंटिस्ट अवॉर्ड 2025 गुरु श्रेष्ठ अवॉर्ड 2025 अमनदीप कोर, गार्गी गर्ल्स स्कूल, हिमानी तिवारी द एवेन्यू पब्लिक स्कूल, रविन्द्र यादव देवनागरी इंटर कॉलेज, डॉ. रीटा गुप्ता प्रधानाचार्य आर्मी पब्लिक स्कूल, अंजलि शर्मा, प्रवक्ता, कॉर्डिनेटर, गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल, रूपाली चौधरी प्रधानाचार्य, वर्धमान एकेडमी, आशुतोष शर्मा, बीडीएस इंटर नेशनल स्कूल, पारुल शर्मा बेसिक शिक्षा, दीपा तोमर, सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल, सरधना, नीना दुरेजा, दीवान पब्लिक स्कूल, मेघा शर्मा, खालसा कन्या इंटर कॉलेज, रेनू, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, किठौर, ज्योति सैनी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पंजाब सिंह मलिक, असिस्टेंट प्रोफेसर, मेरठ कॉलेज, मीनाक्षी सिंह, भारतीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, डॉ. सुनील मालिक, प्रोफेसर, एसवीपी यूएटी मोदीपुरम, संजय रस्तोगी, क्रिकेट कोच, बलजीत कौर, पुलिस मॉडर्न स्कूल, पीएसी, हरमिंदर कोर, दीवान पब्लिक इल स्कूल, शास्त्री नगर, डॉ. बोधिसत्व सील, असिस्टेंट प्रोफेसर आईआईएमटी यूनिवर्सिटी, मेरठ आदि को सम्मानित किया गया गैलेक्सी इंफोटेक का विशेष सहयोग रहा।



## लावड़ क्षेत्र से युवक लापता नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर निवासी गुड्डू (20)शुक्रवार दोपहर घर से निकला था, लेकिन शनिवार देर शाम तक भी घर नहीं लौटा। परिजनों ने थाने पर तहरीर दी। पिता कंवरपाल सिंह ने बताया कि उनके बेटे की मानसिक स्थिति कमजोर है। वह, सिर्फ अपना नाम व पिता का नाम ही जानता है। दोपहर के समय वह घर से निकल गया, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने लगभग 20 गांवों में उसकी तलाश की और मुनादी भी कराई। युवक के लापता हो जाने के बाद परिजन काफी परेशान है।



# देवेंद्र कुमार बने समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय मेरठ में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में उल्देपुर निवासी देवेंद्र कुमार को पार्टी की मेरठ जिला कमेटी का जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति समाजवादी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी (सपा) के प्रदेश अध्यक्ष संतोष जाटव के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष अजय सागर की अनुशंसा पर की गई।

इस मौके पर देवेंद्र कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने देवेंद्र कुमार को बधाई दी। इस मौके पर मौजूद पदाधिकारी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी (सपा), अजय सागर जिला अध्यक्ष मेरठ, रतनपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष मेरठ, मुकेश कुमार जाटव महानगर अध्यक्ष मेरठ अनुज कुमार महानगर उपाध्यक्ष मेरठ, संजीव वर्मा कैंट विधानसभा अध्यक्ष, विपिन चौधरी जिला अध्यक्ष, निरंजन सिंह कार्यालय प्रभारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय राठी आदि उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### हरियाण-पं. बंगाल का दबदबा, गुजरात ने भी जीत दर्ज की

**बेंगलुरु, वार्ता।** 64वां सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के सब-जूनियर ब्वायज (अंडर-15) वर्ग के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबलों की भरमार रही। दिन में जहां हरियाणा और पश्चिम बंगाल ने बड़े अंतर से जीत हासिल कर दबदबा बनाया, वहीं गुजरात ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ दिन का समापन किया। दिन की शुरुआत एक कड़े मुकाबले से हुई, जिसमें मिनर्वा पब्लिक स्कूल (सीआईएससीई) और श्री लीलानंद सेकेंडरी स्कूल (झारखंड) का मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। सीआईएससीई के लिए ममेश (30') और बिकसन (33') ने गोल किए, जबकि झारखंड के लिए संदीप (22') और आशीष (35') ने गोल किए।

### निखत जरीन का जीत ने शुरूआत की लवलीना हारीं

**लिवरपूल, वार्ता।** भारत की स्टार मुक्केबाज निखत जरीन ने शनिवार को लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 51 किलोग्राम भार वर्ग के पहले दौर में शानदार जीत के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी वापसी की घोषणा की जबकि टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगो. हेन महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। 29 वर्षीय निखत जरीन, जो पहले दो बार विश्व चैंपियन रह चुकी हैं और इस साल किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था, ने अपने प्रदर्शन में कोई कमी नहीं दिखाई और पहले मिनट से ही अमेरिका की जेनिफर लोजानो पर हावी होकर 5-0 से जीत हासिल की।

● भारत-पाकिस्तान मैच पर बीसीसीआई सचिव का खुलासा

# सरकार की तरफ से अब तक कोई पाबंदी नहीं: सैकिया

**केन्द्र सरकार ने बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया का कहना है कि भारत सरकार की ओर से एशिया कप को लेकर किसी तरह की पाबंदी नहीं है और हमें सभी मैच खेलने होंगे।

इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को दुबई में मुकाबला होना है, लेकिन इसे लेकर विवाद चल रहा है। सैकिया ने हाल ही में बनाई गई नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है। भारत और पाकिस्तान के बीच अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद रिश्ते और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में मुकाबला कराने को लेकर कई पूर्व क्रिकेटरों ने आपत्ति जताई थी। अगस्त में खेल मंत्रालय ने भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नई नीति का अनावरण किया था जिसे पाकिस्तान पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया था। इस नीति के अनुसार, भारत की टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी और ना ही पाकिस्तान की टीमों को भारत में खेलने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट प्रभावित नहीं होंगे। सैकिया ने न्यूज एजेंसी एएनआई के हवाले से कहा, जहां तक बीसीसीआई की बात है तो हम सरकार के निर्देश का पालन करेंगे। हाल ही में बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट को लेकर भारत की नीति बनी थी जिसके अनुसार, भारत किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकता है। सरकार की ओर से इसे लेकर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था कि हम उन देशों के खिलाफ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे रिश्ते अच्छे नहीं है। इसलिए भारत को बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मुकाबले खेलने होंगे। सैकिया ने कहा, एशिया कप एक बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया उपमहाद्वीप की टीमें शामिल होंगी, इसलिए हमें इसमें खेलना होगा। ऐसे ही आईसीसी टूर्नामेंट में भी जब किसी ऐसे देश से मैच होता है जिससे हमारे दोस्ताना रिश्ते नहीं है तो वहां भी हमें खेलना होता है। जहां तक द्विपक्षीय सीरीज की बात है तो हम ऐसे किसी भी देश के साथ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे मैत्रीपूर्ण रिश्ते नहीं है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई सरकार द्वारा बनाई गई नीति का पालन करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर भारत वैश्विक या बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं जिसमें प्रतिबंध लगना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार की नीति का पालन कर रहे हैं और बीसीसीआई को ऐसा करना भी होगा। यह नीति बहुत सोच-विचार कर बनाई गई है, जिसमें न केवल क्रिकेट, बल्कि अन्य खेलों को भी ध्यान में रखा गया है।

# बीसीसीआई के चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को निर्धारित की है। आम सभा की बैठक सुबह 11:30 बजे मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होगी, जिसका महत्वपूर्ण एजेंडा चुनाव कराना है।

सचिव देवजीत सैकिया द्वारा राज्य संघों को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होंगे। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद और इंडियन प्रीमियर लीग तथा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की संचालन परिषदों का गठन भी एजीएम के एजेंडे में है। बीसीसीआई अपनी शीर्ष परिषद में बोर्ड की आम सभा के एक प्रतिनिधि और भारतीय क्रिकेटर संघ के दो प्रतिनिधियों को शामिल करेगा। इन नियमित मुद्दों के अलावा, वार्षिक आम बैठक का मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों का एक नया समूह बनाना होगा जो अगले तीन वर्षों तक या आगामी खेल विधेयक के वर्तमान संविधान का स्थान लेने तक भारतीय क्रिकेट का संचालन करेंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि छह महीने में खेल विधेयक लागू होने के बाद बीसीसीआई नए चुनाव कराएगा या नहीं, लेकिन फिलहाल बीसीसीआई ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित लोढ़ा समिति द्वारा अनुशंसित संविधान का पालन करने का निर्णय लिया है।

### पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 30 सितंबर को गुवाहाटी में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा, क्योंकि टीम का कोई भी सदस्य इस आयोजन के लिए भारत नहीं जाएगा। जियो सुपर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाक टीम 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सह-मेजबान भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी के क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाली टीमों के कप्तान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और सामान्य तौर पर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ फोटोशूट भी करेंगे। हालांकि, जियो सुपर ने बताया कि न तो पाक कप्तान और न ही पाक का कोई अन्य प्रतिनिधि उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए भारत आएगा।

# ट्रायल 4 में नीरू, भवनीश शीर्ष छह की दौड़ में आगे

● **भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया जिसमें तीन परफेक्ट राउंड और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल है**

**चंडीगढ़, वार्ता।** भूचो एशियाई चैम्पियन नीरू धांडा और एशियाई रजत पदक विजेता भवनीश मेंदिरत्ता ने ट्रैप इवेंट के चार राउंड पूरे होने के बाद भी शीर्ष छह में जगह बनाने की दौड़ में अपनी बढ़त बरकरार रखी।

यह मुकाबला राष्ट्रीय चयन शॉटगन ट्रायल (टी4) के तहत भूचो विलेज भाई देविंदर सिंह सिद्धू गन क्लब, पंजाब में आयोजित किया जा रहा है। भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया, जिसमें तीन परफेक्ट राउंड (25-25 हिट) और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट विवान कपूर और जोरावर सिंह संधू पर चार अंकों की बढ़त बनाई है, जिन्होंने 95-95 अंक बनाए। शार्दुल विहान और काइनन डेरियस चेन्नई अगली पोजीशन पर 93 अंकों के साथ हैं, जबकि सात शूटर - अर्शद हसन खान, फहद सुल्तान, करण, शपथ भारद्वाज, अली अमन इलाही, जसविंदर सिंह और लक्ष्य श्योरण - 92 अंकों के साथ छठे स्थान की दौड़ में बने हुए हैं। ट्रैप महिला वर्ग में, नीरू ने 22, 24, 23 और 23 के स्कोर के साथ कुल 92 अंक बनाकर चार राउंड पूरे होने के बाद बढ़त हासिल की। एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता आशिमा 90 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कीर्ति, राजेश्वरी व सबीरा हारिस ने 89-89 अंक बनाए।

# सिनर-अल्काराज में होगी खिताबी भिड़ंत

● **जैनिक सिनर और अल्काराज ने यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत दर्ज की**





**न्यूयार्क, वार्ता।** शीर्ष दो वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत हासिल की और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के अभियान को केवल दो घंटे से भी कम समय में 6-4, 7-6 (4), 6-2 से जीत के साथ समाप्त कर दिया। 2022 के विजेता अल्काराज ने कहा कि मैंने शानदार टेनिस खेला और यूएस ओपन में अपने दूसरे फाइनल में पहुंचकर खुश हूँ।मैंने एक शारीरिक मैच खेलने की कोशिश की और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया।

फाइनल में स्पेनिश खिलाड़ी का सामना इटली की शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर से होगा, जिन्होंने कनाडा की फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। शुक्रवार को ही, कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और न्यूजीलैंड की एरिन रूटलिफ ने तीन साल में दूसरी बार महिला युगल खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटरीना सिनियाकोवा और अमेरिकी टेलर टाउनसेंड को एक घंटे 29 मिनट में 6-4, 6-4 से हराकर 2023 में जीता गया अपना पहला खिताब फिर से हासिल किया। मैच के बाद डाब्रोव्स्की ने रूटलिफ से कहा कि हमने साथ में बहुत कुछ सहा है, और आज एक चैंपियन के रूप में आपके साथ यहां खड़े होने के लिए मैं बेहद आभारी हूँ।

### 8वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता नौ से

**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना कारागार विभाग नौ से 11 सितंबर तक राजा बहादुर वेंकटका राम रेड्डी (आर. बीवीआरआर) तेलंगाना पुलिस अकादमी में 7वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

कारागार महानिदेशक डा. सौम्या मिशा के अनुसार देश भर के विभिन्न राज्यों से जेल कर्मी, वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और अन्य अतिथि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार 11 सितंबर को समापन समारोह में भाग लेंगे।



# अफगानिस्तान आखिरी ओवर में जीता

● **नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया**

**शारजाह, वार्ता।** अफगानिस्तान ने त्रिकोणीय श्रृंखला के आखिरी लीग मैच में यूएई को रोमांचक मुकाबले में चार रनों से हरा दिया, जिससे मेज़बान टीम अंत तक जीत से महरूम रही। यूएई को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे, और उसने पहली तीन गेंदों पर 12 रन बनाए, इससे पहले फरीद अहमद मलिक ने दो डॉट गेंदें फेंकी और आखिरी गेंद पर आसिफ खान का विकेट लेकर मेजबान टीम को मुश्किल में डाल दिया। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलीशान शराफू, जिन्होंने पिछली रात 68 रन बनाए थे, ने एक शानदार चौका जड़ा। यूएई के लिए पावरप्ले बेहतरीन रहा क्योंकि शराफू और मुहम्मद वसीम ने लगातार बाउंड्री लगाकर स्कोलरग गति को बनाए रखा। उन्होंने पहले छह ओवरों में चार चौके और तीन छक्के लगाए और इस चरण के अंत तक यूएई का स्कोर 54/0 हो गया। मेजबान टीम के लिए दुर्भाग्य से, नूर अहमद ने शराफू को 27 रन पर आउट करके अफग़ानिस्तान के लिए रास्ता खोल दिया। नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उनकी चालाकी के कारण दूसरे छोर से दबाव बढ़ गया। वसीम 40 के पार पहुंच गए थे जब करीम जनत ने गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया , लेकिन अगली ही गेंद पर कैच आउट होकर 44 रन बनाकर आउट हो गए। मुहम्मद ज़ोहैब दो बार बाउंड्री पार करने के बाद आउट हुए और मेहमान टीम लगातार रन बना रही थी। आसिफ आउट हुए और अफगान स्पिनरों के सामने जूझते रहे। ऐसा लग रहा था कि वह कहीं नहीं जा पाएंगे क्योंकि 17वें ओवर की समाप्ति पर वह 13 गेंदों पर 7 रन बनाकर खेल रहे थे। लेकिन जैसे ही गति वापस आई, उन्होंने अपनी टाइलमग फिर से हासिल कर ली। आखिरी तीन ओवरों में 43 रनों की ज़रूरत थी, उन्होंने पहले 18वें ओवर में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए और फिर अगले ओवर में लॉन्ग-ऑफ पर चौका जड़ दिया। दूसरे छोर से हर्षित कौशिक ने एक चौका और एक छक्का लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 17 रन कर दिया। यूएई को 3 गेंदों में 5 रनों की जरूरत थी, इसलिए वे जीतना चाहते थे, लेकिन फरीद की चतुराई भरी डेथ बॉलिंग ने मेहमान टीम के लिए मैच तय कर दिया। इससे पहले, अफ़गानिस्तान ने 170/4 का स्कोर बनाया, जिसकी शुरुआत इब्राहिम जादरान (48) और रहमानुल्लाह गुरबाज (40) के बीच 98 रनों की ओपनिंग साझेदारी से हुई। यूएई ने रन आउट का एक मौका गंवा दिया और एक कैच छोड़ दिया।

### गगन गौड़ा फिर चमके, हरियाणा स्टीलर्स से लड़कर हारे यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** गगन गौड़ा (13 अंक) ने एक बार फिर अपनी चमक दिखाई। गगन ने विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 16वें मैच में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ सुपर रेड के साथ 13 अंक जुटाए लेकिन वह अपनी टीम यूपी योद्धाज की पांच अंक की कम अंतर वाली हार को बचा नहीं सके।

हरियाणा ने यह मैच 37-32 से जीता। शुरुआती 10 मिनट में यूपी का बोलबाला रहा। उसने मौजूदा चैंपियन को 10 मिनट के भीतर आलआउट कर 10-4 की लीड ले ली। यूपी के डिफेंस ने नवीन एक्सप्रेस को आलइन तक रिवाइव नहीं होने दिया। इस दौरान गगन गौड़ा, भवानी राजपूत और हितेश छाए रहे।

### पीजीटीआई नेक्सजेन से सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ की वापसी

● **शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** 2025 प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) नेक्सजेन सीजन का सातवां आयोजन पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊ होगा, जो 9 से 11 सितंबर तक लखनऊ गोल्फ क्लब में खेला जाएगा।

इस टूर्नामेंट में 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि है और यह सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ और पीजीटीआई की वापसी का प्रतीक है। यह आयोजन तीन राउंड (54 होल) में खेला जाएगा, जिसमें कट दो राउंड (36 होल) के बाद लागू होगा। शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे। इस टूर्नामेंट में 72 पेशेवर खिलाड़ी शामिल हैं। इस क्षेत्र के लखनऊ स्थित पेशेवर खिलाड़ी संजीव कुमार, विजय कुमार, संजय, मनोज कुमार, भूप सिंह और आशीष कुमार गुप्ता हैं। इस क्षेत्र के प्रमुख विदेशी खिलाड़ी अमेरिकी जो हर्न और डोमिनिक पिकिरिलो, इटली के फेडेरिको ज़ुचेटी, बांग्लादेश के एमडी मुआज और एमडी सोलायमन और नेपाल के सुबाश तमांग हैं। 2025 पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन बेहद प्रतिस्पर्धी रहा है, जिसमें अब तक आयोजित छह प्रतियोगिताओं में छह अलग- अलग विजेता उभरकर सामने आए हैं। इस वर्ष के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मुख्य टूर पीजीटीआई में छूट मिलेगी। पीजीटीआई के सीईओ, अमनदीप ने कहा कि पीजीटीआई नेक्सजेन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को निखारना है।

# सुआरेज पर छह मैचों का प्रतिबंध



● **कर्मचारी पर थूकने के लिए लगाया गया प्रतिबंध**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के फॉरवर्ड लुइस सुआरेज पर लीग्स कप फ़ाइनल के बाद सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है, आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पिछले रविवार को सिएटल में साउंडर्स की फ्लोरिडा टीम पर 3-0 से खिताब जीतने वाली जीत के बाद हुई झड़प के दौरान हुई। लीग्स कप आयोजन समिति ने एक बयान में कहा कि उसने इंटर मियामी के सर्जियो बुस्केट्स और टॉमस एविलेस पर भी हाथापाई के दौरान लहसक व्यवहार के लिए क्रमश: दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया है। साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को भी इस झड़प में उनकी भूमिका के लिए पाँच मैचों का निलंबन दिया गया है।

सुआरेज की सजा का मतलब है कि वह अगले साल होने वाले लीग्स कप में पूरी तरह से हिस्सा नहीं ले पाएंगे, और चूंकि ग्रुप चरण में प्रति सीजन केवल तीन मैच खेलने की गारंटी होती है, इसलिए यह प्रतिबंध 2027 के संस्करण तक जारी रह सकता है। हालांकि इस प्रतिबंध का मेजर लीग सॉकर में उनकी उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन लीग्स कप समिति ने कहा कि एमएलएस संबंधित खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ पर आगे की अनुशासनात्मक कार्वाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह विवादों की एक लंबी सूची में नवीनतम है जो सुआरेज के 20 साल के पेशेवर करियर के दौरान उनके साथ रहे हैं, जिसमें लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लबों में उनके कार्यकाल शामिल हैं। उन्हें विरोधियों को काटने के लिए तीन बार निलंबन का सामना करना पड़ा है, जिसमें 2014 की एक घटना भी शामिल है जब उन्होंने ब्राज़ील में एक विश्व कप मैच के दौरान इटली के जियोर्जियो चिएलिनी के कंधे को पकड़ लिया था। सुआरेज ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी इस हालिया लापरवाही के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, ष्यह बहुत तनाव और निराशा का क्षण था, जहां खेल खत्म होने के तुरंत बाद ऐसी चीज़ें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं, लेकिन यह मेरी प्रतिक्रिया को उचित नहीं ठहराती।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ भारत की कप्तानी करेंगे अय्यर



● **वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** सितंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो बहुदिवसीय मुकाबलों के लिए श्रेयस अय्यर को इंडिया ए का कप्तान नियुक्त किया गया है। के एल राहुल और मोहम्मद सिराज पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि दूसरे मुकाबले के लिए यह दोनों ही खिलाड़ी दल में शामिल होंगे। बीसीसीआई द्वारा मीडिया रिलीज में बताया गया है कि वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे। चयनित दल में ध्रुव जुरेल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं लंबे समय से भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन को भी जगह दी गई है। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भी शामिल किया गया है, जगदीशन को पंत के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम का बुलावा भी आया था। जगदीशन ने हाल ही में दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफाइनल में साउथ जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ 197 रनों की पारी भी खेली थी। इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन के अलावा पड़क्किल, नीतीश कुमार और प्रसिद्ध भी दल में शामिल किए गए हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे और तनुष कोटियान को भी दल में जगह दी गई है। युवा चेहरों में आयुष बदोनी, यश ठाकुर, गुरनूर बराड़ और मानव सुथार को भी चुना गया है। वहीं तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में प्रसिद्ध का साथ देने के लिए खलील अहमद भी मौजूद रहेंगे। हालांकि चयनित दल में ऋतुराज का नाम नहीं है, गायकवाड़ ने दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफ़ाइनल में सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन के लिए 184 रनों की पारी खेली थी। वेस्ट जोन के कप्तान शार्दुल भी इस दल का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट दल का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला मैच16 से 19 सितंबर और दूसरा मुकाबला 23 से 26 सितंबर तक चलेगा। यह दोनों ही मुकाबले लखनऊ में खेले जाएंगे। वहीं इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच 30 सितंबर, 3 अक्टूबर व 5 अक्तूबर को कुल तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे।

**इंडिया ए टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगदीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), हर्ष दुबे, देवदत्त पड़क्किल, आयुष बदोनी, नीतीश कुमार रेढी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर

### मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र पर हासिल की 118 रन की बढ़त

**बेंगलुरु, वार्ता।** शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87) और हर्ष दुबे (75) की शानदार पारियों से मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन शनिवार को आठ विकेट पर 556 रन बनाकर पहली पारी में 118 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पश्चिम क्षेत्र ने पहली पारी में 438 रन बनाए थे। मध्य क्षेत्र ने कल के दो विकेट पर 229 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसके बल्लेबाजों ने पूरे दिन शानदार बल्लेबाजी की। नाबाद बल्लेबाज शुभम शर्मा ने 60 और पाटीदार ने 47 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। शुभम अपने शतक से मात्र चार रन दूर थे कि तभी रन आउट हो गए। शुभम ने 241 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके लगाए। पाटीदार ने 84 गेंदों पर 77 रन में 14 चौके लगाए। उपेंद्र यादव ने 181 गेंदों पर 87 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

# रूस-यूक्रेन यूद्ध रोकने में असफल रहा: ट्रम्प

## पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया, नहीं कर पाया अपना वादा पूरा

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से संघर्ष चल रहा है और अभी भी इसके थमने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। कारण है कि पिछले दिनों इस संघर्ष को खत्म करने के सभी प्रयास विफल होते दिख रहे है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा नहीं कर सके। ट्रम्प ने माना कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने में नाकाम रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया।

ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले आधिकारिक डिनर पर कही। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी दावा किया कि उन्होंने दुनिया के कई पुराने युद्धों को खत्म किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इस डिनर में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य और अन्य वरिष्ठ मेहमान मौजूद थे। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैंने सोचा था रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान होगा, क्योंकि मेरी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे संबंध है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सबसे मुश्किल निकला। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में कि एक युद्ध जो 31 साल से चल रहा था, 2 घंटे में खत्म हुआ, दूसरा 35 साल, और तीसरा 37 साल



**ट्रम्प ने यह बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले अधिकारिक डिनर पर कही**

पुराना संघर्ष भी उन्होंने सुलझा लिया। बता दें कि ट्रम्प ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर देंगे, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अगस्त में हुई अलास्का शिखर बैठक को उन्होंने उत्पादक बताया, लेकिन कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी कहा कि लोगों ने कहा था कि ये युद्ध खत्म नहीं हो सकते, लेकिन मैंने उन्हें खत्म किया। रूस और यूक्रेन वाला कठिन है, पर हम इसे भी हल करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को ट्रम्प ने अपने युद्ध रोकने के पहले के दावे में बदलाव करते हुए कहा कि उन्होंने सात नहीं, तीन युद्ध रोके हैं।

## रूस पर नई सख्ती की तैयारी

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में अब अमेरिका और यूरोपीय देश इस संघर्ष को खत्म करने की योजना तैयार कर रहे हैं। इसके लिए यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अमेरिकी वित्त मंत्रालय से मुलाकात करेगा। मीडिया रिपोर्ट की माने तो इस टीम का नेतृत्व यूरोपीय संघ के प्रतिबंध दूत डेविड ओ सुलिवन कर रहे हैं। बैठक में रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंधों और अन्य दबावों पर चर्चा होनी है।

इस संघर्ष को जल्द खत्म करने के दावे को लेकर बैठे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रूस और यूक्रेन युद्ध को 3.5 साल बाद भी खत्म न कर पाने से नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच सीधी बातचीत करवाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इन प्रयासों के तहत पहले तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से पिछले महीने अलास्का में एक शिखर बैठक की थी, हालांकि इसके बाद भी रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक अमेरिकी फैक्ट्री पर ड्रोन और मिसाइल हमला कर दिया। ऐसे में सोमवार को होने वाली बैठक पर सभी की नजरें हैं। बता दें कि इस बैठक

**अमेरिका-यूरोप साथ मिलकर तैयार कर रहे योजना**

में व्हाइट हाउस, विदेश विभाग और यूएस ट्रेड प्रतिनिधि के अधिकारी भी शामिल होंगे। यूरोपीय प्रतिनिधि मंडल में ऊर्जा, वित्तीय सेवा, व्यापार और प्रतिबंधों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। ट्रम्प ने हाल ही में यूरोपीय देशों से रूसी तेल की खरीद बंद करने को कहा है, जिससे रूस की जंग को फंडिंग मिल रही है। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप ने एक साल में रूस से 1.1 बिलियन यूरो का तेल खरीदा, जो गलत है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि चीन पर भी आर्थिक दबाव बनाना जरूरी है, क्योंकि वह परोक्ष रूप से रूस की मदद कर रहा है। इस बीच, यूरोपीय देशों ने अलग से बैठक कर यूक्रेन में शांति सेना भेजने पर विचार किया है। लेकिन रूस ने चेतावनी दी है कि अगर विदेशी सैनिक यूक्रेन में तैनात हुए तो उन्हें रूस अपनी तरफ से वैध निशाना मानेगा। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। अमेरिका और यूरोप मिलकर रूस पर दबाव बढ़ाने की रणनीति बना रहे हैं, जबकि ट्रम्प की नाराजगी और असफल डिप्लोमैसी पर अब सख्त रुख अपनाने के संकेत मिल रहे हैं।



अनंतनाग। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## ट्रम्प ने पेंटागन का नाम बदलने के आदेश पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रक्षा विभाग पेंटागन का नाम बदलकर युद्ध विभाग करने के एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए है। उन्होंने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि दुनिया की स्थिति को देखते हुए यह एक अधिक 'उपयुक्त' नाम है।

ट्रम्प ने आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले सीएनएन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह एक अधिक उपयुक्त नाम है, खासकर दुनिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए। हमारे पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है। सीएनएन द्वारा प्राप्त एक तथ्य पत्रक के अनुसार यह आदेश रक्षा मंत्री, रक्षा विभाग और अधीनस्थ

**पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए**

अधिकारियों को कार्यकारी शाखा के भीतर आधिकारिक पत्रचार, सार्वजनिक संचार, औपचारिक संदर्भों और गैर-वैधानिक दस्तावेजों में 'युद्ध मंत्री', 'युद्ध विभाग' और 'युद्ध उप मंत्री' जैसे द्वितीयक पदों का उपयोग करने का अधिकार देता है। पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए और विभाग की वेबसाइट का भी नवीनीकरण किया गया।

### संक्षिप्त समाचार

#### पुतिन ने किया यूक्रेन में पश्चिमी सुरक्षा प्रस्ताव को खारिज

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेरिस शिखर सम्मेलन के बाद युद्धविराम लागू होने के अगले ही दिन यूक्रेन में 'आश्वासन बल' के रुप में सैनिकों को तैनात करने के पश्चिमी प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन के 26 सहयोगी देशों ने लड़ाई रुकते ही सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'थल, जल या हवा' से सैनिकों को तैनात करने की औपचारिक प्रतिबद्धता जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मैक्रों ने इसमें शामिल किसी भी देश का विवरण नहीं दिया। रिपोर्ट के अनुसार पुतिन ने सहयोगियों की पहल को खारिज करने की कोशिश की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में तैनात कोई भी सैनिक 'वैध निशाना' होगा, खासकर अगर वे अभी दिखाई देते हैं, हालांकि तत्काल तैनाती की कोई योजना नहीं है।

#### पाकिस्तान में वर्षाजनित घटनाओं में 21 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 21 लोगों की मौतें हुई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में 13 मौतों की भी पुष्टि हुई है। ये लोग 15 अगस्त को अचानक आई बाढ़ के दौरान लापता हो गए थे और बाद में प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सत्यापन के बाद स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारियों के मुताबिक पूर्वी पंजाब प्रांत में आठ मौतें हुई, जिनमें से जयादातर नदी में आई बाढ़ और घर ढहने के कारण हुईं।

#### शेरपा वियतनाम में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी शेरिंग वांगचुक शेरपा को वियतनाम में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी हैं और अभी विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इससे पहले वियतनाम में संदीप आर्य भारत के राजदूत थे। भारत और वियतनाम के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ संबंधों पर आधारित समग्र रणनीतिक साझेदारी है।

## थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर भागे

**बैंकाक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर अपने प्राइवेट जेट से दुबई चले गए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी। थाईलैंड की कोर्ट 9 सितम्बर को थाकसिन के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन ने एक्स पर लिखा कि वे इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे थे, लेकिन पायलट ने बताया कि जेट को वहां नहीं उतारा जा सकता है, इसलिए उन्हें दुबई जाना पड़ा।

हालांकि, थाकसिन ने लिखा कि वह कोर्ट के फैसले के लिए 9 सितम्बर को वापस लौटेंगे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि थाकसिन वापस नहीं आएंगे। 2006 में पद से हटाए जाने के बाद भ्रष्टाचार के आरोप में जब उन्हें 15 सालों की सजा हुई थी, तब भी वे विदेश भाग गए थे। थाकसिन 2023 में जब थाईलैंड

**इलाज के बहाने दुबई गए, कोर्ट नौ सितम्बर को सजा सुनाने वाली थी**

लौटें तब कोर्ट ने पुराने भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें फिर 8 सालों की सजा सुनाई। इस सजा को थाईलैंड के राजा ने घटाकर एक साल कर दिया।

थाकसिन पर आरोप है कि उन्होंने यह एक साल जेल में नहीं बल्कि पुलिस जनरल अस्पताल के एक कमरे में बिताया है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट जांच कर रही है और 9 सितम्बर को फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन शिनवात्रा ने थाईलैंड में फ्यू थाई पार्टी की स्थापना की। इस पार्टी ने दो दशक से सत्ता में अपना प्रभाव बनाए रखा। शिनवात्रा परिवार 2001 से 2006 तक, 2011 से 2014 और 2024 से 2025 तक शासन में रहा। थाकसिन की बेटी पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा भी थाईलैंड की पीएम रह चुकी हैं।

## तालिबान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा रद्द, पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी

**काबुल।** तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की इस महीने भारत आने की योजना रद्द हो गई। इसके पीछे की वजह है संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के यात्रा प्रतिबंध, जिनमें छूट नहीं मिल सकी। अगर यह यात्रा होती, तो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से किसी मंत्री की भारत की पहली यात्रा होती। संयुक्त राष्ट्र की 1988 प्रतिबंध समिति तालिबान नेताओं पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती और हथियारों पर रोक की निगरानी करती है। इसका अध्यक्ष वर्तमान में पाकिस्तान है, पाकिस्तान ने मुत्तकी को छूट देने से इनकार किया। इस समिति में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य शामिल हैं, और अगर एक भी सदस्य आपत्ति जताए, तो छूट नहीं मिलती। पिछले महीने मुत्तकी की पाकिस्तान यात्रा भी अमेरिका की आपत्ति के कारण रद्द हुई थी।

## भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

### नेपाली पीएम ओली ने मुद्दा उठाया, जिनपिंग बोले: आपका आपसी मामला, मिलकर सुलझाएं

**बीजिंग/काठमांड।** चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इन्कार कर दिया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है।

इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज कराई है। दरअसल, 19 अगस्त



**नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है**

को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है। नेपाल के पीएम ओली 16 सितम्बर को भारत दौरे पर आएंगे। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने, कनेक्टिविटी, व्यापार और विकास सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी।

ओली के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होने की संभावना है। पिछले साल जुलाई में ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनका भारत दौरा लगातार टलता रहा है। ब्रिटिश काल में भी भारत और चीन के बीच हिमालय का लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था।

साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। धारचूला भारत-नेपाल सीमा पर बसा है और आदि कैलाश व मानसरोवर का पारंपरिक मार्ग भी यही है। यह मार्ग लिपुलेख दर्रे से तिब्बत को जोड़ता है। ब्यांस, दारमा और चौंदास घाटी के व्यापारी 10वीं सदी से इस दर्रे के जरिए कारोबार करते आ रहे हैं। 5,334 मीटर ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रा सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक और आर्थिक साझेदारी का प्रतीक भी है। पहले व्यापारी 1100 साल तक पैदल व खच्चरों से माल ढोते थे।

## अमेरिकी विशेषज्ञों ने ट्रम्प को कठघरे में खड़ा किया

### कहा: पीएम मोदी ने नोबेल पुरस्कार देने का समर्थन नहीं किया, तो ट्रम्प इसे दिल पर ले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष विद्वान ने भारत और अमेरिका के संबंधों में आई खटास की संभावित वजह का कारण बताते हुए कहा कि ट्रम्प खुद को वैश्विक शांतिकार दिखाना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन जब पीएम मोदी ने इससे इनकार किया और ट्रम्प के नाम का नोबेल शांति पुरस्कार के लिए समर्थन नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को शायद निजी तौर पर ले गए और बुरा मान गए।

अमेरिकी शिक्षाविद् टैरिल जोंस ने कहा कि ट्रम्प की रणनीति दो पक्षों में बातचीत के लिए पहले बड़ी-बड़ी शर्तें लगाना और फिर उन्हें बातचीत के लिए मजबूर करना है और अभी भी वे यही कर रहे हैं। जोंस ने कहा कि ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी

**ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे**

उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे, लेकिन जब पीएम मोदी ने ऐसा नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को दिल पर ले गए और इसी के चलते ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ लगाया। प्रोफेसर टैरिल जोंस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प वैश्विक नेता बनना चाहते हैं। न सिर्फ राजनीतिक, आर्थिक तौर पर बल्कि भू-राजनीतिक तौर पर भी।

इसलिए उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने में बहुत जल्दबाजी की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी से इससे इनकार करते रहे और उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान से बातचीत के लिए अमेरिका या किसी भी अन्य देश की कोई जरूरत नहीं है। जब ट्रम्प चाहते थे कि पीएम मोदी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए उनके नाम का समर्थन करें, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो ट्रम्प ने इस बात को निजी तौर पर ले लिया। जब ट्रम्प कोई बात निजी तौर पर ले लेते हैं तो वे उस पर प्रतिक्रिया देते हैं और उन्होंने कई मौकों पर कहा भी है कि टैरिफ शब्द इंग्लिश भाषा का सबसे सुंदर शब्द है। अमेरिकी शिक्षाविद् टैरिल जोंस ने ये भी कहा कि अमेरिका, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात कर सकता है, अमेरिका रूस से भी बात कर सकता है, लेकिन हो सकता है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस पर ध्यान न दें, लेकिन भारत ऐसा देश है, जो दोनों देशों से बात कर सकता है और दोनों देशों के नेता, भारत की बात को ध्यान से सुनेंगे। ऐसे में अगर कोई बड़ा देश है तो ये देश मध्यस्थता की भूमिका निभा सकते हैं।

## रिपोर्ट में खुलासा: खालिस्तानी समूहों को कनाडा से मिल रही फंडिंग

**ओटावा।** कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि खालिस्तानी समूहों सहित कई आतंकी संगठनों को राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही है।

कनाडा सरकार की '2025 के धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों के आकलन' रिपोर्ट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित कुछ खालिस्तानी समूहों को राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट में खालिस्तानी समूहों और अन्य आतंकी संगठनों

**कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की, राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही**

पर अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर-लाभकारी और धर्मार्थ क्षेत्रों सहित विभिन्न वित्तपोषण नेटवर्क का गलत फायदा उठाने का संदेह जताया गया है। रिपोर्ट में 'राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद' को नई राजनीतिक व्यवस्था या मौजूदा व्यवस्था के भीतर नए ढांचे और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के उपयोग के रूप में परिभाषित किया गया है। इन चरमपंथी समूहों को कनाडाई कानून के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, जिसमें हमास और हिजबुल्ला भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह के उग्रवाद में धार्मिक तत्व शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह मुख्य रूप से राजनीतिक आत्मनिर्णय या प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है। रिपोर्ट में कहा गया है, खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है।

## किम जोंग उन की वारिस ने खींचा दुनिया का ध्यान

**बीजिंग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बेटी तेरह साल की हैं, लेकिन घुड़सवारी, तैराकी और स्कीइंग में निपुण हैं।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग को लेकर लोगों में उत्सुकता रहती ही है, लेकिन चीन की वार्षिक सैन्य परेड में शी जिनपिंग और पुतिन जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में भी अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की नजर अगर उनकी इस बेटी पर जमी रही, इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार जरूर गर्म हो गया है। हाल ही में हुई चीन की 75वीं वार्षिक सैन्य परेड वैसे तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन समेत करीब 25 राष्ट्र प्रमुखों की मौजूदगी की वजह से दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में रही। लेकिन, परेड में शामिल होने आए किम जोंग के पीछे-पीछे चल रही एक किशोरी ने अनायास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। पता चला कि यह किशोरी किम जोंग उन की करीब तेरह वर्षीय बेटी किम जू ऐ हैं। रहस्यों से भरे उत्तर कोरियाई तानाशाह 'किम' परिवार के बारे में जानने की उत्सुकता तो हर किसी की रहती है, लेकिन फिलहाल लोग किम जू ऐ के बारे में जानना चाह रहे हैं और उनके बारे में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## इमरान खान ने सेना प्रमुख पर बोला हमला

### कहा: मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे, अघोषित मार्शल लॉ लागू

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर करारा हमला बोला है। उन्होंने जेल से कहा कि मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे हैं ताकि अपनी हुकूमत लंबे समय तक चला सकें। इमरान ने यह भी दावा किया कि इस समय देश पर अघोषित मार्शल ला थोप दिया गया है। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान इस समय जेल में बंद हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के चुनावों में धांधली करके शहबाज शरीफ की 'कठपुतली सरकार' बनाई गई। और अब आसिम मुनीर के इशारे पर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में इमरान खान ने कहा कि आज असीम मुनीर अपने शासन को बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो



**इमरान ने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की**

रहा है। जिन लोगों (मुनीर एंड कंपनी) ने जनादेश चुराया है, वे डरे हुए हैं। इसी डर के कारण हमारे खिलाफ अत्याचार बढ़ रहा है। इमरान ने आगे कहा कि मुझे और मेरी बीवी बुशरा को 'एकांत कारावास' में रखकर ये लोग चाहते हैं कि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। मुझे तोड़ने की इन लोगों की योजना का असली उद्देश्य यह है कि मैं अपनी विचारधारा छोड़ दूं और जनता की आवाज दबा दी जाए। आगे उन्होंने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की।

जब गृहयुद्ध के बाद पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बना था। इमरान खान ने कहा कि 1971 और आज के बीच एकमात्र अंतर यह है कि अब लोग ज्यादा जागरूक हैं। सोशल मीडिया के जरिए सभी तथ्य और जानकारी जनता के सामने रहती हैं। साथ ही लोगों ने अत्याचार के खिलाफ अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना सीख लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी ही यह दमनकारी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। साथ ही, इमरान खान ने सरदार अताउल्लाह मेंगल की पुण्यतिथि के अवसर पर बलूचिस्तान में आयोजित एक रैली में हुए बम विस्फोट की भी कड़ी निंदा की।

## रूस ने इंटरनेट ब्लैकआउट बढ़ने पर नया 'सुपर-ऐप' किया लांच

**मॉस्को।** रूस के मीडिया नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर द्वारा अगस्त के मध्य में लगाए गए नए प्रतिबंधों का लाखों रूसी नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है। ये प्रतिबंध रूस में सबसे लोकप्रिय मैसेजिग एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए की जाने वाली कॉल पर लगाए गए हैं। बीबीसी के मुताबिक इसी समय रूसी फर्म ने मैक्स नाम से एक नए राष्ट्रीय मैसेंजर एप को लांच किया है, जिसे क्रेमलिन नियंत्रित करता है। यदि देश में व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की आंकड़ों की बात करें तो कुल 14-30 करोड़ की आबादी में से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या क्रमश: 9-7 और नौ करोड़ होने का अनुमान है।

# फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा



**मुंबई।** रिलैक्सो फुटवेयर्स लिमिटेड के मशहूर फैमिली फैशन फुटवेअर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही, ब्रांड ने त्यौहार और शादी के सीजन के लिए नई डिजाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है, जिससे लोग हर मौके पर स्टाइलिश अंदाज अपना सकें। फ्रलाइट ने इस ऐलान के साथ ही एक जबरदस्त 360-डिग्री मार्केटिंग कैंपेन भी शुरू किया है, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और स्टाइल के साथ आगे बढ़ने के संदेश को सामने लाता है।

सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्रलाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्लाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है। सान्या मल्होत्रा ने कहा कि मुझे फ्रलाइट परिवार का हिस्सा बनकर सचमुच बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि यह ब्रांड उन सब बातों को दर्शाता है, जिन पर मैं भरोसा करती हूं, जैसे कि आत्मविश्वास, आराम और अपनी राह खुद चुनना। ब्रांड की टैगलाइन सर उठा कदम बढ़ा आगे बढ़ने के जज्बे और अपनी पहचान के साथ जीने की बात करता है। यही वो बातें हैं, जो मुंबई आने से लेकर अभिनेत्री बनने तक की मेरी अपनी यात्रा से गहराई से जुड़ती हैं।

**सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्लाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्रलाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है।**



# युवा दिलों की धड़कन 'सैयारा' ने पूरे किए 50 दिन

**मुंबई।** यशराज फिल्मस यानि वाईआरएफ के बैनर तले बनी फिल्म सैयारा ने सिनेमाघरों में प्रदर्शन के 50 दिन पूरे कर लिए हैं। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी और वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी निर्मित सैयारा, 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्या की मुख्य भूमिका है। अहान और अनीता की रोमांटिक केमिस्ट्री को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर भारतीय बाजार में 330 करोड़ की कमाई की है। फिल्म सैयारा के रिलीज के 50 दिन पूरे हो गए हैं। फिल्म सैयारा के 50 दिन पूरे होने की खुशी में अनीत पड्या और अहान पांडे ने कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज के साथ दोनों ने लिखा, आज उस फिल्म के 50 दिन पूरे हो गए हैं जिसने हमें दुनिया के सामने लाया और दुनिया को हमारे सामने। जो प्यार हमें मिला वो प्रकृति के इस नियम को सच साबित करता है कि अगर आप करिश्में में विश्वास रखते हैं, यदि आप उसे महसूस करते हैं, तो दुनिया भी इसे आप के साथ महससू करने लग जाती है। हमारे लिए यह एक ऐसा समय है जब हम बस अपनी आंखें बंद करते हैं और हमें सिर्फ आप ही नजर आते हैं। हमारी तरह फिल्म को बिना जज किए देखने के लिए शुक्रिया-हमें एक अवसर देने के लिए शुक्रिया। हमें यह एहसास दिलाने के लिए शुक्रिया कि ईमानदारी और प्यार दुनिया में किसी भी और चीज से ज्यादा पावरफुल होते हैं, यही एक ऐसी खूबसूरत चीज है जिसे हम आप लोगों के साथ आगे लेकर जाना चाहेंगे।

# कंतारा: चैप्टर 1 की दिखी दमदार झलक

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने अपनी आने वाली फिल्म कंता. रा: चैप्टर 1 से दमदार झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। होम्बले फिल्म्स की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्म कंतारा: चैप्टर 1 इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक मानी जा रही है। कंतारा, वर्ष 2022 में प्रदर्शित हुई थी। यह फिल्म साल की सबसे सफल फिल्म बनने के साथ बॉक्स ऑफिस पर स्लीपर हिट बन गई। अब दर्शक बेसब्री से इसके प्रीक्वल को सिल्वर स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। मेकर्स ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कंतारा: चैप्टर 1 की एक झलक शेयर की है, जिसमें ऋषभ शेट्टी का इंटेंस अवतार देखने लायक है। इस पोस्ट के जरिए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज में बचे सिर्फ 27 दिनों का काउंटडाउन शुरू कर दिया है और साथ ही एक दिलचस्प अपडेट आने की तरफ भी इशारा किया है, बीते समय की पवित्र गूंज 2 अक्टूबर 2025 को पूरी दुनिया में गूंजेगी। होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। होम्बले



फिल्म्स 2022 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म की विरासत को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मेकर्स ने कंता. रा: चैप्टर 1 के लिए नेशनल और इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट के साथ एक बड़ा वॉर सीक्वेंस तैयार किया है, जिसमें 500 से जडादा कुशल फाइटर्स और 3,000 लोग शामिल हैं। यह सीक्वेंस 25 एकड़ में फैले एक पूरे शहर में, ऊबड़-खाबड़ इलाके में 45-50 दिनों के दौरान फिल्माया गया था, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़े सीक्वेंसेज में से एक बनाता है।यह फिल्म 2 अक्टूबर को दुनिया भर में कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी।

# सोनम ने ज़ोया ज्वैल्स के नए कलेक्शन में बिखेरा जलवा



**हैदराबाद।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने जोया ज्वेल्स के नए कलेक्शन व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली में जलवा बिखेर दिया। टाटा ग्रुप के लग्जरी ब्रांड घेया ने हैदराबाद में अपने प्रतिष्ठित व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली कलेक्शन का अनावरण किया। इस मौके पर ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर के साथ टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ अजॉय चावला मौजूद रहे। ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने राहुल मिश्रा कूचर का शानदार गाउन पहना था और जोया के नवीनतम कलेक्शन के स्प्रिंग सांग चोकर और इयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया। बर्फ की शांति और सेबों की हरियाली की झलक लिए ए ज्वेल्स सोनम के ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारते नजर आए।

# मेधावी विमल ने जीता मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 अवार्ड

**नोएडा।** ग्रांड फिनाले मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 का आयोजन 12 जुलाई 2025 को द लीला एम्बीपेंश होटल गुरुग्राम में किया गया। इससे पूर्व हजारों की संख्या में ऑडिशन्स हुए, 1152 प्रतिभागियों जो कि इंडिया व विदेश से थे इस प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित हुए।

इनमें से डा. मेधावी विमल सिंह को उनकी ग्रेस कान्फिडेंस व पर्सनेलिटी के लिए मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 मेगनीफिसेंट पुरस्कार से नवाजा गया। डा. मेधावी विमल ने एमबीबीएस व एमडी की शिक्षा दिल्ली से प्राप्त की है। वह श्याम लाल विमल, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारी विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अनीता विमल जोकि एक कुशल होम मेकर हैं की पुत्री हैं। इनके पेरेंट्स वर्तमान में ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। इनकी शादी वर्ष 2019 में प्रशांत सिंह आईआरएसई अधिकारी के साथ हुई। इस समय वह चार साल की नितिशा की मां हैं। इनकी स्कूली शिक्षा उप्र से व उच्च शिक्षा दिल्ली से हुई है। वर्तमान में वह अपने पति के साथ अहमदाबाद गुजरात में रहती हैं। यह प्रतिस्पर्धा शो ग्लेमर गुरुग्राम जिसके हेड मिसेज बरखा व अभिषेक हैं, द्वारा कराया गया।







# सीमा पाहवा से ट्रेनिंग ले रही हैं निर्मित कौर अहलूवालिया



**मुंबई।** अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने शिक्षक दिवस के मौके पर दिग्गज अभिनेत्री और निर्देशक सीमा पाहवा के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। निमृत इस समय सीमा पाहवा के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखार रही हैं। आने वाली एक अनटाइटल्ड फिल्म में, जिसे सीमा पाहवा निर्देशित कर रही हैं, निर्मित को उनसे सीखने और अभिनय की बारीकियों को समझने का मौका मिल रहा है।

अपने अनुभव साझा करते हुए निर्मित ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे सीमा पाहवा मैम के निर्देशन और मार्गदर्शन में काम करने का मौका मिला। वह न सिर्फ बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि एक शानदार टीचर भी हैं, जो अपने छात्रों से उनका बेस्ट निकलवाना जानती हैं। इस प्रोजेक्ट के दौरान मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा, चाहे वह किरदार की गहराई समझना हो, परफॉर्मेंस में ईमानदारी लाना हो, या फिर यह देखना कि वह हर सीन को कितनी गंभीरता और बारीकी से अप्रोच करती हैं। उन्होंने मेरी सोच को और गहरा किया है और मुझे बतौर आर्टिस्ट निखारा है।

सबसे खास बात जो मैंने उनसे सीखी है, वह यह कि वह आपको अपनी सच्चाई खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, न कि केवल उनके बताए अनुसार चलने के लिए। मेरे लिए सीमा मैम सिर्फ डायरेक्टर या मेंटर नहीं बल्कि एक प्रेरणा और मार्गदर्शक हैं। शिक्षक दिवस के मौके पर मैं दिल से उनका धन्यवाद करना चाहती हूं कि वह मेरी इस यात्रा का इतना अहम हिस्सा बनीं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108